www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -14 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




गांधीनगर सीट से अमित शाह ने भरा नामांकन 02
■ नाबालिग के अपहरण व हत्या के आरोप में छह गिरफ्तार
■ लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार 03
■ इजरायल परमाणु स्थलों पर हमला करता है तो...
■ दुबई सहित विभिन्न मार्गो से व्यापार करने पर ... 07
अमेठी से तीसरी बार नामांकन करेंगी स्मृति... 09

## लोकसभा के पहले चरण का मतदान संपन्न

# त्रिपुरा में सर्वाधिक 80.17 फीसदी मतदान

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की अट्ठारहवीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को 102 सीटों के लिए हुए मतदान में 62 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 102 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625 उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो गया है। पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर मारपीट की खबरें भी सामने आई।

■ 102 सीटों पर 62 फीसदी से अधिक मतदान
■ कई जगहों पर मारपीट की खबरें भी सामने आई

पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 80.17 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.17 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 69.13 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 74.21 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 72.10 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुडुचेरी में एक सीट पर 73.50 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 64.77 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 67.15 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 69.47 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.91 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.23 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 58.49 प्रतिशत, वोट डाले गए।

### पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर 77.57 फीसदी वोट पड़े



### सपा ने लगाई शिकायतों की झड़ी

*__लखनऊ।__ समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया मंच से चुनावों को लेकर शिकायतों की झड़ी लगा दी। पीलीभीत लोकसभा में समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों ने प्रशासन पर परेशान करने का आरोप लगाया है। सपा ने कैराना लोकसभा की बूथ संख्या 94 पर मतदाताओं को मतदान करने से रोकने का पीठासीन अधिकारी पर आरोप लगाया। रामपुर लोकसभा की बूथ संख्या 164 पर ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना आई है। सहारनपुर लोकसभा के नकुड़ के सरूरपुर तगा में बूथ संख्या 227 पर भी ईवीएम मशीन खराब होने की सूचना दी गई।*

### वोट देने पहुंची 91 साल की बुजुर्ग महिला



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर संसदीय क्षेत्र के गांधी कॉलोनी बारात घर मतदान केंद्र से लोकतंत्र की एक शानदार तस्वीर सामने आई। एक 91 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरोज वाला शर्मा वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची। उन्होंने कहा कि देश की खुशहाली के लिए मतदान जरूरी है।

### मणिपुर में ईवीएम तोड़ी



वोटिंग के बीच मणिपुर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिलीं। नॉर्थ ईस्ट के राज्य में बवाल का आलम यह था कि वहां फायरिंग और हंगामे के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को तोड़कर फेंक दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना से जुड़े कई वीडियो पर सामने आए, जो कि देखते ही देखते वायरल हुए।

#### खड़गे ने प्रधानमंत्री को घेरा, बोले

## मोदी ने पूरा नहीं किया एक भी वादा



**किशनगंज,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के चुनावी मैदान में शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी उतर गए। खड़गे ने किशनगंज के बहादुरगंज स्थित लोहागाड़ा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 2014 का चुनाव हो या 2019 का चुनाव, जितने भी वादे किए गए थे, एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। मोदी जी झूठों के सरदार हैं। यह चुनाव जम्हूरियत को बचाने के साथ-साथ संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने आगे कहा कि कोई हिंदू के नाम पर तो कोई मुसलमान के नाम पर आप को भड़काने की कोशिश करेगा, लेकिन आपको गुमराह नहीं होना है। अगर आप गुमराह होते हैं तो ये लोग संविधान बदल देंगे। आज राजद, सीपीएम, सीपीआई, कांग्रेस सभी एकजुट होकर मोदी सरकार के खिलाफ लड़ रहे हैं। बता दें कि किशनगंज लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के मोहम्मद जावेद और जदयू के मुजाहिद आलम के बीच है। पिछले चुनाव में यहां से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने बड़ी जीत हासिल की थी।

### अगर मैं अयोध्या जाता तो क्या उन्हें बर्दाश्त होता : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारत में आज भी अनुसूचित जाति के लोगों से भेदभाव हो रहा है। खड़गे ने बीजेपी सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपमानित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दोनों को इसलिए अपमानित किया गया क्योंकि वे आदिवासी और दलित समुदाय से आते हैं। एक कार्यक्रम में खड़गे ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया, वहीं कोविंद को नई संसद का शिलान्यास नहीं करने दिया गया। खड़गे ने मोदी के आरोपों के जवाब में यह बात कही।

## सार संक्षेप

### वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी होंगे अगले नौ सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के अगले नौ सेना प्रमुख होंगे। वे मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल हरिप्रसाद की जगह लेंगें,जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। फिलहाल दिनेश कुमार त्रिपाठी अभी नौसेना के उपप्रमुख हैं। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के अगले नौसेना प्रमुख होंगे।

### विदिशा सीट से शिवराज सिंह ने दाखिल किया नामांकन



**रायसेन।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी, चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह, सांसद रमाकांत भार्गव उपस्थित रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले रैली निकाली गई, जो बस स्टैंड से शुरू होकर माता मंदिर पहुंची, जहां शिवराज ने पूजा अर्चना की और उसके बाद नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर एक जनसभा भी हुई।

### पीडीपी ने श्रीनगर में जारी किया घोषणापत्र



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। मुफ्ती ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पानी की व्यवस्था, वेस्ट मैनेजमेंट, यातायात, सड़क, बिजली व्यवस्था में सुधार आदि मुद्दों का उल्लेख किया।

#### इजराइल-ईरान संघर्ष के बीच एयर इंडिया का फैसला

## एयर इंडिया ने तेल अवीव की सभी उड़ानों को 30 तक रोका

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने तेल अवीव की अपनी सभी उड़ानों को 30 अप्रैल तक रोक दिया है। एयर इंडिया ने एक पोस्ट कर इस फैसले की जानकारी दी है।




■ विदेश मंत्रालय भी जारी कर चुका है एडवाइजरी

एयर इंडिया ने अपने पोस्ट में कहा कि मध्यपूर्व की स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों को हमने 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित कर दिया है। स्थिति पर हमारी नजर है। हम अपने उन यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो पहले ही तेल अवीव आने-जाने के लिए बुकिंग कर चुके हैं। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने भी यात्रा सलाह जारी की थी। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें। विदेश मंत्रालय ने उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इस्राइल में रह रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। इसके अलावा, भारत ने अपने यहां के मजदूरों को इजराइल भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। अप्रैल-मई में छह हजार निर्माण मजदूरों को इजराइल भेजने की योजना थी।

## 'जेल में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन'

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है।



■ आप नेता बोले, डाइट चार्ट पर झूठ बोल रही ईडी
■ केजरीवाल के साथ हो रहा आतंकियों जैसा व्यवहार

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि भरतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्य पद्धति और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड्यंत्र रच सकते हैं। श्री केजरीवाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर कह सकता हूं कि उनके खिलाफ गहरी साजिश रची गई है और जेल में उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई जाती है। श्री सिंह ने कहा कि जेल के नियमों के मुताबिक किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को किस आधार पर श्री केजरीवाल के झूठे डाइट चार्ज को मीडिया में प्रचारित करवाया। इसके पीछे क्या साजिश है? क्या जेल प्रशासन से मिलकर ईडी श्री केजरीवाल को किसी बहाने जहर देकर मारने की साजिश कर रहे हैं।

#### केजरीवाल के जीवन से खिलवाड़ हो रहा

उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों से श्री केजरीवाल शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। किसी भी शुगर के मरीज के लिए इंसुलिन बहुत महत्वपूर्ण दवा होती है। अगर समय पर उसे इंसुलिन न दी जाए तो उसकी जान जा सकती है। प्रधानमंत्री और भाजपा के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### केजरीवाल ने ईडी के दावे का किया खंडन

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दावे को गलत बताया कि वे चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए अपने शुगर लेवल को बढ़ाने के लिए आम खा रहे हैं। उन्होंने कहा घर से जेल भेजे गए 48 बार के भोजन में से केवल तीन आम भेजे गए वह भी गोलियों के रूप में। केजरीवाल के वकील ने कहा कि ईडी ट्रायल कोर्ट के सामने इस तरह की हास्यास्पद दलीलें देकर ओछी हरकत कर रहा है।

## बसपा ने छठी सूची में 11 उम्मीदवार घोषित किए

**लखनऊ,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी ने वाराणसी और फिरोजाबाद में अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं। वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह अब सैयद नेयाज अली (मंजू भाई) और फिरोजाबाद में सत्येंद्र जैन सौली की जगह पूर्व मंत्री चौधरी बशीर चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि कई शादियां करने की वजह से चौधरी बशीर खासे विवादित रह चुके हैं।



■ वाराणसी व फिरोजाबाद के प्रत्याशी बदले

इसके अलावा हरदोई से पार्टी ने एमएलसी भीमराव अंबेडकर को टिकट दिया है। भीमराव अंबेडकर का एमएलसी का कार्यकाल 5 मई को समाप्त हो रहा है। वहीं संतकबीरनगर में बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी बनाया गया है। मछलीशहर से पंजाब काडर के रिटायर्ड आईएएस कृपाशंकर सरोज को टिकट मिला है। सीतापुर में बिसवां से पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र सिंह यादव को टिकट मिला है। पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी आपत्तिजनक फोटो वायरल होने के बाद टिकट कट गया था। इसी तरह फतेहपुर में मशहूर चिकित्सक डॉ. मनीष सिंह सचान को मिला है। महराजगंज में मोहम्मद मौसमे आलम, मिश्रिख में बीआर अहिरवार, भदोही में अतहर अंसारी और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया गया है।

### 63 टिकट दे चुकी बसपा

बता दें कि बसपा अब तक 63 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, जिसमें 18 मुस्लिम हैं। शुक्रवार को जारी सूची में भी पांच मुस्लिमों को टिकट मिला है। हालांकि पार्टी ने वाराणसी में पहले मुस्लिम नेता को ही मौका दिया था। वहीं फिरोजाबाद में अब मुस्लिम कार्ड खेलने का फैसला लिया है।

## किसानों का रेल रोको आंदोलन तीसरे दिन भी जारी

**अंबाला,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। अपने साथी किसानों की रिहाई के लिए अंबाला में शुक्रवार को तीसरे दिन भी किसानों ने रेल रोको आंदोलन जारी रखा। किसान रेलवे ट्रैक पर बैठ गए जिससे ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा।

■ तीन दिन में 139 ट्रेनों को रद्द किया गया
■ साथी किसानों की रिहाई की कर रहे मांग

रेल रूट बंद होने की वजह से तीन दिन में 139 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, वहीं 170 से अधिक ट्रेनों के रूट बदल दिए गए। रेल अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर किसानों का प्रदर्शन यूं ही जारी रहा, तो जम्मू-कश्मीर से आने वाले कई महत्वपूर्ण वस्तुओं की आमद में बाधा पैदा हो सकती है। उधर, आंदोलनकारी किसानों का दो टूक कहना है कि जब तक जेल में बंद उनके साथी किसानों को रिहा नहीं किया जाता, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, किसानों के रेल रोको आंदोलन की वजह से आम लोगों को खासा दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को अपने अपने ट्रेन के इंतजार में घंटों स्टेशन पर बैठना पड़ रहा है। लोग छोटे-छोटे बच्चों के साथ स्टेशनों पर बैठने को मजबूर हैं। रेलवे अधिकारियों द्वारा इसकी शिकायत कई दफा की जा चुकी है, लेकिन उनका यही कहना है कि जब तक किसानों के प्रदर्शन पर रोक नहीं लगती, तब तक लोगों की समस्या सुलझेगी नहीं।

## महानदी में नाव पलटने से 7 की मौत, कई लापता

**भुवनेश्वर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा के झारसुगड़ा में महानदी में एक बड़ा हादसा हुआ है। पत्थर सेनी मंदिर के पास महानदी में नाव पलटने से 7 लोगों की डूब कर मौत हो गई। बताया गया है कि नाव में 50 से 60 लोग सवार थे। कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों और लापता व्यक्तियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान में जुटा हुआ है। पुलिस टीम के साथ बचाव दल भी पहुच गया है।



■ ओडिशा के झारसुगड़ा की है घटना

#### चुनाव — *नक्सलियों का सबसे बड़ा गढ़ था बूढ़ा पहाड़*

## बूढ़ा पहाड़ में 35 साल बाद ईवीएम पर अंगुलियां रखेंगे वोटर

**गढ़वा, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के जिस बूढ़ा पहाड़ इलाके में नक्सलियों की हुकूमत चलती थी, वहां करीब 35 साल बाद हजारों वोटर पहली बार ईवीएम के बटन पर अंगुलियां रखेंगे। शुक्रवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने खुद बाइक पर मीलों का सफर तय कर इस इलाके का दौरा किया और यहां चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया।**

यह इलाका आज भी इतना दुर्गम है कि यहां तक सवारी गाड़ियां नहीं पहुंचतीं। एक तरफ झारखंड और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ को बांटने वाला बूढ़ा पहाड़ माओवादी नक्सलियों का सबसे बड़ा और सबसे सुरक्षित पनाहगाह रहा है। उन्होंने बारूदी सुरंगों और हथियारबंद दस्तों के साथ इलाके की इस तरह घेराबंदी कर रखी थी कि पुलिस और सुरक्षाबलों के लिए यहां पहुंचना मुश्किल था। यहां रहने वाली तकरीबन 20 हजार की आबादी नक्सलियों का हर हुक्म मानने को मजबूर थी। ऐसे में उनके लिए भला क्या चुनाव और क्या वोट ! लेकिन, इस बार पूरे इलाके में बदलाव की सुखद बयार है। सुरक्षा बलों और पुलिस की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन ऑक्टोपस' की बदौलत पूरे 32 सालों के बाद 2022 के अगस्त-सितंबर महीने में बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से आजाद करा लिया गया। नक्सलियों को खदेड़ने के बाद 16 सितंबर, 2022 को इस पहाड़ पर पहली बार एयरफोर्स का एमआई हेलीकॉप्टर उतारा गया था और तभी एक तरह से बूढ़ा पहाड़ में 'नई आजादी' का ऐलान हुआ था। इलाके में सुरक्षाबलों की कुल 40 कंपनियों की तैनाती है। 55 वर्ग किलोमीटर में फैले और झारखंड के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के जंगलों से घिरे पहाड़ और उसके आस-पास के गांवों के लोगों की जिंदगी पिछले डेढ़ वर्षों में काफी बदल गई है। यहां के बच्चे पुलिस और सुरक्षाबलों की ओर से चलाई जाने वाली सामुदायिक पाठशालाओं में पढ़ाई करते हैं।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तैयारियों का जायजा लिया

झारखंड में पहाड़ का जो हिस्सा आता है, वह दो संसदीय क्षेत्रों में बंटा है- पलामू और चतरा। पलामू लोकसभा क्षेत्र में आने वाले गांवों के लोग 13 मई और चतरा के अंतर्गत आने वाले इलाके के लोग 20 मई को वोट डालेंगे।

# देश

**उवाच** “ नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में राहुल गांधी जांच के घेरे में हैं, इसीलिए वह भ्रष्ट लोगों को बचा रहे थे और परिवारवाद की राजनीति कर रहे थे और तुष्टिकरण की राजनीति उनकी पहचान है।

-जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 32.0 |
| मुंबई | 32.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 37.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 30.0 |

# लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओं में दिखा अनोखा उत्साह



- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी की सुनिश्चित
- बिहार की चार लोकसभा सीटों पर हुआ 48.23 फीसदी मतदान
- 2019 की तुलना इस बार पांच प्रतिशत कम वोटिंग
- चूल्हा-चौका छोड़कर अपने-अपने मतदान केंद्रों तक महिलाओं ने किया मतदान

**पटना,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार की चार लोकसभा सीटों पर चल रहा मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। पहले चरण के मतदान में औरंगाबाद, गया (सु), नवादा और जमुई (सु) संसदीय सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ था। भीषण गर्मी और लू के बीच बड़ी संख्या में मतदाता कतार में लगकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शाम 4 बजे तक ही मतदान करने की इजाजत थी। जबकि सामान्य बूथों पर शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक शाम 6 बजे तक बिहार की 4 सीटों पर कुल 48.23 फीसदी वोट पड़े। औरंगाबाद में शाम 6 बजे तक 50 फीसदी, गया में 6 बजे तक 52 प्रतिशत, नवादा में 6 बजे तक 41.50 फीसदी और जमुई में शाम 6 बजे तक 50 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। शाम 6 बजे तक बिहार की इन चारों सीटों पर कुल 48.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पिछले चुनाव की तुलना इस बार 5 फीसदी वोटिंग कम हुई है। बात 2019 के लोकसभा चुनाव की करे तो पांच साल पहले जमुई में 55.21 फीसदी वोट पड़े थे जबकि इस बार 50 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। वही बात नवादा की करे तो 2019 में 49.33 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2024 में 41.50 फीसदी वोटिंग हुई। गया में 2019 में 56.16 फीसदी मतदान हुआ था लेकिन इस बार गया में 52 फीसदी मतदान हुआ। वही औरंगाबाद में 2019 के लोकसभा चुनाव में 53.63 फीसदी मतदान हुआ था जो इस बार 50 फीसदी पर ही अटक गया। 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना 2024 के चुनाव में 5 फीसदी कम मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक शाम 5 बजे तक बिहार की चार सीटों पर कुल 46.32 फीसदी वोट पड़े हैं। औरंगाबाद में शाम 5 बजे तक 49.95 फीसदी, गया में 5 बजे तक 48.54 प्रतिशत, नवादा में 5 बजे तक 40.02 फीसदी और जमुई में शाम 5 बजे तक 47.09 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। शाम 5 बजे तक बिहार की इन चारों सीटों पर कुल 46.32 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे तक बिहार की चार लोकसभा सीटों पर 16.63 फीसदी वोट पड़े थे। औरंगाबाद में सुबह 11 बजे तक 15.04 , गया में 11 बजे तक 14.50 , नवादा में 17.65 और जमुई में 19.33 फीसदी मतदान हुआ था। सुबह 11 बजे तक कुल वोट प्रतिशत 16.63 दर्ज किया गया था। बता दें कि बिहार में शुक्रवार को चार लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म हो गया। इस दौरान जमुई, गया, औरंगाबाद और नवादा में मतदान केंद्र पर लंबी कतारें देखने को मिली। इन सीटों पर करीब छह हजार बूथ संवेदनशील बूथ की श्रेणी में शामिल थे। यहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए थे। बिहार की चार लोकसभा सीटों पर कुल 38 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जमुई में चिराग पासवान की पार्टी से उनके जीजा अरुण भारती और आरजेडी की अर्चना रविदास के बीच सीधी टक्कर दिख रही थी। वहीं, गया में एनडीए से जीतनराम मांझी और आरजेडी के कुमार सर्वजीत के बीच मुख्य मुकाबला देखने को मिला। वहीं नवादा में भाजपा के विवेक ठाकुर और आरजेडी के श्रवण कुशवाहा आमने-सामने थे। औरंगाबाद से बीजेपी के सुशील सिंह और आरजेडी के अभय कुशवाहा के बीच सीधी टक्कर थी। वहीं सभी सीटों पर कई निर्दलीय उम्मीदवार भी ताल ठोकते दिखे। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में औरगाबाद विधानसभा के नेहुटा गांव स्थित बूथ संख्या 97 पर मात्र तीन वोट ही कास्ट हो पाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास से यह गांव कोसो दूर है और मूलभूत सुविधाओं से भी यह वंचित हैं।

## तीन फीट के मतदाता ने दिया वोट



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बालाघाट लोकसभा के कटंगी विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन मतदान केंद्र पर 28 साल के शैलेंद्र बिसेन ने पिता लिखनलाल बिसेन के साथ पहुंचकर मतदान किया। शैलेंद्र की हाइट तीन फीट है, लेकिन उन्होंने मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। शहडोल लोकसभा अंतर्गत अनूपपुर जिले के मतदान केंद्र क्रमांक 205 सिवनी (जैतहरी) में 22 साल के दिव्यांग युवा मतदाता उमेश कुमार राठौर ने मतदान कर खुशी जाहिर की। डिंडौरी जिले के मतदान केंद्र क्रमांक 157 बौना में बैगा जनजाति की महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने स्थानीय बोली में गीत गाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

# जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्वक माहौल में प्रथम चरण का मतदान संपन्न



■ सुरेश एस डुग्गर

■ उधमपुर लोस सीट पर 12 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद

**जम्मू,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। हालांकि उधमपुर लोकसभा सीट पर दोपहर तीन बजे तक 57.09 प्रतिशत मतदान हुआ था लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र में कई नजारे देखने को मिले थे। कहीं सबसे पहले मतदान करने को वे नवविवाहित जोड़े पहुंचे थे जो या तो कन रात को शादी के बंधन में बंधे थे या फिर जो आज शांदी के बंधन में बंधने जा रहे थे। यही नहीं पहली बार मतदान करने वालों की भी खासी भीड़ थी। सबसे ज्यादा मतदान जिला कठुआ की जसरोटी विस सीट पर 62.03 फीसदी वोटिंग हुई है। पहली बार मतदान करने के लिए पहुंच रहे युवाओं में उत्साह देखने को मिला था। 2019 के लोकसभा चुनावों में उधमपुर सीट पर 70.2 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया है कि कुल 84,468 संभावित पहली बार मतदाता हैं, जिनकी आयु 18-19 वर्ष है, जिनमें से 45,825 युवक, 38,641 युवतियां और दो थर्ड जेंडर शामिल हैं। निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में बुजुर्ग आबादी भी है, जिसमें 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 12,020 पुरुष और 13,612 महिलाएं हैं। कुल मिलाकर 25,632 अनुभवी मतदाता चुनावी प्रक्रिया में योगदान दिया था। उधमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के छह संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह निर्वाचन क्षेत्र 20,230 वर्ग किलोमीटर पर्वतीय हिमालयी क्षेत्र को कवर करता है, और यह इसराइल के आकार के बराबर है और भौगोलिक क्षेत्र के मामले में सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। किश्तवाड़, डोडा, उधमपुर और कठुआ के चार जिलों से 17 विधानसभा क्षेत्र हैं जो उधमपुर लोकसभा क्षेत्र बनाते हैं।

### पोलिंग बूथ पहुंच नवविवाहित जोड़े ने किया मतदान

उधमपुर में एक नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद सीधे पोलिंग बूथ पहुंचा और वोट डाला था। वोटिंग के बाद दुल्हन ने कहा कि उसे खुशी है कि उसके पति ने देश और समाज के बारे में सोचा। कठुआ के पोलिंग बूथ पर भी एक नवविवाहित जोड़ा पहुंचा और मतदान किया। कठुआ के पारलीबंड पोलिंग स्टेशन पर भी लोकतंत्र के महापर्व की सबसे शानदार तस्वीर दिखाई दी। यहां गुरुवार को शादी के बंधन में बंधे असीम मगोत्रा और वैशाली ने शादी के सात फेरे लेने के बाद शादी के मंडप से सीधा मतदान केंद्र का रुख किया। दूल्हा और दुल्हन शादी के जोड़े में सीधा मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मतों का प्रयोग किया।

## मध्य प्रदेश के शहडोल में 100 प्रतिशत मतदान कर चंदनिया खुर्द के मतदाताओं ने रचा इतिहास



**भोपाल।** शहडोल लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के अंतर्गत शुक्रवार को शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम चंदनिया खुर्द ने 100 प्रतिशत मतदान कर इतिहास रचा है। चंदनिया खुर्द के 100 प्रतिशत मतदाताओं ने अपनी लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाई है। वहीं छिंदवाड़ा में शाम छह बजे तक प्रदेश में 63.50 प्रतिशत मतदान हुआ। छिंदवाड़ा सीट पर सबसे ज्यादा 73.85 फीसदी तो सीधी में सबसे कम 51.56 प्रतिशत वोट पड़े। बालाघाट में 71.08 फीसदी, छिंदवाड़ा 73.85 फीसदी, जबलपुर 56.74 फीसदी, मंडला 68.96 फीसदी, शहडोल 60.40 फीसदी, सीधी में 51.56 फीसदी मतदान हुआ है। छिंदवाड़ा में बेहतर मतदान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मतदाताओं का आभार माना। उन्होंने एक्स पर लिखा कि लोकसभा चुनाव के मतदान में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए छिंदवाड़ा के सम्मानित मतदाताओं का हार्दिक अभिनंदन। आपके पांव के नीचे तपती जमीन और सिर के ऊपर आग उगलता हुआ सूरज था फिर भी आप लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने घरों से निकले। यही भावना संविधान को मज़बूत करती है। मेरा और आपका रिश्ता किसी चुनाव अभियान तक सीमित नहीं है बल्कि हम सब लोग पिछले 45 वर्ष से एक परिवार है। हमारा पारिवारिक रिश्ता इसी तरह मज़बूत रहेगा और हम सब मिलकर छिंदवाड़ा की खुशहाली का एक नया इतिहास लिखेंगे। मंडला के विधानसभा क्षेत्र बिछिया अंतर्गत मतदान केंद्रों में जनजातीय मतदाता अपनी पारंपरिक वेषभूषा में वोट डालने पहुंचे। बालाघाट लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बैहर विधान सभा के मतदान केंद्र क्रमांक 39 रमहेपुरा में जनजातीय महिलाओं ने उत्साह से किया मतदान। बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत साईटपाथोर के मतदान केंद्र क्रमांक-34 में दुल्हन ने विदाई से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। मंडला लोकसभा के विधानसभा बिछिया, मतदान केंद्र-237 में बुजुर्ग बैगा मतदाता छोटू सिंह और सुभिया बाई ने उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। मंडला लोकसभा के डिंडोरी में थर्ड जेंडर नाजनीन मौसी और प्रियंका ने उत्कृष्ट विद्यालय के मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने नौ ड्रग तस्करों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग और बारामूला जिलों में मादक पदार्थ के नौ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पांच थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाघामा बिजबेहारा के रहने वाले फिरोज अहमद राथर व ऐजाज अहमद मंटू नाम के दो लोगों को गिरफ्तार कर नौ किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया, जबकि नागम कोकरनाग के सुहैल अहमद डार और वॉटनार्ड कोकेरनाग के रेयाज अहमद मीर के कब्जे से 16.450 किग्रा भांग पाउडर बरामद किया गया।

### राहुल गांधी की सतना में जनसभा कल

**सतना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 21 अप्रैल को प्रदेश के सतना में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा 21 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र सतना और दमोह के कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आमसभा को संबोधित करेंगे। उसी दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गांधी सतना पहुंचेंगे और वहां कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पटवारी, यादव व तन्खा 21 अप्रैल को दोपहर 1 बजे सतना से हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 2 बजे खजुराहो पहुंचेंगे।

### मप्र में चौथे चरण के लिए अभ्यर्थियों ने भरा नामांकन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण के लिए चार अभ्यर्थियों ने 4 नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किए। अब तक 11 अभ्यर्थियों द्वारा 16 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के लिए दूसरे दिन 19 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-21 देवास (अजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र, क्रमांक-26 इंदौर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन-पत्र एवं क्रमांक-27 खरगौन (अजजा) में 1 अभ्यर्थी द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किया गया।

## गांधीनगर सीट से अमित शाह ने भरा नामांकन



**गांधीनगर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में शुक्रवार को गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र भरा। शाह ने विजय मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके लिए बड़ा गौरव का विषय है कि जिस सीट का प्रतिनिधित्व श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, जिस सीट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मतदाता हैं। उस सीट को प्रतिनिधित्व करने का मौका भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस सीट पर से 30 साल से विधायक, सांसद रहे हैं। यहीं से बहुत छोटे से बूथ के कार्यकर्ता से संसद तक पहुंचा हैं। इस क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपार प्रेम दिया है और मोदी के नेतृत्व में पहले मुख्यमंत्री के नाते और बाद में प्रधानमंत्री के नाते इस क्षेत्र में भाजपा की सरकारों ने ढेर सारे काम किए हैं। इस पांच साल के अंदर 22 हजार करोड़ से ज्यादा के विकास के कार्य गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हुए।

# भाजपा की कश्मीर में जमीन नहीं बची है : उमर अब्दुल्ला

## वर्ष 2019 के फैसले के बाद लोग गुस्से में हैं और अलग-थलग पड़ गए



जम्मू-कश्मीर में प्रॉक्सी उम्मीदवारों का समर्थन कर रही भाजपा : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कश्मीर में जमीन नहीं बची है इसलिए वह पीछे से हालात की कमान संभाल रही है।

अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाल के बयान से साफ पता चलता है कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद भाजपा लोगों का दिल नहीं जीत सकी है। अगस्त 2019 के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। अब गृह मंत्री बोल रहे हैं कि हम पहले लोगों का दिल जीतेंगे और बाद में उम्मीदवार उतारेंगे। उन्होंने कहा कि इसका सीधा मतलब है कि वह जम्मू-कश्मीर के लोगों का दिल जीतने में असफल रहे हैं। वर्ष 2019 के फैसले के बाद लोग गुस्से में हैं और अलग-थलग पड़ गए हैं।

### पीडीपी ने श्रीनगर में जारी किया घोषणापत्र



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें उन्होंने जनता से कई वादे किए और अपने इरादे बताए। मुफ्ती ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पानी की व्यवस्था, वेस्ट मैनेजमेंट, यातायात, सड़क, बिजली व्यवस्था में सुधार आदि मुद्दों का उल्लेख किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वह संसद में जाकर यहां के लोगों के मुद्दों को उठाना और उनका समाधान कराना चाहती हैं।

## महिलाओं का कभी भी सम्मान नहीं कर सकती भाजपा : रोहिणी आचार्य

### भाजपा नेताओं के लालू को किडनी नहीं देने के बयान पर किया पलटवार



**पटना/छपरा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बीच लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने पीएम मोदी को बड़ी चुनौती दे दी है। रोहिणी ने कहा कि बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि उन्होंने अपने पिता लालू प्रसाद को अपनी किडनी नहीं दी है। तो अब इसकी जांच पीएम मोदी को किसी भी केंद्रीय एजेंसी से करानी चाहिए। अगर मैं गलत साबित हुई तो राजनीति छोड़ दूंगी। दरअसल, छपरा में मीडिया से बातचीत के दौरान रोहिणी ने कहा कि बीजेपी कभी भी महिलाओं का सम्मान नहीं कर सकती। भाजपा वाले आरोप लगा रहे हैं कि मैंने अपने पिता को किडनी नहीं दी है। रोहिणी ने कहा कि पिता को किडनी देने के कारण देश और दुनिया में उनकी सराहना हो रही है। लोग कह रहे हैं कि बेटी हो तो रोहिणी जैसी। भाजपा के भी कई नेताओं ने प्रशंसा की है।

> ***अगर गलत साबित हुई तो राजनीति छोड़ दूंगी***
>
> *रोहिणी आचार्य ने कहा कि मैं भाजपा नेताओं और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देती हूं कि वे इस आरोप की जांच करा लें और चुनावी मंच से ही उस जांच रिपोर्ट की घोषणा करें। अगर मैं गलत साबित हुई तो हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगी।*

## जलालगांव के लोगों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**नैनीताल,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के जलालगांव के लोगों ने प्रशासन की बेरूखी के चलते आज मतदान में प्रतिभाग नहीं किया। ग्रामीणों ने चुनाव से दूरी बनाए रखी। जलाल गांव नैनीताल जिला मुख्यालय से मंगोली से मात्र 20 से 25 किमी की दूरी पर बसा है। यहां लगभग 250 से 280 मतदाता हैं। इस गांव को जोड़ने के लिए मंगोली से रौखड़ को जोड़ने वाला एकमात्र सड़क मार्ग है। सड़क का बुरा हाल है।

ग्रामीणों की एक मांग रही है कि चुनावों में उनके गांव में अलग पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए। ग्रामीण इस मांग को हर चुनाव से पहले प्रशासन से दुहराते आए हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उनकी ग्राम सभा भी अलग है लेकिन जिला प्रशासन लगभग पांच किमी दूर थापला ग्राम सभा में पोलिंग बूथ बना कर उन्हें भी हर चुनाव में थापला में मतदान करने को विवश करता आ रहा है। थापला और जलालगांव से के बीच की दूरी चार से पांच किमी है।

## कर्नाटक में छात्रा की हत्या को लेकर छिड़ा राजनीतिक विवाद

### सिद्दारमैया ने गहन जांच का दिया आश्वासन



**हुबली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के बीवीबी कॉलेज परिसर के अंदर 23 वर्षीय मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या से राज्य में राजनीतिक हलचल पैदा हो गई है।

इस घटना के बाद विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के बीच लव जिहाद के विवादास्पद मुद्दे पर तीखी बहस छिड़ गई है।

सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, नेहा पर गुरुवार को उसके एक परिचित फैयाज ने जानलेवा हमला किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शांति की अपील की और जनता को गहन जांच का आश्वासन दिया। फुटेज में फयाज को घटनास्थल से भागने से पहले नेहा पर कई बार चाकू हमला करते हुए देखा गया। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद नेहा ने दम तोड़ दिया। हालांकि, बाद में फैयाज को पुलिस ने पकड़ लिया।

**समीक्षा** *झारखंड में लोस क्षेत्र के गढ़वा में चुनावी तैयारियों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा, बोले*

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता व बहानेबाजी

**रांची, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगाएं और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाइयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।**

झारखंड के.रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद् करने का निदेश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निदेश दिया।



■ अवैध शराब की बिक्री व आवाजाही पर लगे पूर्ण प्रतिबंध : के.रवि कुमार

साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ऊताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था सुनिश्चित करें ऊर्जा ऊपानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रोंऊ पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई...
दुकानदार : बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊं ?
औरत : मेरी सास, जेठानी, ननद, पड़ोसन सब देख के जल जाए, ऐसी साड़ी दिखाओं मुझे !!

## कानून मंत्रालय करेगा नई आपराधिक न्याय प्रणाली पर सम्मेलन

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय न्याय संहिता को लेकर लोगों के बीच जारूकता पैदा करने के लिए खासकर कानूनी बिरादरी के बीच कानून और न्याय मंत्रालय आपराधिक प्रशासन में भारत का प्रगतिशील पथ शीर्षक से शनिवार को एक सम्मेलन कर रहा है। इसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड सहित कई अन्य विधि विशेषज्ञ भारतीय न्याय संहिता पर अपना मत रखेंगे।




सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश सहित कई अन्य विधि विशेषज्ञ भारतीय न्याय संहिता पर रखेंगे अपना मत

बता दें कि केंद्र सरकार ने संसद में विधेयक लाकर पुराने औपविनेशिक कानूनों को रद्द कर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए तीन नए कानून बनाए हैं। इन्हें भारतीय न्याय संहिता,2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के रूप में पुराने आपराधिक कानूनों भारतीय दंड संहिता,1860,आपराधिक प्रक्रिया संहिता,1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम,1872 की जगह अधिसूचित किया गया है। ये तीनों आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होने है। सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल,भारत के अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी नए कानूनों लेकर अपना पक्ष लोगों के बीच साझा करेंगें। सम्मेलन का उद्देश्य है कि तीनों आपराधिक कानूनों की मुख्य बाते लोगों के सामनें आए।

## नाबालिग के अपहरण व हत्या के आरोप में छह गिरफ्तार

### गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली में 14 वर्षीय लड़के का अपहरण और हत्या करने के बाद फरार चल रहे छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है।

आरोपियों की पहचान रोहिणी निवासी आयुष उर्फ भांजा (19), नरेला निवासी शिवांश उर्फ शिवा (19), बांकनेर निवासी मोहित उर्फ लाला (21) और एक 17 वर्षीय लड़के के रूप में हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी नरेला निवासी 14 वर्षीय लड़के विशाल के दिल्ली के बाहरी इलाके में मृत पाए जाने के कुछ दिनों बाद हुई। विशाल के पिता संजय ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि उनके बेटे का दीपक और प्रतीक नाम के दो व्यक्तियों ने अपहरण कर लिया और उसे बुरी तरह पीटा। बाहरी उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आरके सिंह ने कहा कि जांच के दौरान मोटा उर्फ दीपक नाम के एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में खुलासा किया कि उसने विशाल को दुकानदारों को बैटरी पहुंचाने के लिए काम पर रखा था। मोटा को विशाल और उसके दोस्त साहिल पर उसकी बैटरियां चुराने का शक था। 31 मार्च को दोपहर करीब 2 से 3 बजे मोटा और उसका दोस्त प्रतीक लापता बैटरियों के बारे में पूछने के लिए विशाल के घर गए। विशाल बांकनेर गांव में एक तालाब के पास उनसे मिलने के लिए तैयार हो गया। मुलाकात के दौरान मोटा और शिवांश ने विशाल से चोरी की गई बैटरियों के बारे में पूछताछ की। विशाल के दोस्त साहिल को भी तालाब पर बुलाया गया। पूछताछ के बाद मोटा और शिवांश ने साहिल के सामने विशाल को केबल से बेरहमी से पीटा। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद मोटा ने अपने अन्य दोस्तों मोहित, आयुष और एक नाबालिग को बुलाया। दोनों ने मिलकर विशाल का अपहरण कर लिया और उसे तब तक पीटते रहे जब तक वो बुरी तरह जख्मी नहीं हो गया।

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरोह को रसद समेत अन्य सामग्री पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने कटेवारा निवासी आरोपी सनी उर्फ प्रिंस के कब्जे से चोरी की सात बाइक भी बरामद की। इन्हें अपराध को अंजाम देने के लिए गिरोह के सदस्यों तक पहुंचाना था। पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल को बवाना इलाके में लॉरेंस बिश्नोई, काला राणा और कपिल मान गिरोह के सदस्य सनी के बारे में सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (बाहरी-उत्तर) रवि कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस ने जाल बिछाकर सनी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक लोडेड देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ करने पर, सनी ने बताया कि उसे कटेवारा में उसके गांव के अपराधियों ने बहकाया और बाद में वह हथियार रखने और डिलीवरी जैसी गतिविधियों में शामिल हो गया। डीसीपी ने कहा कि सनी गिरोह के सदस्यों को मोटरसाइकिल सहित रसद सहायता पहुंचाता था।



### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

**01083/01084 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 01083 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक (ट) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

चलने के दिन : 01083 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 20.04.2024 को तथा 01084 गोरखपुर से दिनांक 22.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**03415/03416 मालदा टाउन – लालकुआँ – मालदा टाउन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 03415 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 03416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:15 | मालदा टाउन | 23:45 | --- |
| 06:10 | 06:15 | वाराणसी | 09:40 | 09:45 |
| 19:05 | --- | लालकुआँ | --- | 21:05 |

चलने के दिन : 03415 मालदा टाउन से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तथा 03416 लालकुआँ से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : बड़हरवा, साहिबगंज जं., भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, बरेली, बरेली सिटी, इज्ज़तनगर एवं किच्छा स्टेशन।

**02396 आनंद विहार (ट)–धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 02396 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| आनंद विहार (ट) | --- | 19:20 |
| धनबाद | 16:45 | --- |

चलने के दिन : 02396 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता. एवं शयनयान
ठहराव : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, पहाड़पुर, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**09523/09524 ओखा – दिल्ली सराय रोहिल्ला – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | ओखा | 13:50 | --- |
| 10:20 | --- | दिल्ली सराय रोहिल्ला | --- | 13:20 |

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, विरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा जं., बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

**06071/06072 कोच्चुवेली – ह. निज़ामुद्दीन – कोच्चुवेली सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 13 फेरे

| गाड़ी सं. 06071 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 06072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:15 | कोच्चुवेली | 07:10 | --- |
| 20:40 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 04:10 |

चलने के दिन : 06071 कोच्चुवेली से तत्काल प्रभाव से दिनांक 31.05.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक तथा 06072 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 22.04.2024 से 03.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कोल्लम जं., कायमकुलम जं., चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै, काटपाडी जं., चित्तूर, तिरुपति, रेणिगुंटा जं., गूडूर जं., ओंगोल, विजयवाड़ा जं., वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**01667/01668 रानी कमलापति–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. – रानी कमलापति एक्स. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 01667 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01668 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 09:20 | रानी कमलापति | 15:35 | --- |
| 20:15 | 20:25 | लखनऊ | 04:50 | 04:55 |
| 23:45 | --- | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. | --- | 01:05 |

चलने के दिन : 01667 रानी कमलापति से दिनांक 22.04.2024 से 24.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तथा 01668 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : भोपाल, विदिशा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं अमेठी स्टेशन।

**09044 बरौनी जं. – बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09044 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| बरौनी जं. | --- | 10:20 |
| बाराबंकी जं. | 01:33 | 01:35 |
| बान्द्रा टर्मिनस | 07:05 | --- |

चलने के दिन : 09044 बरौनी जं. से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण, सूरत, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

**09016 भागलपुर–वलसाड विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09016 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| भागलपुर | --- | 05:00 |
| लखनऊ | 00:30 | 00:40 |
| वलसाड | 02:30 | --- |

चलने के दिन : 09016 भागलपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फर्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

**09032 गोरखपुर–वलसाड अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09032 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| गोरखपुर | --- | 05:00 |
| लखनऊ | 10:30 | 10:40 |
| वलसाड | 12:30 | --- |

चलने के दिन : 09032 गोरखपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फर्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

**09048 मालदा टाउन–उधना अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09048 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| मालदा टाउन | --- | 20:00 |
| बाराबंकी | 21:33 | 21:35 |
| उधना | 01:00 | --- |

चलने के दिन : 09048 मालदा टाउन से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : साहिबगंज ज., भागलपुर, सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण एवं सूरत स्टेशन।

**07031/07032 सिकंदराबाद – ह. निज़ामुद्दीन – सिकंदराबाद विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 07031 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 07032 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:45 | सिकंदराबाद | 06:30 | --- |
| 02:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 07031 सिकंदराबाद से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तथा 07032 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : काजीपेट, रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूरकागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा छावनी स्टेशन।

**07621/07622 हजूर साहिब नान्देड – ह. निज़ामुद्दीन – हजूर साहिब नान्देड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 07621 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 07622 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:45 | हजूर साहिब नान्देड | 00:35 | --- |
| 14:00 | --- | ह. निज़ामुद्दीन | --- | 21:40 |

चलने के दिन : 07621 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 20.04.2024 से 27.04.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 07622 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 21.04.2024 से 28.04.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पूर्णा, परभणी, सेलू, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**05583/05584 रक्सौल – आनंद विहार (ट) – रक्सौल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 05583 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05584 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:30 | रक्सौल | 05:30 | --- |
| 03:45 | 03:55 | मुरादाबाद | 13:00 | 13:10 |
| 07:15 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 09:00 |

चलने के दिन : 05583 रक्सौल से दिनांक 20.04.2024 को तथा 05584 आनंद विहार (ट) से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

**05537/05538 दरभंगा जं. – दौराई – दरभंगा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05537 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05538 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:15 | दरभंगा जं. | 06:50 | --- |
| 04:48 | 04:58 | सीतापुर जं. | 16:10 | 16:20 |
| 22:30 | --- | दौराई | --- | 23:45 |

चलने के दिन : 05537 दरभंगा जं. से दिनांक 04.05.2024 से 29.06.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 05538 दौराई से दिनांक 05.05.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन।

**08103/08104 टाटानगर जं. – वाराणसी जं. – टाटानगर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 08103 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08104 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:05 | टाटानगर जं. | 22:30 | --- |
| 08:00 | --- | वाराणसी जं. | --- | 09:30 |

चलने के दिन : 08103 टाटानगर जं. से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तथा 08104 वाराणसी जं. से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पुरूलिया जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम एवं पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सार संक्षेप

### आईआईसी में आज व कल विश्व नृत्य दिवस का आयोजन

**नई दिल्ली।** नृत्यांगना गीता चंद्रन संचालित कार्यक्रम नाट्य वृक्ष द्वारा विश्व नृत्य दिवस 20 और 21 अप्रैल, 2024 को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, में मनाया जाएगा। इस वर्ष का 17 वां संस्करण भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से विभिन्न नृत्य शैलियों, कार्यशालाओं, सेमिनार और चर्चाओं के एक मनोरम प्रदर्शन का वादा करता है। इस वर्ष का विश्व नृत्य दिवस समारोह संस्कृति मंत्रालय और भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर, इस शानदार कार्यक्रम की क्यूरेटर और नाट्य वृक्ष की संस्थापक, नृत्यांगना गीता चंद्रन ने कहा कि नाट्य वृक्ष का जन्म केवल नृत्य के प्रति प्रेम से नहीं हुआ था, बल्कि एक समूह बनाने की आवश्यकता से हुआ था। एक ऐसा स्थान जहां सभी शैलियों के नर्तक एक साथ आ सकती हैं, अपनी यात्राएँ साझा कर सकती हैं और एक दूसरे का समर्थन कर सकती हैं। यह बाधाओं को तोड़ने, युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और उन अविश्वसनीय कलाकारों का जश्न मनाने के बारे में है जिन्होंने इस कला के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है।

### महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव वर्ष शुरू




**नई दिल्ली।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2550वां निर्वाण महोत्सव वर्ष शुरू हो चुका है और यह वर्ष भगवान महावीर जी के निर्वाण को समर्पित है। इसके उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा सिक्के के गजट में एक सिक्के का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए कुछ लोगों ने आपत्ति जताई है लेकिन हमारा मानना यह है कि भगवान महावीर जी का निर्वाण पावापुरी में हुआ था इसलिए हम कहना चाहते है कि यह सिक्का का चिन्ह बिल्कुल उपयुक्त है। जैसा कि हम जानते हैं कि भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण पावापुरी में हुआ है सभी जैन संप्रदाय साधु भगवंत का मानना यही है कि जहां से भगवान निर्वाण गए हैं उसे निर्वाण स्थल का सभी भारतवासियों को पता लगे और जैसे कि यह सिक्का व डाक टिकट महावीर स्वामी के 2550 वें निर्वाण के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की निर्वाण स्थली का उल्लेख किया जाना चाहिए।

## कल दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ मनाएगा हिंदू नववर्ष




**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा 21 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हिंदू नववर्ष उत्सव मनाया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में अगर लोग अंग्रेजी का नया साल, क्रिसमस डे इत्यादी मनाते हैं तो लोगों को हिंदू नवर्ष को मनाना चाहिए और इसी को लेकर दिल्ली भाजपा हर साल हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी। पत्रकार सम्मेलन में मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल भी मौजूद थे।

करनैल सिंह ने कहा कि देश के 31 बड़े महामंडलेश्वर सहित 5000 से अधिक संत महात्मा इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी सहित 35000 से अधिक सनातनी इस कार्यक्रम में अलग अलग जगहों से आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा सहित कई केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

> लोग अंग्रेजी का नया साल, क्रिसमस डे मनाते हैं तो हिंदू नवर्ष भी मनाना चाहिए : प्रवीण शंकर कपूर

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति के बारे में आने वाले युवाओं को जागरुक करना और साथ ही एक संदेश लोगों के बीच पहुंचाना कि आखिर इसकी क्या महत्वता है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा जब एक छत के नीचे 35000 से अधिक लोग हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

## आयुर्वेद संस्थान में अनुसंधान प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में दो दिन तक चली संस्थानिक अनुसंधान समिति की मीटिंग में 50 अनुसंधान प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-प्राचार्य एवं संस्थानिक अनुसंधान समिति के चेयरमैन प्रोफेसर (डॉ.) एम बी गौड़ ने बताया कि आज पूरा विश्व आयुर्वेद की तरफ देख रहा है, आयुर्वेद चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। संस्थानिक अनुसंधान समिति की सदस्य सचिव डॉ. पूजा सभरवाल ने बताया कि बैच 2023-24 के स्नातकोत्तर अध्येताओं द्वारा किए जाने वाले अनुसंधान के प्रस्तावों को इस मीटिंग में रखा गया। समिति द्वारा उचित सुझाव देकर 50 अनुसंधान प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। डॉ. जयसिंह यादव ने बताया कि अब आगे इन 50 अनुसंधान प्रस्तावों को




■ दो दिन तक चली संस्थानिक अनुसंधान समिति की बैठक में लिया गया फैसला

जून में होने वाली संस्थानिक एथिक्स समिति की मीटिंग में रखा जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक ( शैक्षणिक) प्रो. भरत भोयर, प्रो. उन्नीकृष्णन, प्रो. एन आर सिंह, प्रो. अरुण गुप्ता, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सुभाष साहू, डॉ. रिजु अग्रवाल, डॉ. मंजू रानी, डॉ. ए एन तिवारी, डॉ. राकेश रोशन, डॉ. उमेश कुमार सपरा डॉ. तृप्ति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मानव एकता दिवस का आयोजन 24 को



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में 'मानव एकता दिवस' का आयोजन बुधवार 24 अप्रैल, 2024 को ग्राउंड नंबर 2, निरंकारी चौक, बुराड़ी में किया जाएगा। यह दिन युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है। इस कार्यक्रम में दिल्ली एवं आसपास के अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेते हुए सतगुरु के अमोलक प्रवचनों को भी श्रवण करेंगे। संत निरंकारी मण्डल के सचिव एवं समाज कल्याण विभाग के प्रभारी आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समूचे विश्व के विभिन्न स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की समाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | (1) टी0टी0आर0 (टी0डब्ल्यू0एस0+डब्ल्यू0सी0एम0एस0सी0) डी0एल0आई-बी0टी0आई सेक्शन पर सीनियर डी0ई0एन0-IV के सेक्शन में पीएससी स्लीपरों पर पॉइंट्स और क्रॉसिंग का पूरा नवीनीकरण हेतु कार्य (निविदा संख्या 01-W-IV-24-25)<br>(2) सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन जींद पानीपत खंड पर जींद में देवीलाल चौक के पास 3/6-4 किमी पर पैदल यात्रियों के लिए छत सहित एल0एच0एस0 का निर्माण हेतु कार्य। (निविदा संख्या 03-W-IV-24-25) |
| 2. | अनुमानित लागत | (1) Rs. 3,48,64,286.60 (2) Rs. 3,56,74,857.06 |
| 3. | धरोहर राशि | (1) Rs. 3,24,300.00 (2) Rs. 3,28,400.00 |
| 4. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 26.04.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे |
| 5. | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 01&03-डब्ल्यू-4-24-25
दिनांक:- 16.04.2024 1172/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

## चरण सिंह के सपनों को पूरा कर रही सरकार : योगी



**गाजियाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि पहली बार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर हम सबको गौरवान्वित किया है। इससे किसानों और ग्रामीणों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब का सपना था कि किसानों को सुविधा मिले। वहीं सपना भाजपा शासनकाल में पूरा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में ही किसानों के लिए 2700 करोड़ इसी वर्ष दे दिया गया है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को बागपत सीट से एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि किसानो को पीएम किसान सम्मान निधि, भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का काम मोदी ने किया है। साथ ही मोदी जी के नेतृत्व में आआईटी, डेवलपमेंट व अन्य क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। वर्ल्ड क्लास की सुविधा, इंफ्रास्ट्रक्चर, 14 लेन का एक्सप्रेस वे, रैपिड, मेट्रो, तेजी से बढ़ता इंफ्रास्ट्रक्चर नए भारत पहचान बन गई गया।

■ एनडीए के बागपत लोकसभा प्रत्याशी सांगवान के समर्थन में की जनसभा

उन्होंने कहा कि देश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। 12 करोड़ किसानों को पीएम सम्मान निधि मिल रही है। 7 करोड़ आयुष्मान कार्ड धारकों को चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। जब अच्छा नेता चुनते है अच्छी सरकार चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। उन्होंने पाकिस्तान पर कहा कि 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भुखमरी की कगार पर हैं। जबकि भारत में 80 करोड़ लोगो को फ्री राशन देने काम सरकार कर रही है।

उन्होंने उत्तर-प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतरीन बताते हुए कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं।किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। सीएम योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ. राजकुमार सांगवान जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें आभार। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने लोगों से सांगवान को जिताने की अपील की।

## डीएनडी पर डिवाइडर से टकराई कार, दो की मौत




■ एयर बैग खुले, फिर भी नहीं बची जान

■ युवती व एक अन्य युवक आईसीयू में भर्ती

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के डीएनडी पर देर रात एक कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला सहित दो लोग बुरी तरह से घायल है। जिस समय डिवाइडर से टकराई स्पीड 100 किमी प्रति घंटा के आसपास थी। कार का इंजन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज नोएडा के सेक्टर-27 कैलाश अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना फेज-1 प्रभारी ध्रुव कुमार ने बताया कि देर रात एक कार दिल्ली से डीएनडी से होते हुए नोएडा आ रही थी। कार नंबर हुंडई इक्सेंट्रा HR26BR2055 ने जैसे ही डीएनडी पार किया। सामने डिवाइडर से टकरा गई। कार के टक्कर लगते ही दोनों एयरबैग खुल गए। लेकिन ड्राइवर सीट और बगल में बैठे दोनों युवकों की जान नहीं बच सकी। कार में सिद्धार्थ पुत्र करन यादव निवासी डीजी-2 166बी डीडीए फ्लैट विकासपुरी दिल्ली, रजत पुत्र जगदीश भारद्वाज निवासी सी 227 जनकपुरी दिल्ली, प्राकांशिका पुत्री रमित निवासी सी 3 ए ब्लॉक जनकपुरी दिल्ली और चिराग पुत्र प्रमोद जनकपुरी दिल्ली थे।

घटना के दौरान सिद्धार्थ और चिराग दोनों की मौत हो गई। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं रजत और प्राकांशिका की हालत गंभीर है उनका इलाज अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। मृतक सिद्धार्थ पेशे से इंजीनियर बताया जा रहा है।

गनीमत रही कि हादसे के दौरान पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। थाना प्रभारी ने बताया कि चारो दिल्ली से नोएडा किस काम से आए थे घायलों और परिजनों से पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा।

## सार संक्षेप

### सिलेंडर रिसने पर एजेंसी पर हंगामा

**बुलंदशहर।** ककोड़ क्षेत्र के गांव सलेमपुर जाट में सिलेंडर रिसने पर पीड़ित ने ग्रामीणों के साथ मिलकर एजेंसी पर हंगामा किया। गांव निवासी मुकेश ने बताया कि उसने झाझर स्थित एजेंसी से सिलेंडर लिया था। जिसे लगाते ही वह रिसने लगा। मामले को लेकर पीड़ित ने झाझर स्थित गैस ऐजेंसी पर जाकर ग्रामीणों को लेकर हंगामा किया। चौकी प्रभारी नीतीश भारद्वाज ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल में फायर सेफ्टी के लिए हुई मॉकड्रिल



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 75 स्थित स्पेक्ट्रम मेट्रो मॉल में फायर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान मॉल में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को आग लगने के दौरान किस प्रकार की सावधानियां बरतनी चाहिए और आग बुझाने के उपकरणों को किस तरीके से काम में लिया जाना चाहिए इस बारे में लाइव फायर ड्रिल अभ्यास आयोजित किया गया। सभी मॉल कर्मचारियों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ड्रिल की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और उसे क्रियान्वित किया गया। मॉकड्रिल के दौरान आपातकालीन स्थितियों से निपटने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सभी प्रोटोकॉल का ईमानदारी से पालन किया गया। आग से बचाव के लिए स्पेक्ट्रम मेट्रो की ओर से समय-समय पर आग से बचाव के उपायों और अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी जाती है और कर्मचारियों को जागरूक किया जाता है।

### प्राधिकरण 6 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नोएडा।** प्राधिकरण का अतिक्रमण और अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने का अभियान निरंतर जारी है। शुक्रवार को प्राधिकरण की टीम ने भूमाफियाओं के द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ढहाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। ये जमीन वर्क सर्किल-8 की हाजीपुर गांव की खसरा नंबर-239 है। यहां पुलिस बद के साथ प्राधिकरण की 20 लोगों की टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां प्राधिकरण द्वारा की गई बाउंडरी के अंदर करीब 1000 वर्गमीटर जमीन में अवैध तरीके से कमरों का निर्माण किया जा रहा था। इस जमीन की कीमत करीब 6 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर 49 थाना पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक शातिर को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम थाना क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मिली एक सूचना पर सेक्टर 50 से आकाश उर्फ शूटर निवासी बरौला को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके पास से पुलिस ने एक तमंचा और जिंदा कारतूस को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी के नाम पहले से चोरी और लूट के सात मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## जांच के दौरान पकड़ी गई 7 लाख नकदी

■ कार सवार युवक नहीं दे सके धनराशि का साक्ष्य

■ आयकर विभाग को दी जानकारी

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में नकदी पकड़ने का सिलिसला लगातार जारी है। सेक्टर-63 पुलिस द्वारा जांच व गश्त के दौरान एफएनजी तिराहे के पास संदिग्ध वेगनआर कार नं यूपी 16 डीडी 9496 को चैक किया गया। कार से 6 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। ये कार अभिषेक अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल चला रहा था। उसके साथ गोविंद कुमार पुत्र बनवारी लाल भी था। दोनों ही गाजियाबाद के रहने वाले है। नगद का विवरण पूछने पर ये कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। धनराशि को जब्त कर आयकर विभाग को जानकारी दे दी गई है। वहीं गुरुवार रात को थाना सेक्टर-63 पुलिस गढ़ी गल चक्कर के पास जांच कर रही थी। इस दौरान पुलिस को गढ़ी गोलचक्कर के पास ब्रेजा कार यूपी-13 सीएच 6652 आती दिखी। कार को पुलिस ने रोका। पुलिस ने जांच की। राजकुमार पुत्र प्रेमराज और बिट्टू पुत्र प्रेमराज निवासी ग्राम बहलोलपुर के पास से दो लाख कैश मिला। ये पैसा 500-500 रुपए के नोट में था। पुलिस ने दोनों से इस रकम के बारे में जानकारी ली। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर धनराशि को जब्त कर लिया गया। बता दे इससे पहले भी लगातार नोएडा के बार्डर से वाहनों में कैश पकड़ा जा रहा है। ये पैसा हरियाणा, दिल्ली से होते हुए यूपी में प्रवेश कराया जा रहा है। हालांकि बार्डर पर सघन जांच होने के चलते ये पकड़ा जा रहा है। बता दे नोएडा में सभी बार्डर पर सघन जांच की जा रही है।

## ईटीएफ टीम को दी नई पहचान अब नई ड्रेस में दिखेंगे जवान



**गाजियाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम ने ईटीएफ के जवानों के लिए अलग वर्दी बनवाई है, ताकि अभियान के दौरान उनकी पहचान अलग दिखाई दे तथा कार्य में सुविधा रहे इसका ध्यान रखते हुए प्रवर्तन दल टीम की ड्रेस को अलग किया गया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में अभियान के दौरान प्रवर्तन दल अहम भूमिका निभाते हुए निगम के कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। समय-समय पर जवानों के लिए ड्रेस तथा अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है।

गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत प्रवर्तन दल की टीम में 10 लोग हैं सभी आर्मी रिटायर्ड है। जिसमे उप परिवर्तन दल प्रभारी देवेंद्र सिंह तथा अन्य आठ जवान है। जिसमें गजेंद्र सिंह, कृष्ण पाल सिंह, मनदीप सिंह, सुधीर कुमार, नीरज कुमार, अजय राघव, हरीश कुमार, सूरजपाल है, पूरी टीम गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा अपने कार्य को बखूबी निभा रही है। सभी को अलग वर्दी दी गई है जिससे कि उनकी पहचान अलग बनी रहे तथा प्रशासनिक तथा आमजन को उसकी पहचान रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गौकश गिरफ्तार एक पुलिस की गोली से घायल



**गाजियाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना मसूरी पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के दौरान दो गौकशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से तमंचा 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 03 खोका कारतूस 315 बोर नाजायज, 01 सफेद रंग की पिकअप जिससे 800 किलो ग्राम अवैध भैस का मांस व कटान के उपकरण बरामद बरामद किए गए हैं। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात में थाना मसूरी पुलिस ने जांच के दौरान एक सफेद रंग की पिकअप में सवार 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। जो पुलिस पार्टी को जांच करते देख पिकअप को मोड़कर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए नीले पुल के पास गंग नहर पटरी की ओर भागने लगे। जिस पर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शहजाद उर्फ छोलसिया पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया जबकि सद्दाम को भी दबोच लिया। दोनों ही ढवारसी के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि शहजाद उपरोक्त के विरुद्ध दो गौकशी, तीन पशु क्रूरता व एक मारपीट का कुल 6 अभियोग पंजीकृत हैं।

## एवियर एजुकेशन में मतदाताओं को मतदान की दिलाई शपथ



**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। एवियर एजुकेशनल हब डिग्री कॉलेज और युवा क्रांति सेना ने अपने देश का भविष्य तय करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए अपने परिवार और पड़ोसियों के साथ मतदान करने के लिए अपील की। इस अवसर पर नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के चेयरमैन ललित ठुकराल, मदरलैंड अस्पताल के चेयरमैन डॉ. बबित कुमार, एवियर कॉलेज के चेयरमैन संदीप सिंह, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह और कवि एडवोकेट दीपक शंखधर ने सैकड़ों युवाओं को मतदान के लिए शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर एनएईसी ललित ठुकराल ने कहा की इस बार हमारा जिला पूरे देश में वोटिंग पर्सेंटेज में शीर्ष पर काबिज होगा। जिसमें अहम भूमिका युवाओं की होगी। यही हम सभी का लक्ष्य भी है। युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि आज देश चुनाव को पर्व के रूप में मना रहा है। जिसका श्रेय हमारी युवा पीढ़ी को जाता है। जिसने मतदान के लिए अपनी और अपनो की सोच बदली। इस अवसर पर कवि दीपक शंखधर ने अपनी कविता से सभी छात्र छात्राओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया और उनसे शत-प्रतिशत अपने आसपास के लोगों को मतदान करवाने के लिए अपील की। मदरलैंड अस्पताल के चेयरमैन डॉ. बाबित कुमार ने कहा कि हम युवा देश है। हमारे देश का भविष्य ही युवा तय करते हैं। आपका एक वोट हमारे विकास की कहानी लिखेगा।

## जनता को कर्ज मुक्ति के लिए किया जाएगा काम : मनीष द्विवेदी




**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान एडवोकेट मनीष द्विवेदी (अखिल भारतीय परिवार पार्टी सांसद प्रत्याशी गौतम बुध नगर) ने कहा कि पिछले दो सालों से जुलाई 2022 से पूरे देश में नि:शुल्क कर्ज मुक्त भारत अभियान चला रहे हैं। जिसमें जनता ने किसी भी प्रकार का लोन लिया हो, चाहे गाड़ी का हो या पढ़ाई या फिर घर के लिए लिया गया लोन। ईएमआई चुका पाने में असमर्थ हों, जिनकी आर्थिक स्थिति नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना के कारण खराब हो गया हो, जिनको प्राइवेट फाइनेंसर परेशान कर रहे हों उनकी समस्या के समाधान के लिए नि:शुल्क कर्ज मुक्त भारत अभियान पूरी तरह से सहयोग कर रहा है। जिसमें हर कर्ज से परेशान व्यक्ति को निशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। अभी तक पूरे देश में हमारे साथ तकरीबन 18 लाख लोग जुड़ चुके हैं जो कर्ज से परेशान हैं। हमने अभी तक देश के 50 हजार लोगों को आत्महत्या करने से बचाया है। अब यह अभियान रुकने वाला नहीं है हमने प्रधानमंत्री कार्यालय सात बार डेलिगेशन भेजा। हमने देश के सभी राजनीतिक पार्टियों को लेटर लिखे इसके साथ ही हमने देश के सभी 543 सांसदों को लेटर लिखकर उनसे अपने कर्ज मुक्ति अभियान का समर्थन के लिए सहयोग मांगा। लेकिन किसी राजनीतिक पार्टी ने किसी संसद में हमारा समर्थन नहीं किया। इस अभियान के तहत एक राजनीतिक पार्टी निकल कर आई, जिसका नाम अखिल भारतीय परिवार पार्टी है इस पार्टी ने हमारा सहयोग ही नहीं किया, बल्कि हमें देश के 543 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इसमें मेरी टीम पूरे देश में चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। इस लोकसभा 2024 में देश के सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं ताकि जनता की कर्ज मुक्ति के लिए जो भी कदम उठाने पड़ेंगे हम उठाएंगे। हम रुकने वाले नहीं है, हम झुकने वाले नहीं हैं।

## सीडीएस और एनडीएस की परीक्षा के लिए कल 6 बजे से चलेगी मेट्रो



**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। एनडीएस और सीडीएस के परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए एनएमआरसी (नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन) ने मेट्रो के समयांतराल में बदलाव किया है। रविवार को परीक्षा होनी है। इसके लिए सैकड़ों की संख्या में नोएडा और ग्रेटरनोएडा से अभ्यार्थी दिल्ली और नोएडा के सेंटरों पर जाएंगे। परीक्षा रविवार को होगी। इसलिए एनएमआरसी ने रविवार को सुबह आठ बजे से चलने वाली मेट्रो की टाइमिंग में बदलाव किया है। ये मेट्रो रविवार को सुबह 6 बजे से चलेगी। मेट्रो 15-15 मिनट के अंतराल पर चलेगी। ऐसे में अभ्यर्थियों को परेशानी नहीं होगी। ये जानकारी एनएमआरसी के एमडी ने दी। बता दे इससे पहले भी कई बार एनएमआरसी मुसाफिरों के लिए मेट्रो के समयांतराल में बदलाव कर चुकी है। बता दे रोजाना करीब 50 से ज्यादा मुसाफिर मेट्रो में सफर करते है।

## 'मैं बोल रहा हूं, आपका बेटा'

■ इस बार वोट चुनाव चिन्ह पर दीजिए ■ इस कॉल के जरिए अंतिम मतदाता तक पहुंचने का प्रयास

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। मैं बोल रहा हूं, आपका बेटा आपकी सेवा में खड़ा है। आप विश्वास करें, इस बार वोट चुनाव चिह्न पर दें और विकास के साथ आएं। विकास के साथ रहना है तो को वोट दें। कुछ ऐसे ही संवाद आजकल नोएडा निवासियों को सुनने को मिल रहे हैं। लोकसभा चुनाव पहले फेज का चुनाव पूरा हो गया है। सेकेंड फेज यानी 26 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर में मतदान किया जाएगा। ऐसे में चुनाव प्रचार पूरी तरह रफ्तार में आ गया है।

मतदाता तक सीधी पहुंच और भावनात्मक जुड़ाव पैदा करने के लिए प्रत्याशी फोन कॉल का सहारा ले रहे हैं। इसके लिए प्रत्याशी की आवाज में संदेश रिकॉर्ड किया जाता है। यही संदेश हर मतदाता के मोबाइल पर कॉल या मैसेज के जरिये भेजा जाता है। रिकॉर्डिंग स्टूडियो चलाने वाले कलाकारों को इससे रोजगार मिल रहा है। हर प्रत्याशी अपनी आवाज में कॉल रिकॉर्ड करवा रहा है। ये कॉल रिकॉर्डिंग अधिकतम 40 सेकंड की है। जिससे प्रत्याशी मतदाता का दिल जीतने की कोशिश कर रहे है। इसके लिए कई बार रिटेक लेना भी पड़ रहा है। एक्सपर्ट बताते हैं कि यह मोबाइल कॉल पर किसी तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए एक आदर्श समय है। इससे अधिक समय एक औसत व्यक्ति ऐसी किसी कॉल के लिए नहीं दे सकता है। संभव है कि वह इससे पहले ही कॉल डिस्कनेक्ट कर दे। एक मतदाता तक पहुंचने का खर्च भी काफी कम है। हालांकि इंटरनेट के जरिए ये कॉलिंग हो रही है।

**1208 गांव के 16 लाख लोगों तक पहुंचने का जरिया**

गौतमबुद्ध नगर में 26 अप्रैल को मतदान होने है। हर प्रत्याशी का लक्ष्य है कि वो एक-एक मतदाता तक पहुंच सके। लेकिन ऐसा संभव नहीं है। एक प्रत्याशी ने बताया कि वो गौतमबुद्ध नगर के 1208 गांवों में से अब तक 1108 गांव में संपर्क कर चुके है। लेकिन वहां भी सैकड़ों मतदाता तक वे नहीं पहुंच सके। इस लिए अब डिजिटल तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ताकि 16 लाख का टारगेट समय रहते पूरा किया जा सके। डिजिटल तकनीक का प्रयोग प्रमुख पार्टियां कर रही है।

**पहले से बुक करवा रखी है हजारो कॉल**

इस तकनीक के लिए प्रत्याशी को पहले से हजारों की संख्या मे कॉल बुक करानी होती है। ये कॉल बुक हो चुकी है। टाइम स्लॉट भी मिल गया है और अब आपके फोन पर प्रत्याशियों की आवाज में कालिंग आ रही है। इसके अलावा रोजाना 1000 से ज्यादा फोन मैन्यूवल किए जा रहे है। ताकि अंतिम समय तक मतदाताओं को अपने वायदे बताए जा सके।

**प्रत्याशी के खर्चे में जुड़ेगा या नहीं**

नेताजी की प्रि-रिकॉर्डेड ऑडियो क्लिप को कॉल या मैसेज के जरिये मतदाता तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल प्रचार के लिए नेताजी को प्रति कॉल 10 पैसे, जबकि एक मैसेज के लिए 12 पैसे खर्च करने होंगे। इसकी व्यवस्था रिकॉर्डिंग स्टूडियो के संचालक ही करा देते हैं। हालांकि ये माध्यम चुनावी खर्च में शामिल किया जाएगा कि या नहीं। ये तो दूसरी बार दिए जाने वाले खर्चे के ब्यौरे में दिख जाएगा।

## चोरी के वाहन के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में रेकी करके वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह के तीन शातिर चोरों को शुक्रवार को एक्सप्रेस वे थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में चोरी के वाहन के साथ अन्य सामान को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस की टीम थाना क्षेत्र में गस्त कर रही थी। इस दौरान मिली एक सूचना पर छपरौली गोल चक्कर के पास से शाहनवाज निवासी सेक्टर 45, शोएब निवासी बुलंदशहर और अभिषेक निवासी भंगेल को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने शहर में अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई पांच बाइक और दो तमंचा और तीन जिंदा कारतूस को बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं। जो दिल्ली एनसीआर में पिछले कई साल से रेकी करके वाहन की चोरी करते थे। जिसको आरोपी दूसरे राज्यों में ले जाकर सेकेंड हैंड बेच देते थे। गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों के नाम पहले से शहर में चोरी के नौ मामले दर्ज पाए गए हैं। इस मामले में आरोपी जेल भी जा चुके हैं। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद फिर से वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देना शुरू कर देते हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

**चोरी की एल्यूमीनियम पाइप के साथ कबाड़ी गिरफ्तार**

सेक्टर 39 थाना पुलिस ने चोरी की एल्यूमीनियम पाइप के साथ कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ समय पहले थाना क्षेत्र में स्थित एक व्यक्ति के दुकान से कीमती सामान चोरी हुए थे।

उवाच

भारत में पुरुषों में इस बीमारी का खतरा ज्यादा है। अक्सर फैटी लिवर किसी और वजह से कराए गए अल्ट्रासाउंड में ही पता चलता है। अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट में इसे तीन ग्रेड्स में बांटा जाता है। ध्यान देने वाली बात यह हैं कि अगर इसे नजरअंदाज किया जाए, तो ये लीवर फाइब्रोसिस और फिर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में भी बदल सकती है। इसलिए जरूरी है इसका जल्दी पता लगना और इलाज करवाना। **डॉ. अपूर्व पांडे, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी डिपार्टमेंट के कंसल्टेंट**

# कैपिटल ज़ोन

## जिस दल के खिलाफ किसान व नौजवान हो, वह सरकार कैसे बचेगी : अखिलेश यादव




■ सिकन्द्राबाद विधान सभा में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र नागर के पक्ष में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की जनसभा

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र नागर के समर्थन में बुलंदशहर के सिकन्द्राबाद विधान सभा में जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पूरे ब्रह्मांड में सबसे झूठी पार्टी है तो वह भाजपा है। इस बार डॉक्टर के मुकाबले में डॉक्टर खड़े हैं। पार्टी ने ऐसे डाक्टर को तैयार किया है जो आने वाली पीढ़ी का इलाज करते हैं। यह विधान सभा ऐसी विधान सभा है जो रिकार्ड बना सकती है। जो परंपरागत वोट कहीं और डालते थे पगड़ी वाले वह अपनी पगड़ी का सम्मान करते हुए इस बार समाजवादी पार्टी को वोट डालने जा रहे हैं। इस बार तो गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सफाया होने जा रहा है, ये सरकार बचेगी कैसे। इंडिया गठबंधन इस बार इनके मुकाबले के लिए तैयार हैं। बहुत से लोग चाहते थे गठबंधन हो जाए और गठबंधन हुआ। गठबंधन में कांग्रेस पार्टी ही नहीं अब आप भी झाड़ू मारने के लिए आ गई है। हमारे किसान भाई सालों साल संघर्ष किए सरकार के खिलाफ किसानों पर आन्दोलन पर पाबंदिया लगा दी, बहुत से शहीद हो गए, लेकिन पीछे नहीं हटे। आखिरकार सरकार को काले कानून वापस लेना पड़ा। जो लोग कहते हैं कि अस्सी करोड़ को राशन दे दिया, आप किसानों को एमएसपी की गारंटी दे दो, आपको राशन नहीं देगा। जहां किसान तैयार है वहीं नौजवान तैयार है सरकार को हटाने के लिए।८

दुर्भाग्य है कि जो भी परीक्षा होती है पेपर लीक हो जाती है, किसी को नौकरी नहीं देना चाहती है सरकार। उत्तर प्रदेश में जो पेपर लीक हुए हैं, उत्तर प्रदेश सरकार में साठ लाख परीक्षार्थी हैं वह सभी भाजपा से नाराज हैं। जिस दल के खिलाफकिसान व नौजवान हो, वह सरकार कैसे बचेगी। इलेक्ट्रोल बांड की चोरी जबसे पकड़ी गई है, भाजपा का बैंड बज गया है। इलेक्ट्रोल बांड की भाजपा के नेता नाम सुनते हैं उन्हें इलेक्ट्रॉल की याद आ जाती है। भाजपा के लोगों ने कहा था न खाएंगे न खाने देगें, भाजपा के लोग ऐसा खा रहे हैं कि डकार भी नहीं ले रहे हैं। इस चुनाव में दो-दो सरकारें जाएंगीं। जो नफरत फैला रहा है पूरे दुनिया का सबसे खतरनाक परिवार है तो वह भाजपा के साथ है। कभी तानाशाही की बात करते हैं तो जर्मनी के हिटलर की बात होती है। आपसे अपील करना चाहते हैं वोट डाले, आपका वोट तानाशाह से बचाने का काम करेगा। प्रदेश में सौ नम्बर को भाजपा ने जब से 112 किया तो पुलिस ने भी अपना रेट बढ़ा लिया है। देश में किसानों की समस्या है जिसे बाजार की कीमत पर मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। जो सुविधा मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रहा है। फ्लैटों की समस्या ऐसी है कि लाखों-लाख फ्लैट खड़े हैं, सरकार ने सबको उलझा दिया, नोएडा से ग्रेटर नोएडा व दिल्ली को जोड़ने वाली मैट्रो का काम समाजवादी पार्टी ने किया। निवेश का काम समाजवादी पार्टी ने किया था।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर नींद की झपकी के कारण भीषण हादसा, ट्रक चालक की मौत



**दनकौर,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार एक भीषण सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे एक ट्रक से पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। बताया जाता है कि अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे आ रहे ट्रक की टक्कर हो गई। भीषण हादसे में पीछे के ट्रक का चालक केबिन में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और एक्सप्रेस वे कर्मियों ने घायल को रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकालकर ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि यूपी के जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के बडोली अहिरान गांव निवासी विजेंद्र यादव (48) कई काफी वर्षों से ट्रक चलाते थे। वह ट्रक लेकर गाजियाबाद की तरफ से पलवल की तरफ जा रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब डेढ़ बजे जब उनकी गाड़ी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर दनकौर क्षेत्र में पहुंची तो आगे चल रहे अन्य ट्रक के चालक ने नींद की झपकी आने के कारण अचानक ब्रेक लगा दिए। इस दौरान पीछे चल ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई। इसके चलते चालक विजेंद्र यादव अपनी गाड़ी के केबिन में फंस गया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपने ट्रक को मौके पर छोड़कर से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दो। जिसके बाद घायल को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है की पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित हो रहे हैं कार्यक्रम



■ स्वीप प्रभारी ने स्कूलों में चलाया अभियान
■ बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी व सहायक प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप सदस्यों ने में वृहद स्तर पर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं, ताकि लोकतंत्र के महापर्व में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सभी मतदाता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपने मतदान का प्रयोग करें। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप टीम द्वारा आज जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ग्रेटर नोएडा में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्वीप टीम से अर्चना शिरोमणि, इंदु गुर्जर, रति गुप्ता, महेश सिंह, धीरज कुमारी, बबीता यादव व ममता शर्मा के आलावा इंस्टीट्यूट के कम्प्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के एचओडी अरुण कुमार सिंह, अन्य स्टाफव छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। स्वीप टीम द्वारा बताया गया कि सभी लोकतंत्र में भागीदारी हेतु 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और अपने माता-पिता, परिवारजन व पड़ोसियों को मतदान केंद्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अपने विचार रखे व मतदाता की शपथ ली कि सभी मतदान आवश्य करेंगे। मतदाता शपथ के उपरांत मतदाता जागरूक स्टिकर चस्पा किये गये। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप कोऑर्डिनेटर शालिनी द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर-12, राजकीय हाई स्कूल सलेमपुर, राजकीय हाई स्कूल छिजारसी, सेंफोर्ड वर्ल्ड स्कूल, दयानंद विद्या मंदिर, सनराइज, जीसस एंड मैरी, शोभाराम शर्मा, सुनहरी लाल बालमुकुंद इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों में मतदाता जागरूकता संबंधी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें रंगोली, मेहंदी, मानव श्रृंखला, लोक नृत्य एवं मतदाता शपथ आदि शामिल रहे। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के संदेश के साथ स्वीप सदस्य महेश कुमार, जगवीर शर्मा, ललित त्यागी द्वारा ग्राम दुजाना विधान सभा दादरी में ग्रामीणों को प्रेरित किया गया।

## उद्यमिता विकास सेमिनार में युवाओं को स्टार्टअप के प्रति किया जागरुक



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में उद्यमिता विकास विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथि भारत सरकार के विज्ञान तथा तकनीकी मंत्रालय इमरान युसुफ ने छात्रों को कोई भी नया स्टार्ट अप करने के लिए विभिन्न दिशाओं में प्रयास करने पड़ते हैं। उन्होंने स्टार्टअप में करियर की अपार संभावनाओं से अवगत कराया। इमरान युसुफ ने बताया कि वर्तमान समय में नौकरी ना तलाश कर युवाओं को अपने स्टार्टअप पर फोकस करना चाहिए। स्टार्टअप लगाने में नवाचार से लेकर पूर्ण रुप से प्रतिष्ठित उद्योग में सरकार प्रत्येक स्तर पर वित्त तथा फंडिग आदि में मदद करती है। अतः सरकार से लाभ लेने के लिये संस्थान द्वारा बनाये गए इंक्युबिशेन सेल में इच्छुक छात्रों को काम करना चाहिए। संस्थान के निदेशक प्रोफसर विनय गुप्ता तथा डीन एकेडमिक्स डॉ. बी शरण ने मुख्य अतिथि इमरान युसुफ को सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर शक्ति प्रकाश तथा प्रोफेसर सुधाकर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर संस्थान भारी संख्या में छात्र तथा शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जीबीयू में आन्तरिक मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एं ड गवर्नेंस द्वारा आन्तरिक मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुक्रवार को आयोजित हुई। मूट कोर्ट प्रतियोगिता विश्लेषण करने की क्षमता को बढ़ाता है और कानूनी कौशल में सहायक सिद्ध होता है। यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं को कानूनी सम्प्रेषण की विधिओं का अभ्यास कराने में सहायक सिद्ध हुई और इससे युवा छात्र-छात्राओं को विधिक शिक्षा का अच्छा अनुभव मिला तथा उन्हें कानूनी पेशे की बारीकियों का बेहतर ज्ञान भी मिला। इस प्रतियोगिता के समापन सत्र के स्वागत संबोधन में अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस, डॉ.के. के. द्विवेदी ने कहा मूट कोर्ट जजों की वकालत, कानूनी समझ और सामूहिक कार्य के महत्व को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अभिमन्यु चोपड़ा, पार्ट्नर, ऐजेडबी पार्ट्नर्ज उपस्थित रहे और अपने वक्तव्य में मूट कोर्ट प्रतियोगिता को कानून की शिक्षा में मौलिक बुनियादी आवश्यकता बताया तथा कहा कि छात्र मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे अंतरराष्ट्रीय कानून आईपीआर, एडीआर आदि में बहुत कुछ सीखते हैं।

## प्रदर्शनी व फैशन शो के साथ आठ पेटेंट मॉडल किए गए प्रस्तुत



**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग ने एक्सप्रेशन प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाई.के. गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. परमानंद, रजिस्ट्रार विवेक कुमार गुप्ता, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार, एसोसिएट डीन डॉ. दीप्ति पराशर ने दीप जलाकर किया। इस दौरान छात्रों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए और फैशन शो का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग की एचओडी डॉ. पूनम भागचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 160 छात्रों ने हिस्सा लिया। विभिन्न राज्यों में जाकर कारीगरों से काम सीख कर खुद से डिजाइन किए गए कपड़ों को पहनकर फैशन शो किया। प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने करीब 100 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें 8 मॉडल पेटेंट हो चुके है। इस दौरान मल्टी फंक्शनल चेयर और वाहनों के स्क्रैप से बना गिटार आकर्षण केंद्र बना रहा है। यह एक ऐसा मंच है जहां रचनात्मकता सर्वोच्च है। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम नवप्रवर्तन शैली और जुनून की एक टेपेस्ट्री को उजागर करते हैं, जो हमारे प्रतिभाशाली फैशन डिजाइन और आर्किटेक्चर के छात्रों ने प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान प्रो आकांक्षा सिंह, शिवानी चंद्रा, रंजीत कुमार, गिरीश कुमार और अन्य विभागों के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

## यमुना नदी के डूब क्षेत्र में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश



■ पंखिया गिरोह का आरोपी गिरफ्तार
■ आरोपियों के पास 21 बने तमंचे व सामान बरामद

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वाट टीम व इकोटेक एक कोतवाली पुलिस ने यमुना नदी के डूब क्षेत्र में चल रही अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। मौके से 21 बने व तीन अधबने तमंचे सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पंखिया गिरोह के वांछित अभियुक्त हैं। आरोपियों के द्वारा गैंग के साथ ही अन्य लोगों को भी तमंचा बेचा जाता था। एडीशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि पंखिया गिरोह के बदमाश तमंचा फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। सर्विलांस के आधार पर पुलिस टीम कई दिनों से उनकी तलाश में लगी थी। पता चला कि कुछ लोगों के द्वारा इकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र में यमुना नदी के पुख्ते के पास एक अर्ध निर्मित मकान के बेसमेंट में तमंचा फैक्ट्री चल रहे थे। अर्ध निर्मित मकान पिछले कई वर्ष से खाली पड़ा था। मकान किसका है इस बारे में जानकारी की जा रही है। पंखिया गिरोह के बदमाश दिन में आटो चलाने व बंद मकान की रेकी करने के बाद रात में डकैती व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरोह के बदमाशों ने ही 2022 में बीटा-दो कोतवाली क्षेत्र में मर्चेंट नेवी के एक चीफइंजीनियर के घर में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। गैंग के बदमाशों के साथ कुछ दिनों पूर्व पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। बदमाश आटो छोड़कर फरार हो गए थे। तमंचा फैक्ट्री से गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दादरी नई आबादी के रहने वाले जुबेर व मसील के रूप में हुई है। जुबेर के ऊपर 12 व मसील पर तीन मुकदमें दर्ज हैं। दोनों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि पूर्व में वेल्डिंग व खराद का काम करता था। इसी दौरान उसने तमंचा बनाना सीख लिया। आरोपितों के द्वारा दस से पंद्रह हजार में तमंचा बेंचा जाता था।

आरोपियों के पास से तमंचे के साथ ही उसे तैयार करने का उपकरण, ग्राइंडर मशीन, बेल्डिंग मशीन, ब्लेड, आरी, पेचकस, 12 कारतूस, गाटर का टुकड़ा सहित अन्य सामान बरामद हुए। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया।

## हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल होने पर पुलिस जांच में जुटी

**ग्रेटर नोएडा,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि शादी कार्यक्रम के दौरान एक युवक रिवाल्वर से लगातार फायरिंग कर रहा है। बिसरख थाना प्रभारी का कहना है की वीडियो 7 साल पुराना बताया जा रहा है जिसे अब एक बार फिर वायरल किया गया है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शादी समारोह के टेंट के अंदर एक युवक का रिवाल्वर से फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर पुलिस से युवक के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है शुरआती जांच में पाया गया है की वीडियो 7 साल पुराना है। फायरिंग कर रहे युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।


**नाम परिवर्तन**

मैं संजय चौधरी पुत्र देशराज सिंह निवासी ग्रेटर नोएडा ने अपना नाम संजय चौधरी से बदलकर संजय सिंह कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए संजय सिंह के नाम से जाना जाएगा।


## अवैध शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दनकौर,**19 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार रात जांच के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने 210 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस का कहना है आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान आरोपी बाइक पर प्लास्टिक की केन में शराब ले जा रहा था। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## फैटी लिवर का बढ़ रहा है खतरा रोकथाम के जागरूकता बेहद जरूरी

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है ताकि लोग अपने लिवर की सेहत पर ध्यान दें और इसके रोगों के बारे में जानें। ये ऐसी बीमारी है जिसमें लिवर की कोशिकाओं में चर्बी जमा होने लगती है। भारत में फैटी लिवर की बीमारी बहुत तेजी से बढ़ रही है और देश की एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। हाल के अध्ययनों से ये पता चला है कि भारत में 10 प्रतिशत से 56 प्रतिशत लोग फैटी लिवर से जूझ रहे हैं। यह बीमारी अक्सर उन लोगों में ज्यादा पाई जाती है, जो मोटे हैं, जिन्हें डायबिटीज है, जो लोग ज्यादा एक्सरसाइज नहीं करते या जिनका कोलेस्ट्रॉल लेवल सही नहीं है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी डिपार्टमेंट के कंसल्टेंट, डॉक्टर अपूर्व पांडे ने बताया कि भारत में पुरुषों में इस बीमारी का खतरा ज्यादा है। अक्सर फैटी लिवर किसी और वजह से कराए गए अल्ट्रासाउंड में ही पता चलता है। अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट में इसे तीन ग्रेड्स में बांटा जाता है। ध्यान देने वाली बात यह हैं कि अगर इसे नजरअंदाज किया जाए, तो ये लीवर फाइब्रोसिस और फिर सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी में भी बदल सकती है। इसलिए जरूरी है इसका जल्दी पता लगना और इलाज करवाना। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के सीईओ डॉक्टर प्रवीण कुमार बताते हैं कि भले ही फैटी लिवर के लक्षण जाहिर तौर पर न दिखें, फिर भी कुछ ऐसे लक्षण हैं जिन्हें हर किसी को ध्यान से देखना चाहिए।

### ये लक्षण हैं

**थकान :** अगर भरपूर आराम के बाद भी थकान लगे, तो ये फैटी लिवर का इशारा हो सकता है। इससे रोजमर्रा के काम पर असर पड़ता है।

**वजन घटना :** अगर आपका वजन अचानक से घटने लगे, वो भी तब जब थकान या पेट में तकलीफ भी हो रही हो, तो लिवर की जांच करवाना जरूरी है।

**पेट में तकलीफ :** पेट के ऊपरी हिस्से में दाईं तरफ हल्का-हल्का दर्द या तकलीफ, फैटी लिवर के कारण सूजन या लिवर के आकार में बढ़ोतरी का संकेत हो सकता है।

**कमजोरी :** अगर किसी और वजह से कमजोरी महसूस हो रही हो, तो ये लिवर से जुड़ी समस्याओं की वजह से हो सकता है, जिनमें फैटी लिवर भी शामिल है।

**लिवर एंजाइम्स बढ़ना :** खून की रिपोर्ट में अगर लिवर एंजाइम्स का स्तर बढ़ा हुआ दिखे तो ये लिवर में सूजन या खराबी का संकेत है।

**लिवर का आकार बढ़ना :** डॉक्टर जांच के दौरान अगर लिवर का आकार बढ़ा हुआ महसूस करें, तो ये फैटी लिवर का लक्षण हो सकता है।

फैटी लिवर का अगर समय पर इलाज नहीं किया गया तो आगे चलकर बड़ी बीमारी हो सकती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि इस बीमारी के लक्षणों को समझा जाए और अगर ये लक्षण दिखें तो फौरन डॉक्टर से सलाह लें। जल्दी इलाज शुरू होने और जीवनशैली में कुछ बदलाव करके फैटी लिवर से बचा जा सकता है और लिवर को हमेशा स्वस्थ रखा जा सकता है।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद- गौतमबुद्धनगर - 201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुर बांगर में उप जिलाधिकारी सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 201/एस0टी0-एस0डी0एम/2023, दिनांक 02.03.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्री धनवन्त सिंह पुत्र श्री रामसरन चौहान निवासी ग्राम शाहपुर गोवर्धनपुर बांगर, तहसील व जनपद- गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है :-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| रामपुर बांगर | 189 | स्व0 श्री धनवन्त सिंह पुत्र श्री रामसरन चौहान निवासी ग्राम शाहपुर गोवर्धनपुर बांगर, तहसील व जनपद- गौतमबुद्धनगर | श्रीमती जगवती | पत्नी | 72 वर्ष |
| | | | श्री महेश कुमार चौहान | पुत्र | 53 वर्ष |
| | | | श्री मुकेश चौहान | पुत्र | 51 वर्ष |
| | | | श्री विकाश चौहान | पुत्र | 46 वर्ष |
| | | | श्री ब्रजमोहन चौहान | पुत्र | 44 वर्ष |
| | | | श्री अरूण कुमार | पुत्र | 40 वर्ष |
| | | | श्रीमती सुदर्शना | पुत्री(विवाहित) | 48 वर्ष |
| | | | श्रीमती अरूणा चौहान | पुत्री(विवाहित) | 39 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वरिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में जिलाधिकारी जनपद बुलन्दशहर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 701/राजस्व निरीक्षक दिनांक 18.07.2020 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक भुवनेश कुमार मलिक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पारसौल | 358 356 | भुवनेश कुमार मलिक पुत्र स्व0 प्रताप सिंह मलिक नि0 मौहल्ला/ग्राम 106 प्रेमनगर परगना बरन तहसील व जिला बुलन्दशहर | श्रीमती नवलेश मलिक | पत्नी | 57 वर्ष | |
| | | | श्री चिराग मलिक | पुत्र | 25 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रश्मी चाहर | पुत्री | 34 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मीनाक्षी मलिक | पुत्री | 32 वर्ष | |
| | | | श्रीमती संगीता मलिक | पौत्र | 29 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पारसौल में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 279/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 04.04.2024 व 278/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 04.04.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक सुखवीर सिंह व आदेश कुमार के स्थान पर उनके वारिसानो के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 429 528 | सुखवीर पुत्र मदनलाल नि0 औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मामचन्दी | पत्नी | 69 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री सन्तराम | पुत्र | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री राजेश कुमार | पुत्र | 36 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती गीता देवी | पुत्रबधू | 49 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री शिवम | पौत्र | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती विमलेश | पुत्री | 55 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सन्तोष | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मेमवती | पुत्री | 49 वर्ष | विवाहित |
| औरंगपुर | 666म 668म 668म | श्री आदेश कुमार पुत्र श्री सुखवीर सिंह नि0 औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती गीता देवी | पत्नी | 49 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री शिवम | पुत्र | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती आचल नागर | पुत्री | 25 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती काजल नागर | पुत्री | 24 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीतमी रिंकी | पुत्री | 22 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती चंचल | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपजिलाधिकारी, सदर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 937/एस0टी0-एस0 डी0एम0/2023 दिनांक 02.10.2023 के अनुसार ग्राम रामपुर बांगर व मिर्जापुर में निम्न प्रकार मृतक लाखू उर्फ लायकराम पुत्र स्व0 समय सिंह नि0 ग्राम मिर्जापुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 350 424 | लाखू उर्फ लायकराम पुत्र स्व0 समय सिंह नि0 ग्राम मिर्जापुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती कमलेश | 63 | पत्नी |
| | | | श्री राजकुमार | 39 | पुत्र |
| | | | श्री ओमप्रकाश | 35 | पुत्र |
| रामपुर बांगर | 07 | | श्री सोनू | 32 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सोनिया | 37 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अन्य अनुमन्य लाभ संबंध अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# अभिमत

*आधुनिक जीवनशैली जटिल व ऊर्जा गटकने वाली उपभोक्तावादी संस्कृति से जुड़ी है। उसमें तामझाम व दिखावा है। वह लोभ-लालच पर आधारित है, जिसकी सीमाएं आ चुकी हैं। प्राकृतिक संसाधन खत्म हो रहे हैं। कोयला व तेल खत्म होने वाले हैं। प्रदूषण से जलवायु बदलाव हो रहा है। ऐसे वैश्विक संकट के दौर में आदिवासियों के पारंपरिक ज्ञान, पुरखा संस्कृति, प्रकृतिप्रेमी सरल जीवन पद्धति से काफी कुछ सीखा जा सकता है। लेकिन क्या हम आज के जलवायु बदलाव और वैश्विक संकट के दौर में आदिवासियों से कुछ सीखना चाहेंगे?*

## आदिवासियों से क्या सीख सकते हैं?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

हाल ही मुझे छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जाने का मौका मिला। इस दौरान मैंने उनके जीवन को देखने, समझने व करीब से जानने की कोशिश की।

यह गांव कुनकुरी के पास स्थित है। यहां उरांव आदिवासी रहते हैं। जिस घर में मैं ठहरा था, वह कच्चा मिट्टी का था, लेकिन सीमेंट व कांक्रीट के पक्के घरों की अपेक्षा ठंडा था। वहां हर चीज सुघड़ता से रखी हुई थी। गोबर व काली मिट्टी से लिपा-पुता यह घर अपना सौंदर्य बिखेर रहा था।

अंग्रेजी के यू आकार से बना यह घर काफी बड़ा था। मिट्टी की ऊंची दीवारें थीं। देसी खपरैल से छत ढकी थी। घर के आगे-पीछे काफी खुली जगह थी। शयन व अतिथियों के लिए अलग कमरा था। रसोई घर और कोठार ( अनाज रखने के लिए) था। मवेशियों व बकरी के लिए अलग जगह थी, मुर्गी घर था। लम्बा-चौड़ा आंगन व खलिहान था।

इस घर को बनाने के लिए स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। आसपास के खेतों की मिट्टी, लकड़ी, बांस और देसी खपरैल से घर बनाया गया था। इसमें किसी भी तरह का खर्च नहीं है, जबकि आज पक्के घर बनाना बहुत ही खर्चीला हो गया है।

मिट्टी के घर टिकाऊ होते हैं, जिसमें बिना पंखे-कूलर के रहा जा सकता है। जबकि पक्के व कांक्रीट के घरों में बिना बिजली के रहना मुश्किल है।

सीमेंट के पक्के घर काफी नए हैं, जबकि मिट्टी के घर बनाकर लोग सदियों से रह रहे हैं। इनकी उम्र डेढ़-दो सौ साल तक होती है। जबकि सीमेंट के घरों की उम्र करीब 50 साल होती है। सीमेंट और गिट्टी के लिए पहाड़ों को नष्ट किया जा रहा है। जंगलों को काटा जा रहा है। नदियों से रेत निकाली जा रही है, जिससे वे भी दम तोड़ रही हैं।

यहां घर के पीछे बाड़ी थी। एक कुआं था। जहां प्याज, लहसुन, मूली, मटर, गोभी, टमाटर, सेमी जैसी सब्जियां थीं। घर के सामने पुराना कटहल का पेड़ था, जो बड़े फलों से लदा था।

इसके अलावा, यहां बागान में बेर, आम, लीची और इमली जैसे फलदार पेड़ थे। इससे घर के लोगों को तो ताज़ी सब्जी व फल मिलते हैं, अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं।

घर के आंगन में महुआ सूखने पड़े हुए थे, जिनकी बिनाई का काम इन दिनों चल रहा है। जल्दी जागकर छोटे स्कूली बच्चे भी महुआ बीनने जाते हैं। ऐसे रिश्तेदार व पड़ोसी भी महुआ बिनाई के लिए आ जाते हैं, जिनके पास खुद के महुआ पेड़ नहीं है। एक दिन सभी पेड़ों के महुआ बकरियों और गाय को भी खिला दिए। पूछने पर बताया कि उनका भी इसमें हिस्सा है।

कुछ समय पहले तक यहां के कुओं से टेड़ा पद्धति से पानी खींचा जाता था। ट्रेड़ा पद्धति देशज तकनीक है। इसमें बांस की लकड़ी के एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। इशारे से ही पानी से भरी बाल्टी ऊपर आ जाती है। सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह।

छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में इसी टेड़ा पद्धति से अब भी सिंचाई की जाती है। इससे पानी की रोज़ाना की जरूरत तो पूरी होती ही हैं, उसी पानी से सब्जियों की खेती भी हो जाती है। इसमें पानी की जितनी जरूरत होती है, उतना ही पानी निकाला जाता है, जिससे पानी का खत्म नहीं होता। भूजल भी नीचे नहीं जाता। कई सालों तक पानी बना रहता है। जबकि बिजली के मोटर पंपों से अकूत पानी उलीचा जाता है।

इस गांव में एक आम का बगीचा है, जहां बच्चों की टोलियां खेलती रहती हैं। गुलेल से निशाना साधकर आम गिराना इनके बाएं हाथ का खेल है। बेर और शहतूत के रसदार फल तोड़कर बच्चे खाते रहते हैं। पिछले साल लीची के फल खाने के लिए तो पूरे मोहल्ले के बच्चे आते थे और चिड़ियाओं का चहचहाता झुंड भी आता था।

खेती से लेकर घरेलू कामो में महिलाएं ज्यादा काम करती हैं। उनकी दिनचर्या जल्द शुरू हो जाती है। वे 4 बजे सुबह जाग जाती हैं। धान कूटती हैं, पानी लाती हैं। साफ-सफाई करती हैं। खेतों में धान का रोपा लगाना, निंदाई-गुड़ाई करना, कटाई करना, खलिहान तक फसलें ढोकर लाना इत्यादि। पुरूष कंधे पर ढोकर गोबर खाद डालते हैं। हलों से जुताई कर फसलें बोते हैं।

यहां महिलाओं पर उतनी पाबंदी नहीं है, जितनी देश के कुछ अन्य स्थानों में दिखाई देती है। यहां लड़कियां साइकिल चलाती हैं, जो उनकी आजादी की प्रतीक बन गई है। वे साइकिल की सवारी कर स्कूल जाती हैं। हाट-बाजार जाती हैं।

गांववालों के मुताबिक पहले यहां बहुत जंगल हुआ करता था। चार महीने खूब बारिश होती थी। हरे-भरे पेड़ थे। छोटे-छोटे नदी नाले थे। उनमें मछलियां खूब मिलती थीं। यहां एक साथ कई फसलें हुआ करती थी। मक्का, कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, उड़द, अरहर, कुलथी. जटगी, सरसों आदि फसलें बोई जाती थीं। खेतों में रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करते थे। लेकिन जंगल भी कम हो गए हैं और कुछ किसान रासायनिक खेती भी करने लगे हैं।

पहले यहां लोग खेतों में कपास बोते थे। चरखा से सूत कातते थे, और फिर उससे कपड़ा बनवाते थे। महुआ की डोरी ( फल), मूंगफली व जटगी का तेल निकाला जाता था। गांव में देशज् तरीके से तेल निकालते थे। यानी मिट्टी तेल व नमक को छोड़कर गांव में जरूरत की सभी चीजें होती थीं। कई मायनों में गांव आत्मनिर्भर हुआ करता था।

**यहां लोग खेतों में कपास बोते थे। चरखा से सूत कातते थे, और फिरउससेकपड़ा बनवाते थे। महुआ की डोरी ( फल ), मूंगफली व जटगी का तेल निकाला जाता था। गांव में देशज् तरीके से तेल निकालते थे। यानी मिट्टी तेल व नमक को छोड़कर गांव में जरूरत की सभी चीजें होती थीं। कई मायनों में गांव आत्मनिर्भर हुआ करता था। आदिवासियों ने ही हमें वन खाद्यों से परिचय कराया है। हरी पत्तीदार सब्जियां, मशरूम, कंद-मूलों से अवगत कराया है।**

आदिवासियों ने ही हमें वन खाद्यों से परिचय कराया है। हरी पत्तीदार सब्जियां, मशरूम, कंद-मूलों से अवगत कराया है। उन्होंने इन्हें खोदने और पकाकर खाने की पद्धतियां भी बनाई हैं, और बताई हैं। जड़ी-बूटियों की पहचान, और गुणधर्मों की पहचान कराई है। इन सबको खाद्य पदार्थों में शामिल करवाने और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में इनके इस्तेमाल का श्रेय उनको जाता है।

आम तौर पर आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने की बातें होती हैं, अपनी कल्पना और इच्छा के अनुसार उन्हें ढालने या रहन-सहन का अपना ढंग थोपने की कोशिश होती है। लेकिन आदिवासी समुदाय ही ऐसा है जिसका जलवायु बदलाव में कोई योगदान नहीं है। वे आज भी बहुत कम ऊर्जा इस्तेमाल कर व खुद ही मेहनत से जीवन जीते हैं। हालांकि यह भी जरूरी है कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करानी चाहिए।

वे काफी अनुशासित व मेहनती होते हैं। और सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक भी, वहां परिवार के सभी की इच्छा का सम्मान होता है। आज जब हम जीवन के सौंदर्य से दूर होते जा रहे हैं, और उस आनंद को कृत्रिमता में तलाशते हैं, तब उनके गांवों में आज भी अखड़ा ( सांस्कृतिक स्थल) है। जहां ढोल और मांदर की थाप पर गीत व नृत्य होता है।

यहां दूर-दूर घरों में रहने वाले लोगों में एक दूसरे के साथ करीबी रिश्ता है। उनमें समता और सादगी के मूल्य हैं। एक दूसरे की मदद करने, एक दूसरे का साथ देने के कई तरीके हैं। मिल-जुल घर बनाने व छत के खपरैल बदलने में इसे देखा जा सकता है। इन कामों के बदले पैसों का भुगतान नहीं किया जाता।

छत्तीसगढ़ व देश में कई जनजातियां हैं। अलग-अलग इलाकों में उनकी अलग-अलग जीवन पद्धतियां हैं। मैंने देश के कई हिस्सों में आदिवासियों की जीवनशैली को देखा है। छत्तीसगढ़ में कमार, बैगा, ओड़िशा में कोंध, मध्यप्रदेश में गोंड-कोरकू, भील और महाराष्ट्र में महादेव कोली के इलाकों में गया हूं।

आदिवासियों का देश-दुनिया को देखने का नजरिया हमसे भिन्न है। वे प्रकृतिपूजक हैं और उनकी श्रमप्रधान जीवनशैली है। पुरखा संस्कृति है, वे अपने पुरखों से सीखते हैं। एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक मौखिक परंपरा से पारंपरिक ज्ञान हस्तांतरित होता है। उनमें मिल जुलकर रहने, सामूहिकता, एकजुटता और मेल-जोल की संस्कृति है।

आदिवासियों की जीवनशैली अमौद्रिक होती है। वे प्रकृति के ज्यादा करीब हैं। प्रकृति के साथ उनका रिश्ता मां-बेटे का है। वे प्रकृति से उतना ही लेते हैं, जितनी उन्हें जरूरत है। अगर पत्ता चाहिए तो पत्ते लेते हैं और दातौन चाहिए तो दातौन ही। वे प्रकृति को नष्ट नहीं करते हैं, बल्कि बचाते हैं। वे खुद को भी प्रकृति का हिस्सा मानते हैं। लेकिन समय के साथ उनकी जीवनशैली में बदलाव भी आ रहा है।

मुख्यधारा की आधुनिक जीवनशैली जटिल व ऊर्जा गटकने वाली उपभोक्तावादी संस्कृति से जुड़ी है। उसमें तामझाम व दिखावा है। वह लोभ-लालच पर आधारित है, जिसकी सीमाएं आ चुकी हैं। प्राकृतिक संसाधन खत्म हो रहे हैं। कोयला व तेल खत्म होने वाले हैं। प्रदूषण से जलवायु बदलाव हो रहा है। ऐसे वैश्विक संकट के दौर में आदिवासियों के पारंपरिक ज्ञान, पुरखा संस्कृति, प्रकृतिप्रेमी सरल जीवन पद्धति से काफी कुछ सीखा जा सकता है। लेकिन क्या हम आज के जलवायु बदलाव और वैश्विक संकट के दौर में आदिवासियों से कुछ सीखना चाहेंगे?

### बीता सप्ताह

**13 अप्रैल**
- सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया के झूठी बातें फैलाने पर चिंता जाहिर की।
- लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण की अधिसूचना जारी की गई।
- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि देश में 45 फीसदी डॉक्टर अधूरी पर्ची लिख रहे हैं।
- वियतनामी अरबपति ट्रूंग माई लैन को धोखाधड़ी के मामले में मौत की सजा सुनाई गई।

**14 अप्रैल**
- मुख्य न्यायाधीश वी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय पालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस परिवर्तनकारी भूमिका पर एक परिसंवाद में कहा जिनके पास संसाधन का कर रहे न्याय का दुरुपयोग।
- भारत व बंगलादेश के बीच 50 साल बाद जमीन की अदला बदली हुई। बंगलादेश के सीमावर्ती ठाकुरगांव के रानीसंकाई उपजिला की 56.86 एकड़ जमीन सौंपी गई और इसके जवाब में भारत को भी बंगलादेश से 14.68 एकड़ जमीन हासिल हुई।
- इलेक्टोरल बॉन्ड यानी चुनावी चंदा देने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी मेधा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ सीबीआई केस दर्ज किया।
- कश्मीर में दो विदेशी पर्यटकों की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

**15 अप्रैल**
- सुप्रसिद्ध अभिनेता सलमान्न खान के आवास ग्लैक्सी रेसीडेंट पर दो अज्ञात युवक ने गोलियां चलाईं। जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के माफिया संगठन ने यह जिम्मेदारी ली है।
- नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा कि सरकार को अमीरों का ज्यादा ध्यान है। निरक्षरता, खराब स्वास्थ्य व लैंगिक असमानता से विकास की गति धीमी है।
- 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के मुख्य ग्राफिक्स, रंग प्रणाली और खेल चिन्ह जारी किए गए।
- ईरान ने इजरायल पर किया ड्रोन व मिसाइल से हमला।

**16 अप्रैल**
- तमिलनाडु व केरल चुनाव प्रचार के दौरान राहुल के हेलिकॉप्टर की ली गई तलाशी।
- मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नही: मोदी
- केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस
- कश्मीर के चुनावी परिदृष्य में बेटे के लिए बाप व मां के लिए बेटी प्रचार में जुटी।
- भ्रष्टाचार अब अवसर का पासवर्ड नहीं बल्कि जेल जाने का रास्ता: धनखड़

**17 अप्रैल**
- कलपर के जंगलों में बीएसएफ-बीडीहारजी जवानों से मुठलेड़ में 29 नक्सली मारे गए।
- कोल लेवी स्कैम मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका खारिज
- सरकार बनते ही रद्द करेंगे अग्निपथ योजना: राहुल
- सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम पर बहस के दौरान कहा वोटो का वीवीपैट पर्चियों से हो मिलान।

**18 अप्रैल**
- अयोध्या में सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक
- पंजाब में किसान आंदोलन जारी, ट्रैक पर बैठे।
- भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में अब नहीं आएगी: शिवकुमार
- देश को कमजोर करने के लिए रची जा रही गहरी साजिश: राजनाथ सिंह

**19 अप्रैल**
- चुनावी प्रक्रिया में पवित्रता जरूरी: सुप्रीम कोर्ट
- पूर्व आईपीएस मुकेश गुप्ता को हाईकोट से मिली राहत
- निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण
- सिद्दारमैया का दावा, कांग्रेस कर्नाटक में 20 लोकसभा सीटें जीतेगी
- केरल में मॉक पोल के दौरान भाजपा को मिले अतिरिक्त वोट, सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

## 18वीं लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों

■ नित्य चक्रवर्ती

भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ चुनाव शुरू हो गए। देश की लगभग 142 करोड़ आबादी में से 90 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाले सात चरण के चुनाव, 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे जिसके बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए की ओर से प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नयी लोकसभा में तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं।

इस लेखक को 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनावों के बाद से सभी लोकसभा चुनावों को देखने का सौभाग्य मिला है - शुरुआत में दस साल की उम्र में कलकत्ता में एक वामपंथी पार्टी के स्वयंसेवक के रूप में। एक कार्यकर्ता के रूप में यह चरण 1969 तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के दिनों तक जारी रहा। फिर 1969 से अब तक की भूमिका एक पत्रकार के रूप में लोकसभा चुनावों पर नजर रखने और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अभियान को कवर करने की रही है। इस बार भी, 82 वर्ष की आयु में, मैंने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की है और उसके बाद पश्चिमी जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश की यात्रा की है। मैं कुछ दावे के साथ कह सकता हूं कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा होने जा रहा है जिसमें सत्तारूढ़ दल भाजपा की तुलना में विपक्षी दलों के लिए चुनाव मैदान में सबसे खराब असमान अवसर की स्थिति है। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी, समान अवसर के मामले में विपक्ष बेहतर स्थिति में था।

**कई पश्चिमी राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में आखिरी स्वतंत्र चुनाव हो सकता है। वे सही नहीं हैं। निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा आने से सत्तावादी प्रवृत्तियां मजबूत होंगी और भाजपा और संघ परिवार को हिंदू राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है लेकिन यह आसान काम नहीं होगा। भारतीय लोगों के पास लोकतंत्र के पक्ष में अपनी पसंद का प्रयोग करने की अंतर्दृष्टि है।**

सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है-विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है-विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है- प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चैनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ-साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये। यह रणनीति सोच-समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से शुरू हुआ।

अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों-दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेंगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ सत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं।

मेक्सिको में भी यही स्थिति है। वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की।

लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ-साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है। 7अक्टूबर के युद्ध के बाद नरेंद्र मोदी को शुरू में उनके इजरायल समर्थक रुख के लिए ब्रिक्स सदस्यों से फटकार मिली। अब, उनके अभियान भाषणों और ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संपत्ति को निचोड़ने को ब्रिक्स देशों के राजनीतिक नेताओं द्वारा तिरस्कार के साथ देखा जा रहा है। भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अंकुश लगा रहा है।

कई पश्चिमी राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में आखिरी स्वतंत्र चुनाव हो सकता है। वे सही नहीं हैं। निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा आने से सत्तावादी प्रवृत्तियां मजबूत होंगी और भाजपा और संघ परिवार को हिंदू राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है लेकिन यह आसान काम नहीं होगा। भारतीय लोगों के पास लोकतंत्र के पक्ष में अपनी पसंद का प्रयोग करने की अंतर्दृष्टि है। उन्होंने इसे 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिखाया। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि विपक्षी इंडियागुट भाजपा के खिलाफ कितने प्रभावी ढंग से लड़ता है। उन्हें इस बार करो या मरो के नारे के साथ लड़ना है। खासकर यह बात कांग्रेस पर लागू होती है जो हिंदी पट्टी के ज्यादातर राज्यों में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रथ को रोकने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है।

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भारत में भाजपा का रथ इतना बुलंद क्यों है और पीएम इस बार एनडीए का 400 पार और भाजपा का 370 पार के नारे की बात कर रहे हैं। भाजपा की प्रचार मशीन द्वारा बड़े राष्ट्रीय मीडिया की सहायता से यह नारा लगातार फैलाया जा रहा है। भाजपा के पास विशाल वित्तीय बाहुबल, सुगठित आरएसएस संगठन और प्रवासी भारतीयों का बड़ा समर्थन है, जिनमें से कई भाजपा चुनाव फंड में सक्रिय योगदानकर्ता हैं।

इसके विपरीत, कांग्रेस को भारतीय ब्लॉक पार्टियों में सबसे अधिक नुकसानदेह स्थिति में रखा गया है। हिंदी पट्टी में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी के वित्तीय संसाधनों को पंगु बनाने के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ शासन द्वारा धन प्राप्त करने के लिए पार्टी के सामान्य माध्यमों को बंद कर दिया गया है। कांग्रेस के पास कई राज्यों में धन की कमी है और प्रति लोकसभा क्षेत्र में खर्च करने के मामले में उसकी क्षमता औसतन भाजपा की तुलना में दसवां हिस्सा है। इन दिनों चुनावों में डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। भारी फंड की जरूरत है। कांग्रेस उसक्षेत्र में भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है।

यह 2024 के लोकसभा चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सबसे बड़ा झटका है। भाजपा ने समान अवसर को खत्म करने और मुख्य विपक्ष को आर्थिक रूप से पंगु बनाने के लिए सत्तारूढ़ सरकार और उसकी एजेंसियों का इस्तेमाल किया है। टीएमसी, डीएमके, एसपी और राजद जैसी अन्य क्षेत्रीय पार्टियां सीमित सीटों पर लड़ रही हैं। वे धन की व्यवस्था कर रही हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए, पार्टी द्वारा चुनाव लड़े जा रहे 300 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में धन की आपूर्ति करना एक कठिन काम बन गया है। यही वह कमजोरी है जिसे सत्तारूढ़ भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में भुनाने की कोशिश कर रही है। इस प्रक्रिया में, भारतीय लोकतंत्र पीड़ित हो रहा है।

गार्जियन संवाददाता सही है जब अखबार लिखता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव भारतीय इतिहास में सबसे एकतरफा हो सकते हैं। हां, संसाधनों और मीडिया समर्थन के मामले में यह एकतरफा होगा लेकिन मतदाताओं के समर्थन के मामले में नहीं। नरेंद्र मोदी अपने अनूठे ब्रांड हिंदुत्व राष्ट्रवाद को क्रोनी पूंजीवाद और गरीब-समर्थक आर्थिक कार्यक्रमों के साथ मिलाकर बेच रहे हैं। इसमें एक प्रकार की विषैली अपील है। इंडिया गुट इसका मुकाबला केवल बेहतर आख्यान के साथ कर सकता है जो आम मतदाताओं के दिल और दिमाग से संबंधित हो सकता है। द्रमुक और टीएमसी जैसे क्षेत्रीय दल प्रभावी ढंग से ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस को उन राज्यों में भी ऐसा करना होगा जहां वह भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। केवल कांग्रेस, केवल कांग्रेस और केवल कांग्रेस ही अपने उच्च प्रदर्शन से भाजपा के रथ को रोक सकती है और भारत के लोकतंत्र सूचकांक को और नीचे गिरने से रोक सकती है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घातक है युद्ध की आहट

33 वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इज़रायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इज़रायल पर क्रूज़ मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इज़रायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे। यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इज़रायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूज़ मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इज़रायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इज़रायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था।

रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा। बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निर्माताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है। ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है।



डॉ.अजीत रानाडे

**हमास द्वारा 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इज़रायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इज़रायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इज़रायल द्वारा गाज़ा पर हमलों की समाप्ति के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं।**

इज़रायल द्वारा 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था। इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी। बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इज़रायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इज़रायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इज़रायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी। यह इज़रायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था। सभी लोग जानते हैं कि इज़रायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने और हमास तथा हिजबुल्लाह के समर्थन का बदला लेने के लिए इज़राइल ने पहले भी ईरान के बुनियादी ढांचे और सैन्य स्थलों पर हमले किये हैं। ईरान ने भी अपनी परमाणु हथियार क्षमता के निर्माण की गति को बनाए रखा है। इज़रायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

ईरान द्वारा इज़रायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चैनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी। ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था। दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है। सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है। भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है। जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी। माल ढुलाई दरों और हवाई कार्गो के लिए जोखिम प्रीमियम में भी बढ़ेगा जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लागत में वृद्धि होगी। इस सारे घटनाक्रम का भारत पर तिहरा दबाव पड़ता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को कम करता है, विनिमय दर पर दबाव डालते हुए व्यापार घाटे को बढ़ाता है और चूंकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें प्रभावित होंगी इसलिए मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकता है। मार्च में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में मंदी देखी गई थी तथा उस तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत के करीब हो सकती है।

निवेशकों का बिगड़ता मिज़ाज जीडीपी वृद्धि को और भी धीमा कर सकता है हालांकि चुनाव खर्च आम तौर पर जीडीपी को ऊपर उठाए रखता है। यदि वैश्विक आर्थिक मिज़ाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है। यह स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए नकारात्मक है। खुदरा महंगाई में वृद्धि की खबर भी राहत देने वाली नहीं है तथा तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण और खराब हो सकती है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता है जिससे आवास और वाहन ऋण में मदद मिल सकती थी।

और अंत में, बेरोजगारी के बारे में आई रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित हालिया रिपोर्ट ने युवा बेरोजगारी, कौशल असंतुलन और श्रम शक्ति में अभी भी महिलाओं की कम भागीदारी की एक गंभीर तस्वीर चित्रित की है। भारत में वर्ष 2005 से श्रम बल की भागीदारी तथा पुरुषों और महिलाओं की मजदूरी दर में अंतर के संदर्भ में लैंगिक अंतर बढ़ता जा रहा है। यह अंतर कम नहीं हो रहा है, जैसा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में देखा जा रहा है। इसके अलावा अनुमान है कि कोविड के बाद करीब 5 करोड़ श्रमिक कृषि क्षेत्र में वापस चले गए हैं जो कम उत्पादकता, कम गुणवत्ता वाली नौकरियों के साथ-साथ अल्प-रोजगार भी प्रदान करता है। रोजगार परिदृश्य में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की आवश्यकता है जो मुख्य रूप से निजी क्षेत्र से आएगा। इसके लिए निवेशकों के विश्वास और नए उद्यमों, व्यवसायों और उद्यमों में बड़े पैमाने पर फंड प्रवाह की आवश्यकता होती है। अकेले सरकार बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन नहीं कर सकती है।

मध्य-पूर्व में तनाव के कारण बढ़ी अनिश्चितता सिर्फ रक्षा आपूर्ति निर्माताओं के लिए अच्छी खबर है। अधिकांश लोगों के लिए यह बुरा आर्थिक समाचार है। सुरक्षा परिषद के दोनों सदस्यों-चीन या रूस ने ईरान के हमले की निंदा नहीं की है। इज़रायल को गाज़ा पर बमबारी बंद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में रखे प्रस्ताव को एकमात्र असहमत देश संयुक्त राज्य अमेरिका ने बार-बार वीटो किया है।

हमास द्वारा 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इज़रायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इज़रायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इज़रायल द्वारा गाज़ा पर हमलों की समाप्ति के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं। शांति की गुहार लगाने वालों को युद्धोन्मादी लोगों ने बाहर कर दिया है। संघर्ष विराम या शांति वार्ता तो दूर की बात है, नेता कोई समझदारी का माहौल बनाने में नाकाम रहे हैं। यह सब भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है जो पहले से ही महंगाई, स्थिर निजी निवेश, उच्च युवा बेरोजगारी दर और व्यापक असमानता की चुनौतियों से जूझ रही है।

**( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## नाइजीरिया ने एक हफ्ते में 192 आतंकवादियों को मार गिराया

**अबूजा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। नाइजीरिया में पिछले सप्ताह के आतंकवाद विरोधी अभियान में कम से कम 192 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए हैं। इसमें तीन प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। वहां की सेना ने यह जानकारी दी। सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने कहा कि सैनिकों द्वारा की गई छापेमारी में लगभग 341 अन्य लोगों को पकड़ा गया, जबकि इस अवधि में 62 बंधकों को मुक्त कराया गया। बूबा ने कहा कि आईएसडब्ल्यूएपी के कुल 122 सदस्यों और उनके परिवारों ने ऑपरेशन के दौरान सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# इजरायल परमाणु स्थलों पर हमला करता है तो उचित प्रतिक्रिया देंगे : ईरान

**तेहरान,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया तो वह उसकी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाएगा।

फ़ार्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों की सुरक्षा करने वाले इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) इकाई के कमांडर अहमद हकतलब की यह टिप्पणी तब आई है जब इजरायल ने पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में ईरानी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का संकेत दिया था। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की इजरायली धमकियां कोई नई बात नहीं हैं और वह वर्षों पहले से धमकियां देने के अलावा, ईरान के परमाणु उद्योग के खिलाफ तोड़फोड़ एवं आतंकी कृत्यों को अंजाम दिया है।

हकतलब ने कहा कि हालांकि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार परमाणु सुविधाओं पर हमला करने से रोका गया है,



**सभी देशों को परमाणु सुविधाओं पर हमला करने से रोका गया है, लेकिन ईरान हमेशा ऐसे खतरों से निपटने के लिए तैयार रहा है : हकतलब**

लेकिन ईरान हमेशा ऐसे खतरों से निपटने के लिए तैयार रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने इजरायल के परमाणु केंद्रों की पहचान की है और सभी लक्ष्यों के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की है और कहा कि ईरान ने 'ट्रिगर पर अपनी उंगली रखी हुई है' जिससे अगर इजरायल कार्रवाई शुरू करता है तब उन लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए शक्तिशाली मिसाइलों का उपयोग किया जा सके।

## ईरान के अधिकारी ने इजरायली हमलों का किया खंडन

**तेहरान।** ईरान के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इजरायल की ओर से किए गए हमलों का खंडन किया है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के खिलाफ कोई मिसाइल हमला नहीं किया गया है। अधिकारी ने कहा कि इस्फहान में सुने गए विस्फोट की वायु रक्षा प्रणालियों की सक्रिय किया गया है और उसने किसी संदिग्ध वस्तु को निशाना बनाया है जिससे विस्फोट की गूंज सुनाई दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

## इजरायल ने ईरान के इस्फहान शहर पर किया हमला

**तेल अवीव।** इजरायल ने ईरान के इस्फ़हान शहर पर हमला किया है, जिसके बाद ईरान ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी है और उड़ानें निलंबित कर दी हैं। इसके बाद से मिडिल ईस्ट में और तनाव बढ़ गया है। यह हमला ईरान द्वारा इजराइल पर मिसाइलें और ड्रोन से किए गए हमले का जवाब माना जा रहा है। ईरानी न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, आसमान में ईरानी हवाई सुरक्षा सक्रिय कर दी गई है। इस्फ़हान के पूरब और इस्फ़हान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास तीन विस्फोट हुए हैं।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में दो लोगों की मौत

**इस्लामाबाद,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। शुक्रवार सुबह पाकिस्तान के कराची में विदेशी नागरिकों के एक काफिले पर आत्मघाती हमला किया गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने कराची के मालिर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तारिक मस्तोई के हवाले से बताया कि कराची के लांधी टाउन क्षेत्र के मनसेहरा कॉलोनी क्षेत्र में पांच जापानियों को ले जा रहे एक काफिले को



निशाना बनाया गया, लेकिन सुरक्षा गार्डों की जवाबी गोलीबारी ने इस हमले को नाकाम कर दिया।पुलिस के मुताबिक एक आतंकवादी ने सामने वाले वाहन पर हमला करने के लिए बंदूक निकाली, लेकिन पीछे चल रहे वाहन में मौजूद पुलिस सुरक्षा गार्डों ने जवाबी गोलीबारी में उसे मार गिराया। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी के बाद एक आतंकवादी ने विस्फोटकों से भरी अपनी जैकेट में विस्फोट कर दिया जिससे विदेशियों का वाहन और एक मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और दो गार्डों सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हमले में सभी पांच विदेशी नागरिक सुरक्षित रहे।

## सुडोकू 6530

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 1 | | | | | |
| 7 | | | | | | 2 | | |
| 6 | | 8 | 2 | | | 9 | 3 | |
| | | 7 | | 4 | 9 | 3 | | |
| | | | 7 | | 3 | | | |
| | | 5 | 8 | 2 | | 7 | | |
| | 8 | 2 | | | 7 | 5 | | 1 |
| | | 1 | | | | | | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 20 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - आज पूरे दिन आपको शारीरिक और मानसिक थकान का अनुभव होगा। परिश्रम की अपेक्षा सफलता कम होने से आपको निराशा होगी। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सतत व्यस्तता के कारण परिवार की उपेक्षा होगी।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा कर सकेंगे। पिता से लाभ हो सकता है। विद्यार्थी विद्याध्ययन में सफल होंगे। संतान के पीछे खर्च या निवेश की संभावना है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने से आप नई योजनाएं शुरू कर सकेंगे। व्यावसायिक सरकारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। नौकरी पेशा लोग उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि पा सकेंगे। भाइयों और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता महसूस होगी। नेगेटिव विचारों के कारण मानसिक चिंता होगी। किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पारिवारिक वातावरण दूषित होगा। विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगेगा।

सिंह - आत्मविश्वास और निर्णयशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप त्वरित निर्णय ले सकेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। बुजुर्गों से आपको सहयोग मिलेगा। आपका मन प्रफुल्लित रहेगा।

कन्या - आप शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। आपको छोटी बड़ी तकलीफें रहा करेंगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। गुस्से और इगो के कारण आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुला - आज आप अलग-अलग क्षेत्र से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उसके कारण आपको शारीरिक मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। आज आप दिन में मित्रों के साथ मिलकर किसी रमणीय स्थल की सैर करने का आयोजन कर सकेंगे।

वृश्चिक - आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। आप समाज में सम्माननीय बनेंगे। नौकरी तथा व्यवसाय में पदोन्नति का योग है।

धनु - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और थकान का अनुभव होगा। मानसिक रूप से भी बेचैनी का अनुभव होगा। कहीं जाने की योजना को टालना हितकर होगा। संतान की चिंता हो सकती है।

मकर - आज खान-पान पर ध्यान दें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी आशंका है। उपचार, प्रवास या व्यावहारिक प्रसंगों में पैसे खर्च होंगे। कठिनाइयों से बाहर आना हो तो नकारात्मक विचारों तथा उग्र विचार पर अंकुश रखें।

कुंभ - आज आप में आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल भरपूर मात्रा में होगा और आपका दिन प्रेम और रोमांस से अधिक उल्लासित बनेगा। किसी नए व्यक्तियों के साथ आपकी मित्रता होगी।

मीन - घर में शांति और आनंद के वातावरण का सकारात्मक प्रभाव आपके काम पर देखने को मिलेगा। परंतु आपको अपने उग्र स्वभाव और वाणी पर अंकुश रखनी होगी। आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## सीरिया में सरकार समर्थक 28 लड़ाके मारे गए

**बेरूत,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। सीरिया में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के संदिग्ध हमलों में सरकार समर्थक कम से कम 28 लड़ाके मारे गए। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार देर रात एक सैन्य बस पर हुए हमले में 22 सीरियाई सैनिक और सहयोगी लड़ाके मारे गए। देश के पूर्वी हिस्से में अल-तैयबा शहर के पास हुए हमले में सात अन्य लोग घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी सीरियाई प्रांत दीर अल-जौर में एक दूसरे हमले में छह सीरियाई सैनिक मारे गए। हमलों की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है। लेकिन ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि हमलों के पीछे इस्लामिक स्टेट समूह का हाथ होने की संभावना है।

## यूएई में रिकॉर्ड तोड़ बारिश, फिलीपींस के तीन नागरिकों की मौत

**अबू धाबी,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। यूएई में इस सप्ताह रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण दुबई में काम करने वाले फिलीपींस के तीन नागरिकों की मौत हो गई है। प्रवासी श्रमिक विभाग (डीएमडब्ल्यू) के प्रभारी अधिकारी हंस कैकडैक ने बताया कि दो महिलाओं की कार के अंदर फंस जाने के बाद दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की मौत उसके वाहन के सिंकहोल से टकराने के बाद हुई। उन्होंने बताया कि दुबई और अबू धाबी स्थित उनका कार्यालय फिलीपींस दूतावास और महावाणिज्य दूतावास के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## केन्या में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सैन्य प्रमुख समेत नौ अधिकारियों की मौत

**नैरोबी,**19 अप्रैल (एजेंसियां)। केन्या के सैन्य प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की देश के पश्चिम में एक सैन्य हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से मृत्यु हो गई है। राष्ट्रपति ने यह घोषणा की है। जनरल ओगोला ग्यारह अन्य सैन्य कर्मियों के साथ हेलीकॉप्टर में सवार थे। दुर्घटना में केवल दो लोग जीवित बचे है।

बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि राष्ट्रपति विलियम रूटो ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह देश के लिए 'बड़े दुख का क्षण' है। उन्होंने इससे पहले उन्होंने सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाई थी। रुटो ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार 14:20 बजे हुई। राष्ट्रपति ने कहा कि केन्या वायु सेना ने दुर्घटना का कारणों का पता लगाने के लिए एक जांच दल भेजा है। हेलीकॉप्टर राजधानी नैरोबी से लगभग 400 किमी उत्तर-पश्चिम में एल्गेयो माराक्वेट काउंटी में गिरा। रुटो ने कहा कि दुर्भाग्य से, विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बचाव और राहत टीमों को दुर्घटनास्थल पर भेजा गया है। वायु सेना के कमांडर और रक्षा बलों के उप प्रमुख के रूप में कार्य करने के बाद जनरल ओगोला को पिछले साल अप्रैल में रुटो द्वारा नियुक्त किया गया था।

रूटो ने जनरल ओगोला को एक बहादुर अधिकारी बताया और कहा कि उन्होंने अपनी ड्यूटी के दौरान प्राण न्योछावर कर दिए। रूटो




- बचाव व राहत टीमों को दुर्घटनास्थल पर भेजा गया
- केन्या में तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा

ने राष्ट्र को बताया कि हमारी मातृभूमि ने अपने सबसे बहादुर जनरलों, वीर अधिकारियों, सैन्य पुरुषों और महिलाओं में से एक को खो दिया है। रुटो ने कहा कि केन्या गणराज्य और विदेशों में केन्याई मिशनों में झंडे आधे झुके रहेंगे।

जीवित बचे दो लोगों की भी हालत गंभीर है और उनका इलाज चल रहा है। इन अधिकारियों ने केन्या के दस्युता से ग्रस्त उत्तरी रिफ्ट क्षेत्र की यात्रा की थी और दस्यु हमलों के बाद बंद किए गए कुछ स्कूलों को फिर से खोलने के मिशन पर ये लोग वहां गए थे। उन्होंने क्षेत्र को स्थिरता बहाल करने के लिए तैनात सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात की थी।

## वर्ग पहेली 6530



**बायें से दायें:-**

१. जिसके हाथ में चक्र हो
३. सार्वजनिक (उर्दू)
४. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. टेंशन
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. सामान्य दरजे का
२३. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय,दहशत
६. अग्निकांड (उर्दू)
८. मेंटनेस, देखरेख
१०. उपन्यास कहानी
११. हसरत
१२. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

### वर्ग पहेली-6529

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | जा | २ त | श | ३ त्रु | ■ | ४ ध | र्म | ५ रा | ज |
| नि | ■ | र | ■ | ६ टि | क | ना | ■ | जि | ■ |
| ७ वा | जि | ब | ■ | ही | ■ | त्म | ■ | ८ त | ९ म |
| र्य | ■ | त | ■ | १० न | र्त | क | ■ | ■ | दि |
| ■ | ११ प | र | १२ ख | ■ | ■ | ■ | १३ ज | खी | रा |
| ■ | गा | ■ | दि | ■ | १४ सं | ग्र | ह | ■ | पा |
| १५ स | र | १६ का | र | ■ | क | ■ | १७ र | १८ स | न |
| र्व | ■ | र | ■ | १९ अ | ल्प | २० ना | ■ | लि | ■ |
| २१ प | रा | ग | ■ | र्च | ■ | २२ म | त | ल | २३ ब |
| ल्ली | ■ | २४ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## फिलिस्तीनी की स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की इच्छा नजरअंदाज नहीं हो सकती : चीन

### 70 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष

**बीजिंग,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में चीनी स्थायी प्रतिनिधि फू छ्ओंग ने कहा कि फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बेहद दुखद तरीके से चेतावनी दी है कि हम अब फिलिस्तीनी लोगों की स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा को नजरअंदाज नहीं कर सकते और हम फ़िलिस्तीनी लोगों द्वारा झेले गए ऐतिहासिक अन्याय को जारी नहीं रख सकते।



**मध्य पूर्व मुद्दा हल करने का मूल तरीका दो-राज्य समाधान लागू करना है : फू**

फू छ्ओंग ने फ़िलिस्तीन-इज़रायल मुद्दे पर सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि मध्य पूर्व मुद्दा हल करने का मूल तरीका दो-राज्य समाधान लागू करना है। फ़िलिस्तीन-इज़रायल संघर्ष 70 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है। इज़रायल ने लंबे समय से स्वतंत्रता और राज्य का दर्जा हासिल कर लिया है, लेकिन फ़िलिस्तीन लोगों के आत्मनिर्णय और राज्य के अधिकारों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनना फ़िलिस्तीन के लिए एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चीन सुरक्षा परिषद के सभी सदस्यों से फ़िलिस्तीन के संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने के लिए वोट करने का आह्वान करता है।

फू छ्ओंग ने इस पर जोर दिया कि मौजूदा संघर्ष अभी भी जारी है और स्थिति अनिश्चित है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ संकल्प दिखाना होगा, सही विकल्प चुनना होगा और शक्तिशाली कार्रवाई करनी होगी। और, तत्काल युद्धविराम को तत्परता से बढ़ावा देना होगा।

## रूसी हमले में यूक्रेन में आठ की मौत

**कीव,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिणी यूक्रेन में शुक्रवार तड़के रूसी हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र के गवर्नर सेरही लिसाक ने टेलीग्राम पर बताया कि हमले में राजधानी निप्रो में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। इस दौरान पांच मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई। रेलवे स्टेशनों को भी निशाना बनाया गया। डीनिप्रो में मुख्य रेलवे स्टेशन बंद कर दिया गया और लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार हमले में सिनेलनीकोव शहर में भी छह लोग मारे गए। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं।

**यूक्रेनी ने नौ रूसी मिसाइलों को मार गिराया**

## आज का इतिहास

1611–विख्यात उपन्यासकार विलियम शैक्सपियर के नाटक 'मैकबेथ' का पहला ज्ञात मंचन हुआ।
1712–जहांदार शाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा. इस मुगल सम्राट ने 1713 तक शासन किया। वह बहादुरशाह का बड़ा पुत्र था।
1876–भारतीय थल सेना के 41वें डोगरा में लांस नाईक लाला राम का जन्म।
1889–जर्मन तानाशाह अडोल्फ हिटलर का जन्म।
1914–उड़िया भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार गोपीनाथ मोहंती का जन्म।
1920–प्रसिद्ध भजन गायिका जुथिका रॉय का जन्म।
1936–प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रेम शंकर गोयल का जन्म।
1939–जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के पचासवें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
1946–संयुक्त राष्ट की पूर्ववर्ती संस्था लीग ऑफ नेशन्स भंग की गई।
1953–कोरिया और संयुक्त राष्ट्र सेना के बीच बीमार युद्ध बंदियों का आदान प्रदान हुआ।
1960–एयर इंडिया ने लंदन की अपनी पहली बोइंग 707 उड़ान के साथ जेट युग में प्रवेश किया।
1970–भारतीय गीतकार और शायर शकील बदायूँनी का निधन।
1972–अपोलो 16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया। जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चांद पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी।
1974–सत्तर के दशक में आंतरिक हिंसा से बुरी तरह प्रभावित उत्तरी आयरलैंड के संघर्ष में मरने वालों की संख्या 1000 पहुंची।
1997–इंद्र कुमार गुजराल देश के 12वें प्रधानमंत्री बने।
1999–जर्मन के पूर्व चांसलर हेल्मुट कोल अमेरिकी सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द प्रेसिडेंशियल मेडल आफ़ फ्रीडम' से सम्मानित।
2004–राजस्थान के लोक गीतों एवं कथाओं आदि के संकलन एवं शोध हेतु समर्पित कोमल कोठारी का निधन।

**स्वीकार** *पाकिस्तान ने की भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की वकालत*

## दुबई सहित विभिन्न मार्गों से व्यापार करने पर बढ़ जाती है लागत

**इस्लामाबाद, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने खुलासा किया है कि उन्होंने भारत के साथ व्यापार दोबारा शुरू करने पर देश के व्यापारिक समुदाय के साथ आंतरिक परामर्श शुरू किया है। विदेश मंत्री का ताज़ा बयान उनके पिछले बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने पड़ोसी देश के साथ व्यापार फिर से शुरू करने की इच्छा व्यक्त की थी। डार ने कहा कि देश के व्यापारियों ने भारत के साथ व्यापार मार्गों को खोलने की इच्छा व्यक्त की है।**

उन्होंने कहा कि सामान्य वस्तुओं और दवा का व्यापार पहले से ही दुबई सहित विभिन्न मार्गों से हो रहा है, जिससे व्यापार और व्यवसाय की लागत बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि उनके पहले के बयान, जिसमें उन्होंने व्यापार मार्गों को फिर से खोलने और भारत के साथ व्यापार करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की थी, व्यापारिक समुदाय की मजबूत सिफारिशों और मांगों पर आधारित थे।

मंत्री ने कहा कि वह एक योजना पर काम कर रहे हैं जिसमें संबंधित हलकों से चर्चा और अनुमोदन शामिल है। विदेश मंत्री का बयान ऐसे वक्त आया है जब उनकी ही पार्टी के सहयोगी और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि मौजूदा कश्मीर विवाद के कारण भारत के साथ व्यापार की संभावना शून्य है।



**देश के व्यापारिक समुदाय ने भारत के साथ व्यापार मार्गों को फिर से खोलने की इच्छा व्यक्त की है : इशाक**

विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि डार का बयान उत्साहजनक है, लेकिन यह अभी भी अनिश्चित बना हुआ है कि क्या यह सैन्य प्रतिष्ठान और कैबिनेट सहित अन्य संबंधित मंत्रालयों से अनुमोदन के माध्यम से आगे बढ़ सकेगा, जिसने भारत से संबंधित मामलों पर कठोर रुख बनाए रखा है। अदनान शौकत ने कहा कि पाकिस्तान की आधिकारिक स्थिति यह है कि वह भारत के साथ व्यापार पर तब तक कोई बातचीत नहीं करेगा जब तक कि कश्मीर के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी जाती। इसे ध्यान में रखते हुए, मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के लिए व्यापार फिर से शुरू करना कोई आसान कदम होगा। पत्रकार कामरान यूसुफ ने कहा कि व्यापारिक समुदाय की चिंताएं उचित हैं क्योंकि वाघा-अटारी सीमा के माध्यम से भारत के साथ व्यापार की लागत दुबई के माध्यम से व्यापार की तुलना में बहुत सस्ती होगी। यह व्यापारिक समुदाय के साथ किए जा रहे परामर्श का केवल एक प्रारंभिक चरण है और कोई भी ठोस परिणाम प्राप्त करने से पहले बहुत कुछ करना बाकी है।

## दुनिया को जानें

### अधूरी जांच के चलते 90 प्रतिशत से ज्यादा मरीज ले रहे मधुमेह की दवा

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। एप्रोपीरीएट डायट थेरेपी सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ एस कुमार ने देश में लगातार मधुमेह मरीजों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए आज दावा किया अति आधुनिक जांच उपलब्ध होने के बावजूद 90 प्रतिशत से ज्यादा मधुमेह पीड़ित अधूरी जांच के चलते और पूरी जानकारी न होने के कारण दवा और इन्सुलिन ले रहे हैं।

डॉ कुमार ने यहां यह दावा करते हुए कहा कि यह देश के लिए न केवल एक चुनौती है बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत एक गंभीर समस्या भी है। मधुमेह रोग का नाम सुनते ही सबसे पहले लोगों के मन में यही ख्याल आ जाता है कि,अब उन्हें का ताउम्र जीवन भर दवा के सहारे अपना आगे की जिंदगी जीना पड़ेगा। यही सबसे बड़ी मिथ्या है क्योंकि रोगियों को पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके लिए भी एक वैज्ञानिक होने के नाते बहुत बड़ी चुनौती थी कि आखिर इस रोग से लोगों को कैसे मुक्ति दिलाए। उन्होंने इस और गहन रिसर्च कर यह देखा कि मेडिकल साइंस में भी इस रोग में कुछ महत्वपूर्ण टेस्ट की जानकारी दी गई है।

# प्रादेशिकी

## सीएम धामी ने परिवार संग किया वोट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने गृह क्षेत्र खटीमा में परिवार संग वोट किया। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि भाजपा के 400 पार के नारे में उत्तराखंड से पूरा सहयोग होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत समेत कई दिग्गजों ने किया मतदान

■ अमरनाथ तिवारी





**हरिद्वार,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। हरिद्वार लोकसभा सीट में 20 लाख 35 हजार 726 मतदाता हैं। हरिद्वार सीट पर 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। जबकि कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत को प्रत्याशी बनाया है। वीरेंद्र रावत ने मतदान के मौके पर रुड़की में मतदान किया। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत ने पूजा अर्चना कर अपने बड़ों का आशीर्वाद लेकर रुड़की के बीएसएम कॉलेज में अपने मत का प्रयोग किया।

इस दौरान वीरेंद्र रावत ने जनता से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र में बहुत बड़ा पर्व है। मतदान न सिर्फ हमारा अधिकार है। बल्कि कर्तव्य भी है। सभी को वोट डालना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए और अपने इच्छा अनुसार अपने नेता को चुनें। वहीं, संसदीय सीट प्रत्याशियों की बात की जाए तो बसपा की ओर से जमील अहमद कासमी चुनाव मैदान में हैं। इसके साथ ही खानपुर विधायक उमेश कुमार शर्मा ने निर्दलीय ताल ठोकी है। यहां मुकाबला चतुष्कोणीय माना जा रहा है। इससे पहले भाजपा के रमेश पोखरियाल निशंक इस सीट से दो बार के लोकसभा सांसद रहे हैं। वर्तमान सांसद होने के बावजूद निशंक को इस बार भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। जबकि 2019 में निशंक को हरिद्वार सीट पर कुल वोटों का 52 प्रतिशत वोट मिले ।

### मसूरी कांग्रेस प्रत्याशी गुनसोला ने किया मतदान

मसूरी। टिहरी संसदीय क्षेत्र के मसूरी में भी सुबह 7 बजे से मतदान जारी रहा। हालांकि, मसूरी के मानव भारती पोलिंग बूथ पर मशीन खराब होने के कारण वोटिंग प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू हुई। सुबह से ही लोगों में मतदान को लेकर काफी उत्साह नजर आया। वहीं, टिहरी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने भी मसूरी में अपने मतदान का प्रयोग किया। गुनसोला ने आम लोगों के साथ पोलिंग बूथ पर पहुंचकर लाइन पर लगाकर वोट किया। साथ ही जनता से भी अपील करते हुए मतदान केंद्रों में पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए कहा। दूसरी तरफ मतदान करने को लेकर लोगों में भी काफी उत्साह देखा गया। वोट करने आए मतदाताओं ने कहा कि पहले मतदान, फिर जलपान और इसी मकसद को लेकर वह सुबह मतदान केंद्र में पहुंचे हैं। लोगों ने कहा कि वह देश में हुए विकास को लेकर मतदान कर रहे है।

## कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने परिवार संग किया मतदान

**पौड़ी।** गढ़वाल संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की और कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान बेहद जरूरी है। शुक्रवार को प्रथम चरण के मतदान करने से पूर्व गणेश गोदियाल ने अपने



ईष्ट देव की पूजा अर्चना की और जीत का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गोदियाल थलीसैंण ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय भटकोट में बने मतदान केंद्र में परिवार संग वोट डालने पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उनकी माता पार्वती देवी, पत्नी सुनीता, बेटा कुलदीप और बहू अंकिता ने भी मतदान किया। बता दें कि गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के सामने भाजपा ने अनिल बलूनी को उम्मीदवार बनाया है। सीट पर दोनों ही प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखा जा रहा है। अनिल बलूनी के समर्थन में जहां पीएम मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ समेत कई स्टार प्रचारकों ने जनसभा और रैली की, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए सिर्फ प्रियंका गांधी ने जनसभा की।

## उत्तराखंड में पांच बजे तक 53.56 फीसदी मतदान

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए वोटिंग का समय पूरा हो गया है। उत्तराखंड में पांच बजे तक 53.56 फीसदी मतदान हुआ है. अभी भी वोर्टर्स लाइनों में लगे हैं. पांच बजे से पहले पोलिंग बूथ में इंटर कर चुके सभी वोटर्स को वोट करवाया जाएगा। इसमें एक से डेढ़ घंटे का समय लग सकता है. उत्तराखंड में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ सीट पर पांच बजे तक 44.43 फीसदी, नैनीताल-उधमसिंह नगर सीट पर 59.36 फीसदी, पौड़ी गढ़वाल सीट पर 48.79 फीसदी, टिहरी सीट पर 51.01 फीसदी, हरिद्वार सीट पर 59.01 फीसदी मतदान हुआ है। उत्तराखंड में दोपहर 3 बजे तक कुल 45.53 फीसदी मतदान हुआ है। अल्मोड़ा लोकसभा सीट में 38.43 फीसदी मतदान हुआ है। गढ़वाल लोकसभा सीट में 42.12 फीसदी मतदान हुआ है। हरिद्वार लोकसभा सीट में 49.62 फीसदी मतदान हुआ है। नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट में 49.94 फीसदी मतदान हुआ है। टिहरी लोकसभा सीट पर 43.61 फीसदी मतदान हुआ है।

## टिहरी से बीजेपी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने डाला वोट

**देहरादून।** टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने नरेंद्रनगर में मतदान किया। इस दौरान



उन्होंने कहा कि जनता विकास को लेकर वोट कर रही है। माला ने जनता से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का महापर्व है और मताधिकार हर नागरिक का अधिकार है। इसलिए इस अधिकार का प्रयोग करना लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक है। इस मौके पर महाराजा मनुजेंद्र शाह, महारानी की पुत्री क्षीरज अरोड़ा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार आदि मौजूद थे।

## गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के अर्जुनपुर बूथ पर 1,228 में से सिर्फ 28 वोट पड़े

**देहरादून।** ऊधमसिंह नगर जनपद के गदरपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अर्जुनपुर मतदान स्थल पर ग्रामीणों ने किया विरोध। 1,228 वोटरों में से मात्र 28 ने डाले वोट. ग्रामीण कह रहे हैं रोड नहीं तो वोट नहीं। राजकीय प्राथमिक विद्यालय अर्जुनपुर मतदान केंद्र पर 1,228 वोटों में से मात्र 28 वोट पड़े. ग्रामीणों को प्रशासन ने ग्रामीणों को मनाने के प्रयास किए।

### सार संक्षेप

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पत्नी संग डाला वोट

**देहरादून।** उत्तराखंड के राज्यपाल रि. लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने मतदान कर दिया है। राज्यपाल ने शहिद मेख बहादुर गुरुंग कैंट कन्या इंटर कॉलेज, गढ़ी, देहरादून में मतदान किया। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपनी धर्मपत्नी गुरमीत कौर के साथ मतदान किया। राज्यपाल ने समस्त प्रदेशवासियों को लोकतंत्र के महापर्व की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी कर्मचारी और अधिकारियों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि पोलिंग बूथ में मतदाताओं को मतदान के लिए की गई व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं।

## वोट डालने गए मतदाता ने पटकी ईवीएम मशीन

**हरिद्वार।** हरिद्वार विधानसभा के मतदान केंद्र ज्वालापुर इंटर कॉलेज में एक मतदाता ने ईवीएम मशीन का विरोध जताते हुए पोलिंग बूथ पर रखी मशीन को ही नीचे पटक दिया। मतदाता जोर-जोर से चिल्लाते हुए ईवीएम मशीन का विरोध किया और बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने मशीन तोड़ने वाले मतदाता को हिरासत में ले लिया जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार आज दोपहर ज्वालापुर क्षेत्र के रहने वाले एक बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्र ज्वालापुर इंटर कॉलेज स्थित बूथ नंबर 126 पर मतदान करने के लिए पहुंचे थे। नंबर आने के बाद जैसे ही वह अंदर पहुंचे तो उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। अधिकारियों द्वारा जब उन्हे समझाना चाहा तो वह बुजुर्ग मतदाता तैश में आ गया और उन्होंने डेस्क पर रखी ईवीएम मशीन को उठाया और अधिकारियों के सामने ही नीचे जमीन पर पटक डाला। जिसके बाद मशीन टूट गई हालांकि वह बाद में चालू रही।

## पोलिंग बूथ के अंदर वीडियो बनाना युवक को पड़ा भारी,गिरफ्तार

**उधमसिंह नगर।** लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में मतदाताओं द्वारा किये जाने वाले अजीबोगरीब मामले सामने आ रहे है। इस क्रम एक मतदाता ने पोलिंग बूथ के अन्दर एक वीडियों ही बना डाला और उसे वायरल कर दिया। मामला जानकारी में आने पर पुलिस ने उक्त मतदाता को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कुंडा क्षेत्र निवासी एक युवक द्वारा लोकसभा चुनाव में वोट डालते हुए अपना एक वीडियो अपने फेसबुक पर अपलोड किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर थाना कुंडा पुलिस द्वारा उक्त युवक के खिलाफ कारवाई करते हुए उसको पकड़ कर थाना लाया गया।

## सुडोकू 6529 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वोट डालने गए मतदाता ने पटकी ईवीएम मशीन मची अफरा तफरी

**हरिद्वार,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। हरिद्वार विधानसभा के मतदान केंद्र ज्वालापुर इंटर कॉलेज में एक मतदाता ने ईवीएम मशीन का विरोध जताते हुए पोलिंग बूथ पर रखी मशीन को ही नीचे पटक दिया। मतदाता जोरकृजोर से चिल्लाते हुए ईवीएम मशीन का विरोध किया और बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने मशीन तोड़ने वाले मतदाता को हिरासत में ले लिया जिससे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार आज दोपहर ज्वालापुर क्षेत्र के रहने वाले एक बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्र ज्वालापुर इंटर कॉलेज स्थित बूथ नंबर 126 पर मतदान करने के लिए पहुंचे थे। नंबर आने के बाद जैसे ही वह अंदर पहुंचे तो उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। अधिकारियों द्वारा जब उन्हे समझाना चाहा तो वह बुजुर्ग मतदाता तैश में आ गया और उन्होने डेस्क पर रखी ईवीएम मशीन को उठाया और अधिकारियों के सामने ही नीचे जमीन पर पटक डाला। जिसके बाद मशीन टूट गई हालांकि वह बाद में चालू रही। अचानक हुई इस घटना के बाद बूथ पर मतदाताओं में अफरा तफरी मच गई। मामले की गम्भीरता को देखते हुए मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल मतदाता को हिरासत में लेकर रेल चौकी भेजा गया जहां उससे पूछताछ जारी है।

# प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर और मजबूत : सुक्खू

**शिमला,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह स्थिर है और मजबूत है और वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पैसे के दम पर लोकतंत्र की हत्या करने वाले षड्यंत्रकारी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मण्डी संसदीय सीट सहित प्रदेश की सभी लोकसभा व विधानसभा उप चुनावो में जीत हासिल करेगी। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मण्डी संसदीय क्षेत्र के नेताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए उस पर पार पाया है। उन्होंने कहा उनके छह विधायको ने पैसे के लिए अपना ईमान बेच दिया, इसके लिए प्रदेश की जनता उन्हें कभी माफ नही करेंगी।





मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अपने 15 माह के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय निर्णय कर जनता के हित में कार्य किए है। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन जारी कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी भी पूरी की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकट आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद आपदा से प्रभावित लोगों की सरकार ने पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि मण्डी जिला सबसे ज्यादा आपदा प्रभावित रहा। उन्होंने कहा कि इस दौरान न तो केंद्र की भाजपा सरकार ने प्रदेश को कोई विशेष आर्थिक मदद दी और न ही प्रदेश भाजपा के नेताओं ने राहत कार्यों में ही कोई सहयोग दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत कांग्रेस की राज्यसभा की एक सीट चुराई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देव भूमि है और लोग अब भाजपा को लोकसभा की चारों सीटों पर करारी हार देकर इसका हिसाब चुकता करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र से उन्होंने एक योग्य,अनुभवी युवा नेता विक्रमादित्य को चुनाव मैदान में उतारा है।

उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य मण्डी संसदीय क्षेत्र में रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों से कार्यकर्ताओं के साथ एकजुटता से चुनाव प्रचार में डटने व सरकार की 15 माह की उपलब्धियों को जनता

> हिमाचल देव भूमि है और लोग अब भाजपा को लोकसभा की चारों सीटों पर करारी हार देकर इसका हिसाब चुकता करेंगे : ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

के बीच प्रमुखता से रखने को कहा। इससे पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मण्डी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी संजय दत्त ने पार्टी पदाधिकारियों से सभी ब्लॉकों में मजबूती के साथ ग्रासरूट में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे हर हाल में पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस साल के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी व महिला अत्याचार में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी हुई है। भाजपा मुद्दों पर नही लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिस प्रकार से पूर्ण बहुमत वाली सरकार को अस्थिर करने की भाजपा ने कोशिश की है उससे उसका वास्तविक चेहरा सबके सामने आ चुका है।

पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पूरी तरह मजबूत है और मण्डी संसदीय सीट पर भारी मतों से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में कांग्रेस नेताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम करने का आह्वान किया। लोक निर्माण मंत्री मण्डी संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें मण्डी लोकसभा चुनाव लड़ने के निर्देश दिए है।

# केन्द्र सरकार की सामरिक महत्व की शिंकुला टनल के निर्माण को एफसीए की मंजूरी

**शिमला,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने सामरिक महत्व की शिंकुला टनल के निर्माण को एफसीए की मंजूरी प्रदान कर दी है। इस टनल का साउथ पोर्टल का 3800 मीटर का हिस्सा हिमाचल के लाहौल स्पीति जिला में होगा। सुरंग के निर्माण से न सिर्फ लेह लद्दाख तक चीन सीमा पर सैनिकों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा




मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से शिंकुला टनल बनने का रास्ता साफ़ हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लाहौल और लद्दाख को जोड़ने के लिए 4.1 किमी सुरंग बनाने को एफसीए क्लीयरेंस प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य

> ■ राज्य सरकार के प्रयासों से ही टनल निर्माण के लिए एफसीए क्लीयरेंस प्राप्त हुई

सरकार ने इस महत्वपूर्ण सुरंग के निर्माण को राज्य सरकार ने प्राथमिकता दी और विशेष अधिकारी नियुक्त कर केंद्र सरकार से स्वीकृती प्रदान करवाई। राज्य सरकार के प्रयासों से ही टनल निर्माण के लिए एफसीए क्लीयरेंस प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सुरंग के साथ.साथ यहां एक हैलीपैड और कार्यालय परिसर का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सुरंग के निर्माण से लद्दाख तक सभी मौसम में जाना संभव हो पाएगा और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख तक पहुंचने का यह सबसे छोटा रास्ता होगा।

# दून की धर्मपुर विधानसभा में मतदान करने गई महिला को बीएलओ ने बताया मृत

**देहरादून,** 19 अप्रैल (देशबन्धु) उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। इसी बीच देहरादून जिले के धर्मपुर विधानसभा स्थित 168 पोलिंग बूथ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, साहिबा खान नाम की महिला धर्मपुर विधानसभा के 168 पोलिंग बूथ पर मतदान करने गई थी, लेकिन उसे यह कहकर वापिस कर दिया गया कि उसका नाम निर्वाचक नामावली से काट दिया गया है। जब महिला ने संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से जानकारी मांगी और मतदाता सूची से उसका नाम क्यों काटा गया पूछा, तो बीएलओ ने कहा कि साहिबा खान नाम



**अगली बार कर सकेंगी मतदान**

की महिला की मौत हो गई है। जिसके चलते नाम काट दिया गया है।

जब साहिबा ने अपना प्रमाण पत्र दिखाया तो बीएलओ ने निर्वाचक नामावली पर ष्जीवित हैष् लिख दिया और साहिबा से कहा कि वो इस बार वोट नहीं दे पाएंगी, लेकिन उनका नाम जोड़ दिया जाएगा। ऐसे में अगले चुनाव में वो मतदान कर पाएंगी। वहीं, जब ईटीवी भारत संवाददाता ने संबंधित बीएलओ से इस संबंध में जानकारी मांगी, तो बीएलओ ने बताया कि वो हाल ही में उन्होंने जिम्मेदारी संभाली हैं। ऐसे में उनको इसकी जानकारी नहीं है। हैरानी की बात यह है कि जब निर्वाचन आयोग के आईटी सेल में साहिबा खान के वोट कटने की पड़ताल की, तो पता चला कि साहिबा खान का नाम काटने की वजह रिपीट होना है और ये जानकारी निर्वाचक नामावली के राइट साइड में नाम से ऊपर ष्ष् से इंगित किया गया है। ऐसे में साहिबा का नाम निर्वाचक नामावली में कही और मेंशन होना चाहिए।

# टाशीगंग के मतदाता लोकसभा चुनाव और विधान सभा उपचुनाव में मतदान को तैयार नहीं

**शिमला,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। स्पीति घाटी मुख्यालय काजा से 21 किमी दूर स्थित देश के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टाशीगंग के मतदाता लोक सभा चुनाव व विधान सभा उप चुनाव में मतदान को तैयार नहीं। समुद्र तल से 15256 मीटर की ऊंचाई पर स्थित टाशीगंग के नाराज मतदाताओं को मनाने शुक्रवार को एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी पहुंचे। उन्होंने मतदाताओं के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम ने उनकी मांगों को सुना तथा उन्हें आश्वासन भी दिया।बावजूद इसके मतदाता मतदान को तैयार नहीं हैं। सनद रहे कि टाशीगंग के कुछ मतदाता लोक निर्माण विभाग में दैनिक भोगी के तौर पर काम कर रहे थे। इन्हें नौकरी से हटा दिया गया है। नौकरी से हटाए जाने से खफा इन मतदाताओं ने चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। बीते चुनाव में टाशीगंग का 100 फीसद मतदान का रिकार्ड है। उल्लेखनीय है कि टाशीगंग के मतदाता चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर चुके हैं। उनके



बहिष्कार के ऐलान के बाद शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों सहित स्थानीय प्रशासन की एक टीम ने टाशीगांग का दौरा किया। चुनाव आयोग के निर्देशों पर स्थानीय अधिकारियों की एक टीम जिसमें उप मंडल मजिस्ट्रेट हर्ष नेगी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सहायक अभियंता संजय कुमार के साथ टाशीगंग का दौरा किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को वोट देने के लिए मनाने के लिए उनके साथ बैठक की। उपमंडल अधिकारी हर्ष

> टाशीगांग में मतदान केंद्र पहली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में स्थापित किया गया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 45 मतदाता थे। इनमें से 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता थीं। 2021 में हुए मंडी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में 48 मतदाता थे ,जिनमें 29 पुरुष और 22 महिलाएं शामिल थीं। 2022 के विधानसभा चुनाव में 52 मतदाता थे , जिनमें 30 पुरुष और 22 महिलाएं थीं। इस बार भी 52 मतदाता हैं।

> समुद्र तल से 15256 मीटर की ऊंचाई पर स्थित टाशीगंग के नाराज मतदाताओं को मनाने शुक्रवार को एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष नेगी पहुंचे।

नेगी ने कहा ग्रामीणों की अपनी शिकायतें थीं, हमने उनकी बात सुनी और उन्हें समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने ग्रामीणों से कहा कि उन्हें पिछले दो चुनावों में 100 फीसद मतदान का गौरव प्राप्त हुआ है, हालांकि उन्होंने इसके बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के 13 पूर्व दिहाड़ीदार भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ उपस्थित थे। अधिकारियों ने दिहाड़ी मजदूरों से अलग से मुलाकात की और प्रशासन ने उनसे चुनाव का बहिष्कार न करने को कहा क्योंकि ये गांव 100 प्रतिशत मतदान के लिए जाने जाते हैं। उनसे परंपरा को जीवित रखने के लिए कहा गया। हालांकि ग्रामीणों ने प्रशासन से उनकी नौकरी बहाल करने की मांग की है।

# प्रादेशिकी

## नगर पालिका के द्वारा पकड़ी गई गाय छुड़वाने वाले पर मामला दर्ज

**फर्रुखाबाद,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के आदेश पर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने नगर पालिका के द्वारा पकड़ी गई गायों को छुड़वाने वाले के विरोध केस दर्ज किया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार के ने प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर क्षेत्रान्तर्गत विचरण करने वाले निराश्रित गौवंशो को गौवंश टीम के द्वारा पकड़वाकर कान्हा गौशाला मे सरंक्षित किया जा रहा है। 15 अप्रैल को अथर्व सक्सेना लिपिक के द्वारा अवगत कराया गया कि बेवर रोड पर निराश्रित गौवंशो को पकड़ने का अभियान चलाया गया। स्थानीय निवासी शिशिल त्रिवेदी पुत्र शिवनन्दन त्रिवेदी निवासी निकट नलकूप कोलोनी बेवर रोड के द्वारा अपने गौवंश को जबरन कैटलकेचर से उतार लिया गया। जिससे गाडी के अन्दर बन्द दो अन्य गौवंश भी भाग गए।

# उप्र में 80 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद

■ प्रथम चरण की आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 57.54 प्रतिशत मतदान ■ 1510 मतदेय स्थलों पर की गई थी वीडियोग्राफी की व्यवस्था

**लखनऊ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के प्रथम चरण में आठ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान प्रात: 7.00 बजे से शुरू होकर सायं 6.00 बजे समाप्त हुआ।

इसके साथ 80 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। सायं 5:00 बजे तक जनपदों से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रदेश के 8 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 57.54 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें सहारनपुर में 63.29 प्रतिशत, कैराना में 58.68 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर ने 54.91 प्रतिशत, बिजनौर में 54.68 प्रतिशत, नगीना (अ.जा.) ने 58.05 प्रतिशत, मुरादाबाद में 57.65 प्रतिशत, रामपुर ने 52.42 प्रतिशत और पीलीभीत में 60.23 प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष के 7वें तल पर स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस बताया कि मतदान की प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाए रखे जाने के उद्देश्य के लिए प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु कुल 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन



आयोग तीनों स्तरों पर किया गया। इसके अतिरिक्त 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी। प्रथम चरण के पोस्टल बैलेट मतदान हेतु अर्ह श्रेणियों (85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवाएं तथा मतदान कार्मिक) में 14264 मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट कास्ट किया गया। 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं में जिनके द्वारा पोस्टल बैलेट का विकल्प चुना गया था, उनके घर पर जाकर मतदान दल द्वारा मतदान कराया गया।

प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए जाने के लिए मतदान दल के साथ एक माइक्रो आब्जर्वर तथा वीडियोग्राफर की तैनाती की गई थी एवं प्रत्याशियों को सम्पूर्ण प्रक्रिया को देखने के लिए स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता को भेजने के लिए मतदान दल का शिड्यूल उपलब्ध कराया गया था एवं इस श्रेणी के अर्ह मतदाताओं की सूची भी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराई गई थी। इस मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

इसके अतिरिक्त कुल 27938 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से (ईटीपीबीएस) पोस्टल बैलेट का प्रेषण किया गया। 7943 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 8 सामान्य प्रेक्षक, 5 पुलिस प्रेक्षक तथा 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे। उक्त के अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए थे। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, 1 वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक तथा 1 वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये थे, जिनके द्वारा क्षेत्र में रहकर सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण किया गया। विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा ईमेल के माध्यम से कतिपय शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें जनपद के अधिकारियों से तत्परता से निस्तारण कराते हुए राजनैतिक दलों को ईमेल के माध्यम से अवगत भी कराया गया है।

### अर्द्ध सैनिक बलों को ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई थी। ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चुनाव में सभी 14845 मतदेय स्थलों हेतु मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट तथा अलग-अलग जनपदों में पर्याप्त मात्रा में रिजर्व ईवीएम एवं वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी एवं मतदान के दौरान जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए ईवीएम एवं वीवीपैट को बदलने की कार्यवाही की गई है। जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार मॉक पोल के दौरान कुल 85 बीयू, 184 सीयू एवं 259 वीवीपैट बदले गए एवं मतदान प्रारम्भ होने के पश्चात सायं 5:00 बजे तक कुल 50 बीयू, 50 सीयू एवं 152 वीवीपैट बदले गए। चुनाव पूरी तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया एवं कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल-इंटर की परीक्षा का परिणाम आज

**लखनऊ/प्रयागराज,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल, 2024 को अपराह्न 02:00 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।




परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट upmsp.edu.in तथा एनआईसी की वेबसाइट upresults.nic.in पर देखा जा सकता है। बोर्ड की ओर से इसकी जानकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश को भी दी गई है।

## अमेठी से तीसरी बार नामांकन करेंगी स्मृति ईरानी

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में 29 अप्रैल को तीसरी बार नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। स्मृति ईरानी के नामांकन में आधा दर्जन विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अमेठी जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने बताया कि स्मृति ईरानी 29 अप्रैल दिन सोमवार को गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। नामांकन दाखिल करने से पहले अपने आवास मेदन मेवई में हवन पूजन करेंगी। इसके बाद गौरीगंज नगर में विशाल रोड शो होगा। इसके लिए पूरी भाजपा तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। नामांकन में विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना है। हालांकि अभी तक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम फाइनल नहीं हो सका है। तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। शीघ्र ही नामांकन में पहुंचने वाले अतिथियों एवं नेताओं की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 20 मई को मेदन मेवई के बूथ संख्या 347 पर अपना मतदान भी करेंगी।



- गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट में 29 अप्रैल को नामांकन पत्र करेंगी दाखिल
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कर सकते हैं शिरकत

## सार संक्षेप

### किसान नेता के कार्यालय पर हुई गोलीबारी

**मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गांव नगलाताशी में पांच बाइक पर सवार होकर आए एक दर्जन बदमाशों ने देर रात भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक युवा के जिला अध्यक्ष आकाश सिरोही के कार्यालय पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस दौरान किसान नेता बाल-बाल बच गए, घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इस दौरान कार्यालय के गेट पर चार गोली और तीन से अधिक गोली अंदर कार्यालय में जा लगी। ग्रामीणों के अनुसार लगभग आधा दर्जन से ज्यादा गोली हमलावरों ने हवाई फायरिंग की। गांव नगलाताशी में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक युवा के जिला अध्यक्ष आकाश सिरोही पुत्र कृष्ण पाल सिरोही का कार्यालय है। गुरुवार देर रात किसान नेता अपने कार्यालय पर पहुंचे थे तभी पांच बाइक सवार एक दर्जन से अधिक हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

### बसपा प्रत्याशी के स्कूल व दफ्तर में हुई छापेमारी

**मवाना।** शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान बिजनौर सीट से बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंद्र सिंह के निजी कार्यालय और स्कूल में पुलिस ने छापेमारी कर दी। हालांकि पुलिस को छापेमारी में कुछ नहीं मिला। उधर, बसपा प्रत्याशी ने छापेमारी को लेकर कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह बौखला चुकी है और उन्हें हराने के लिए पुलिस भाजपा की एजेंट बनकर काम कर रही है। उन्हें धमकाया जा रहा है। तीन दिन पहले भी उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले में शिकायत की थी कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी उन्हें टारगेट कर रहे हैं। चुनाव में कमजोर करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। बसपा प्रत्याशी विजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि हस्तिनापुर के बूथ नंबर 45 पर भाजपा कार्यकर्ता अपनी मनमानी कर रहे हैं। बसपा के पोलिंग एजेंट को बूथ से खदेड़ा जा रहा है। प्रत्याशी विजेंद्र सिंह ने पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त और कंट्रोल रूम में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई है। जब इस बारे में जिलाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच में शिकायत फर्जी पाई गई।

### सॉल्वर गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**मेरठ।** एसटीएफने सॉल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस भर्ती परीक्षा के दो प्रश्न पत्र, एक प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल, दो आधार कार्ड और एक बिना नंबर की स्कॉर्पियों कार बरामद की है। टीम ने पूर्व में भी आरोपियों के साथियों को गिरफ्तार किया था जो जेल में हैं। एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के मोदीपुरम फ्लाई ओवर के पास से अजीत कुमार उर्फ अजीत चौहान पुत्र राजदेव चौहान और अजय कुमार चौहान पुत्र त्रिवेदी चौहान निवासी दुहावर बिदोरी थाना नवाडिया जिला जौनपुर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो प्रश्न पत्र, एक प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल, दो आधार कार्ड और एक बिना नंबर की स्कॉर्पियो कार मिली हैं। 17 और 18 फरवरी 2023 को हुई उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराया था। इन आरोपियों के साथियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट से हटाने के मामले ने पकडा तूल

**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। ऊर्जा प्रणाली की दैनिक रिपोर्ट को यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट से हटाने के मामले ने तूल पकडा उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अध्यक्ष पावर कारपोरेशन व प्रबंध निदेशक से की इस मुद्दे पर बात कहा मामला गंभीर 50 साल पुरानी रिपोर्ट को हटाना जांच का विषय इससे हुई है सरकार की छवि धूमिल। जो भी दोषी हो उनको दंडित किया जाना जरूरी। उपभोक्ता परिषद ने कहा 7 अप्रैल को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री खुद ट्वीट कर कर चुके हैं ऐलान की उत्तर प्रदेश का सपना हुआ पूरा गांव शहर सबको मिलने लगी 24 घंटे विद्युत आपूर्ति फिर ऐसे में यूपीएसलडीसीकी साइट से 50 साल पुरानी रिपोर्ट हटाने का क्या मतलब हिंदी में जारी होने वाली इस रिपोर्ट को आसानी से समझता था उपभोक्ता। प्रदेश में ग्रामीण नगर पंचायत तहसील जनपद मंडल बुंदेलखंड महानगर औद्योगिक किसको कितनी बिजली मिल रही है उत्पादन और मांग क्या है अधिकतम डिमांड कटौती अलग-अलग सेक्टर वॉइस उत्पादन इकाइयों द्वारा कितनी बिजली किस दिन उपलब्ध हुई को दर्शाने वाली 50 साल पुरानी दैनिक प्रणाली रिपोर्ट जो हिंदी में बनाई जाती थी जिसको सभी आम उपभोक्ता समझ लें को यूपीएसएलडीसी की वेबसाइट से हटाने का मुद्दा तूल पकड़ता जा रहा है । जबकि इस मामले पर उपभोक्ता परिषद ने निर्देशक यूपीएसएलडीसी को रिपोर्ट तत्काल वेबसाइट पर डालने का अनुरोध भी एक दिन पहले किया था।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट रखे जाने हेतु आईटीआई साकेत में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद में एफएसटी (उड़न दस्ता) एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीमों द्वारा दिनांक 19.04.2024 को 54 लीटर शराब मूल्य अंकन लगभग 14,040 रुपए का जब्तीकरण किया गए। पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा तिरंगा चौक बाजार शास्त्रीनगर में मतदाता जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल एवं पीयूष गोयल ने कहा कि मतदान करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। मतदान सभी नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार है। व्यापारियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। तिरंगा चौक व्यापार संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार गर्ग ने सभी व्यापारियों को



अधिकारियो को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मतदान करने की शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष संजय वर्मा ने समस्त व्यापारियों को मतदान का महत्व बताया। वरिष्ठ कवि शांति स्वरूप गुप्ता ने कविताओं के माध्यम से सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमित गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विपुल सिंघल, अमित कुमार गुप्ता, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, दिनेश गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, सुनील दत्त शर्मा, नरेशन शर्मा, अमित मांगलिक, नवीन चन्द्र अग्रवाल, पंकज कुमार अग्रवाल, प्रदीप आदि उपस्थित रहे। कंकरखेड़ा जटौला गांव में स्वीप आईकॉन सारथी सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा कल्पना पाण्डेय द्वारा महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### सात शिकायतों का किया गया निस्तारण

कलक्ट्रेट बचत भवन में बनाए गए कन्ट्रोल रूम में स्थापित लैण्ड लाईन नम्बर-0121-2664134 एवं टोल फ्री नं.-1950 पर कुल 7 शिकायत प्राप्त हुई, जिनका निस्तारण कर दिया गया। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी, नूपुर गोयल के निर्देशानुसार लोकगीत कलाकार शाहिद रजा, श्रावस्ती कल्चरल पार्टी जनपद श्रावस्ती द्वारा जनपद में भिन्न-भिन्न स्थानों पर लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। शुक्रवार को लिसाड़ी गेट, कांच का पुल, खाट वाले पुल, गोला कुंवा, तहसील, सुभाष बाजार एवं आस-पास लोकगीत सबके पोलिंग बूथ पर मेला लगेंगे, सब मतदाता के भाग्य जगेंगे, बीमार लोग भी जायेंगे वहां ठण्डा पानी सबको मिलेंगे, हर बूथ पर पंखा चार रहेंगे।

## मतदान के दिन भी गेहूं कटाई करते मिला परिवार

**मवाना,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। रबी फ़सल की कटाई शुरू हो चुकी है, खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को काटने के लिए मजदूर मतदान के दिन भी गेहूं कटाई करते मिले। मजदूर परिवार बोला भाई वोट से पेट नहीं भरता। पेट रोटी से भरता है। पूरे साल के लिए परिवार के लिए गेहूं कमाना है। इस कारण दोपहर दो बजे भी परिवार को लेकर खेत में गेहूं काट रहे हैं। गेहूं की फसल कटने का यही सीजन होता है। फसल की एक साथ कटाई शुरू होने के कारण किसानों को खेत कटवाने के लिए मजदूरों के लाले पड़ रहे हैं। आज मतदान महापर्व का दिन है। प्रत्येक नागरिक को अपने मतदान करने का अधिकार हैं। दूसरी ओर मजदूर परिवार मतदान के महापर्व से दूर है। शुक्रवार को मवाना तहसील क्षेत्र के गांव किशनपुर बिराना के



मजदूर परिवार बोला भाई वोट से पेट नहीं भरता

रास्ते पर मजदूर राजबीर अपने पत्नी गुड़िया और दो बेटियों के साथ दोपहर करीब दो बजे गेहूं की कटाई करते मिले। कैमरा चलने पर उनकी बेटी अलग खड़ी हो गई लेकिन दोनों पित-पत्नी ने कहा कि इन दिनों पूरे साल की मेहनत के बाद गेहूं की फ़सल खेतों में खड़ी हुई है।

## मेरठ में भाजपा प्रत्याशी की बढ़ती मुश्किलें

**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। राम भजन गूंज रही मेरठ की गलियों में वीआईपी प्रत्याशी की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। भाजपा ने अभिनेता अरुण गोविल को कैंडिडेट बनाया है यानि वीआईपी छवि के साथ चुनावी समय की सवारी कराई। टीवी धारावाहिक रामायण के राम की छवि पर चुनाव लड़ रहे अरुण की वजह से मेरठ की सीट वीआईपी तो बन गई, लेकिन इनकी एंट्री के बाद मेरठ में कास्ट फैक्टर अहम हो गया है। समीकरण के बीच पहली बार सपा और बसपा ने मुस्लिम कैंडिडेट पर दांव नहीं लगाया। भाजपा के लिए सियासी लड़ाई दोतरफा है। पहली लड़ाई भाजपा को त्यागी-ठाकुर वोटर्स की नाराजगी पर लड़नी है। दूसरी,मुस्लिम कैंडिडेट नहीं होने से हिंदू वोटर का बिखराव रोकने के मोर्चे पर लड़नी है।

## शक्ति रथयात्रा लेकर मेरठ पहुंची जयंत चौधरी की पत्नी

**मेरठ,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी की पत्नी चारु चौधरी शुक्रवार को शक्ति रथ यात्रा लेकर मेरठ पहुंची। यहां उन्होंने कहा कि यह मान सम्मान का चुनाव है। इस बार मेरे हाथ और मजबूत होंगे तो सरकार में आपकी बात उतनी ही मजबूती से रख सकूंगी। इसलिए जिस तरह से दादा चौधरी चरण सिंह और पिता चौधरी अजित सिंह को जिताकर संसद में भेजते रहे हो। उसी तरह जीत का आशीर्वाद चाहिए। चौधरी जयंत सिंह कि पत्नी चारु ने शुक्रवार को बागपत लोकसभा की सिवाल खास विधानसभा क्षेत्र के गांवों में शक्ति रथ यात्रा निकाली। उन्होंने कहा कि बागपत सामान्य सीट नहीं है। आपकी



वजह से इस सीट पर हर किसी की नजर रहती है। इसलिए एक सामान्य और ईमानदार प्रत्याशी के रूप में राजकुमार सांगवान को दिया है।

जिसे आपको संसद में पहुंचाना है। जिससे किसानों, युवाओं की बात ओर मजबूती से रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से ही हम चार-पांच दशक से आपकी सेवा कर रहे हैं।

**चुनाव** *मेरठ जनपद में मतदान शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न*

# सेल्फी प्वाइंट, दिव्यांग बूथ, मॉडल बूथ, पिंक बूथ को मिली सराहना

**मेरठ, 19 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण के दृष्टिगत आज जिला निर्वाचन अधिकारी ने के. के. पब्लिक स्कूल सरधना, उच्च प्राथमिक विद्यालय राडधना वि. क्षेत्र सरधना, सेंट फ्रांसिस प्राईमरी स्कूल सरधना, कार्यालय क्षेत्र पंचायत सरधना, एंग्लो संस्कृत इंटर कालेज मवाना आदि मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।**

■ जिलाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण

उन्होंने मतदान केन्द्रों पर बनाये गए सेल्फी प्वाइंट, दिव्यांग बूथ, मॉडल बूथ, पिंक बूथ आदि को देखा व उसकी सरहाना की। उन्होंने मतदान केंद्रों पर की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन से की गई व्यवस्थाओ के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि बीमार एवं दिव्यांग मतदाताओ को मतदान केन्द्रो पर पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा तथा व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओ के लिए पीने का ठंडा पानी, बैठने की व्यवस्था तथा चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई गई है।

उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मतदान के बाद ईवीएम मशीन सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढ़ग से जमा कराये जाने के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम तथा वहां बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




### बुजुर्ग व दिव्यांग कष्ट झेलते हुए वोट डालने पहुंचे

**मवाना।** बिजनौर लोकसभा क्षेत्र की हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को वोट डलवाने के लिए चुनाव आयोग ने घर पर वोट डालने की स्वीकृति दी थी लेकिन इस विधान सभा क्षेत्र में अनेक ऐसे बुजुर्ग रह गये, जिन्हें वोट डालने को शुक्रवार को अपने बूथों तक परिवारजनों के सहारे से जाना पड़ा। मतदान के दौरान कई ऐसे बुजुर्ग मिले, जिन्होंने फार्म भरा था लेकिन तहसील की टीम उनके घर पर पोस्टल बैलेट पेपर लेकर नहीं पहुंची। हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में चुनाव कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार दिव्यांग मतदाता 3058, 80 साल से अधिक आयु के मतदाता 5992 और 100 साल से अधिक आयु के मतदाता 60 मतदाता है। तहसील रिकार्ड में बैलेट पेपर से डलवाई गई। बैलेट पेपर से मतदान करने वाले वोटों की संख्या केवल 50 रही। इनमें से अधिकांश बुजुर्ग ऐसे रह गये कि बीएलओ ने उनके घर जाकर फार्म तो भरवाया लेकिन बैलेट पेपर लेकर नहीं पहुंचे। मवाना हस्तिनापुर रोड स्थित मोहल्ला हीरालाल में



### आयुक्त व आईजी ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**मेरठ।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण के दृष्टिगत आयुक्त मेरठ मंडल सेल्वा कुमारी जे. तथा आईजी नचिकेता झा द्वारा सरधना विधानसभा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरूद्दीन नगर मढियाई, जवाहर इंटर कालेज राडधना तथा जनता इंटर कालेज खेडा, उच्च प्राथमिक विद्यालय सैफपुर कर्मचंदपुर वि.क्षे हस्तिनापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय रानी नंगला वि.क्षे हस्तिनापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम पलडा, कार्यालय नगर पालिका परिषद सरधना, राष्ट्रीय इंटर कालेज लावड में बने मतदान बूथों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बूथो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होने मतदाताओ से वार्ता भी की। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






देशबन्धु नई दिल्ली, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# जम्मू कश्मीर में छह राजनीतिज्ञों ने अभी तक बनाई है जीत की हैट्रिक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। वर्ष 2004 में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पहले ऐसे युवा नेकांई बने थे जिन्होंने संसदीय चुनाव में हैट्रिक बनाई थी। अब्दुल्ला खानदान के वे पहले सदस्य भी थे हैट्रिक बनाने वाले। हालांकि उनकी दादी अगर दो बार संसदीय चुनाव जीत पाई थी तो अब्बू डा फारूक अब्दुल्ला ने हैट्रिक बनाई थी। वैसे उमर अब्दुल्ला अकेले ऐसे नेता नहीं हैं जिन्होंने जम्मू कश्मीर में हैट्रिक बनाई हो बल्कि 6 अन्य नेता भी संसदीय चुनावों में हैट्रिक बना चुके हैं।



उमर अब्दुल्ला ने पहला संसदीय चुनाव 1998 में लड़ा था। उन्होंने श्रीनगर की खानदानी सीट से किस्मत आजमाई थी। फिर जब 1999 के चुनाव में पुन: इसी संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतरे थे तो यही कहा जाने लगा था कि वे शायद ही जीत पाएं। कारण स्पष्ट था कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के प्रति यही कहा जाता रहा है कि उसने कभी किसी सांसद को दूसरी बार संसद में नहीं भिजवाया था। यही कारण था कि श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से 1977 में उमर की दादी अकबर जहान बेगम ने चुनाव लड़ने के बाद अगला चुनाव अनंतनाग से लड़ा था।

मगर उमर अब्दुल्ला ने इस मिथ्य को तोड़ डाला। वर्ष 2004 में न सिर्फ वे श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार चुनाव जीते हैं बल्कि वे पहले युवा नेकांई भी बने थे जिन्होंने इतनी कम उम्र में ही संसदीय चुनाव में हैट्रिक बनाई थी। हालांकि इससे पहले नेकां के ही सैफुद्दीन सोज बारामुल्ला से हैट्रिक तो बना चुके हैं लेकिन नियमित चुनावों में नहीं बल्कि 1984 और 1989 में विजय पाने वाले सोज को 1996 के चुनाव में लड़ने का मौका ही नहीं मिला था। इतना जरूर है कि उमर अब्दुल्ला, अब्दुल्ला परिवार के प्रथम ऐसे सदस्य बने थे जिन्होंने हैट्रिक बनाई थे। इससे बाद डॉ. फारूक अब्दुल्ला श्रीनगर से एक बार 1980 के चुनाव में जीते थे तो उनकी अम्मी अकबर जहान बेगम दो बार चुनाव जीत चुकी हैं। जबकि डॉ. फारूक

**■ भाजपा के एक, नेकां के तीन, तथा कांग्रेस के दो राजनीतिज्ञ है शामिल**

अब्दुल्ला ने 2009 और 2019 में भी चुनाव जीता था।

रिकार्ड पर एक नजर दौड़ाई जाए तो उमर अब्दुल्ला अगर जम्मू कश्मीर के सबसे कम उम्र के सांसद थे जिन्होंने हैट्रिक बनाई थी तो वे अब्दुल्ला परिवार के पहले सदस्य भी थे। लेकिन इतना जरूर है कि उनके पहले पांच अन्य राजनीतिज्ञ भी हैट्रिक का रिकार्ड बना चुके हैं जम्मू कश्मीर में। इन पांच नेताओं में डॉ. कर्ण सिंह, चमन लाल गुप्ता, मुहम्मद शफी कुरैशी, सैफुद्दीन सोज तथा पी नामग्याल भी शामिल हैं। बकौल आधिकारिक रिकार्ड के, उधमपुर संसदीय क्षेत्र ने जहां दो राजनीतिज्ञों को हैट्रिक बनाने का अवसर प्रदान किया वहीं जम्मू संसदीय क्षेत्र ने ऐसा मौका आज तक किसी को नहीं दिया है। जबकि बारामुल्ला, श्रीनगर, लद्दाख तथा अनंतनाग से एक-एक राजनीतिज्ञ ऐसा रिकार्ड बना चुका है।

उधमपुर संसदीय क्षेत्र ने डॉ. कर्ण सिंह और चमन लाल गुप्ता को यह अवसर प्रदान किया। लद्दाख से पी नामग्याल, अनंतनाग से मुहम्मद शफी कुरैशी, बारामुल्ला से सैफुद्दीन सोज तथा श्रीनगर से उमर अब्दुल्ला हैट्रिक बनाने में कामयाब रहे हैं। इतना जरूर है कि इनमें से डा कर्ण सिंह, चमन लाल गुप्ता, मुहम्मद शफी कुरैशी तथा उमर अब्दुल्ला ने ही लगातार हुए तीन चुनावों में जीत हासिल करते हुए हैट्रिकें बनाई हैं तो सैफुद्दीन सोज तथा पी नामग्याल लगातार ऐसी जीत हासिल नहीं कर पाए। उन्हें दो-दो चुनावों के बाद एक-एक चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।

जम्मू कश्मीर में जिन 6 राजनीतिज्ञों द्वारा अभी तक हैट्रिक बनाई गई है उनके प्रति एक तथ्य यह है कि उनमें भाजपा के एक, नेकां के तीन, तथा कांग्रेस दो राजनीतिज्ञ थे।

# दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र पर हैं केवल 52 मतदाता



**शिमला,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व का सबसे बड़ा मतदान केंद्र हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताशिगांग में स्थित है, जो कि मंडी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। यहां महज 52 मतदाता ही पंजीकृत हैं। सहायक चुनाव अधिकारी हर्ष नेगी ने ये जानकारी दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में ताशिगांग में महज 45 मतदाता थे, जिसमें से 27 पुरुष और 18 महिला मतदाता शामिल थे। 2021 में मंडी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान यहां महज 48 मतदाता ही थे, जिसमें 29 पुरुष और 22 महिला शामिल थे। वहीं, 2022 के विधानसभा चुनाव में 52 मतदाता थे, जिसमें 30 पुरुष और 22 महिला थे। स्पीति घाटी में ताशीगांग 6 महीने तक बर्फ से ढंका रहता है। यहां ऑक्सीजन की कमी होती है। 2019 से पहले सबसे ऊंचा पोलिंग स्टेशन हिक्किम था, जो कि ताशिगांग के पास ही स्थित है।

चुनाव आयोग हर बार एक सेल्फी प्वाइंट के साथ मॉडल मतदान केंद्र यहां स्थापित करता है। ज्यादातर मतदाता पारंपरिक पोशाक पहनकर वोट डालने बूथ पर पहुंचते हैं।

अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि लाहौल-स्पीति जिले में अभी भी कई सारे पोलिंग स्टेशन बर्फ से ढके हैं। दुर्गम इलाका होने की वजह से यहां चुनाव अधिकारियों को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर जिले के अन्य दूरदराज के इलाकों और चंबा जिले के भरमौर के साथ, विशाल मंडी निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है जो राज्य के लगभग दो-तिहाई हिस्से को कवर करता है। स्थानीय लोग बड़े पैमाने पर बौद्ध किसान हैं जो जौ, आलू, गेहूं और काला मटर उगाते हैं। मंडी संसदीय सीट पर प्रदेश की अन्य तीन सीटों के साथ आगामी 1 जून को मतदान होगा।

# गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट त्रिकोणीय मुकाबले में फंसी

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली से सटी होने की वजह से गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट की गिनती हाईप्रोफाइल में होती है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को वैश्विक स्तर पर विकास के मामले में एक पहचान मिली है। भाजपा के लिए यह सीट सबसे आसान मानी जाती है। मतदान के लिए एक सप्ताह का समय रह गया। इस सीट पर चुनावी समीकरण उलझता जा रहा है। विकास के बजाय जातीय समीकरण हावी हो रहा है। इस सीट से भाजपा ने एक बार फिर से डॉ. महेश शर्मा पर भरोसा जताया है, जो हैट्रिक की तैयारी में हैं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉक्टर महेश शर्मा ने भाजपा के टिकट पर यहां पर जीत दर्ज की थी। अगर इस बार भी महेश शर्मा चुनाव जीतते हैं तो वह जीत का हैट्रिक लगाकर संसद पहुंचेंगे। हैट्रिक लगाने के लिए डॉक्टर महेश शर्मा को बसपा और सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी जबरदस्त चुनौती मिल रही है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट साल 2008 में अस्तित्व में आई। इससे पहले इस सीट को खुर्जा लोकसभा सीट के नाम से जाना जाता था। परिसीमन के बाद पहली बार साल 2009 में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई। जिसमें बीएसपी ने जीत हासिल की, उसके बाद से अब तक लगातार भाजपा को जीत मिली है. इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा राजपूत और गुर्जर वोटर्स की संख्या है। उसके बाद ब्राह्मण और मुस्लिम वोटर्स हैं। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश में है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पास है। यह लोकसभा सीट का गौतम बुद्ध नगर और बुलंदशहर जिले में फैला है। इस सीट पर पिछले 2 बार से बीजेपी को जीत मिल रही है।








**■ जैसे-जैसे मतदान नजदीक आ रहा वैसे मुकाबला बन रहा दिलचस्प**

### किस पार्टी ने किसको बनाया उम्मीदवार

एनडीए की तरफ से भाजपा ने इस सीट से महेश शर्मा को तीसरी बार मैदान में उतारा है। महेश शर्मा ने साल 2014 और साल 2019 आम चुनाव में जीत हासिल की है. जबकि इंडिया गठबंधन की तरफ से समाजवादी पार्टी ने इस सीट से डॉ. महेंद्र सिंह नागर को उम्मीदवार बनाया है। उधर, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने राजेंद्र सिंह सोलंकी को मैदान में उतारा है।

### इस सीट का जातीय समीकरण

गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र में करीब 2675148 वोटर है। इसमें से करीब 17 लाख वोटर गांवों में रहते हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा वोटर राजपूत और गुर्जर समुदाय से हैं। जिसमें करीब 4.5 लाख राजपूत वोटर है। जबकि ब्राह्मण वोटर्स की तादाद करीब 4 लाख है। मुस्लिम वोटर्स की संख्या 3.5 लाख और गुर्जर वोटर करीब 4 लाख हैं। इस सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या भी 3.5 लाख है। भाजपा प्रत्याशी को लेकर राजपूत समुदाय में जबरदस्त नाराजगी दिखाई दे रही है। इसका फायदा उठाने के लिए राजपूत समुदाय से बसपा उम्मीदवार राजेंद्र सिंह सोलंकी जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर गुर्जर समुदाय से आते है। वह गुर्जर, मुस्लिम मतदाता को साधने की कोशिश में लगे हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा का सारा दरोमदार शहरी के साथ ब्राह्मण मतदाताओं पर टिका हुआ है।

2019 लोकसभा चुनाव में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 62.7 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो इस लोकसभा सीट पर अभी तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस चुनाव में डॉ. महेश शर्मा ने बसपा प्रत्याशी को 3,36,922 वोटों से हराया था। इस चुनाव में बसपा और सपा का गठबंधन था।

### 5 विधानसभा सीटों का गणित

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं। साल 2022 विधानसभा चुनाव में पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। नोएडा विधानसभा सीट से पंकज सिंह, दादरी से तेजपाल सिंह नागर, जेवर से धीरेंद्र सिंह, सिकंद्राबाद से लक्ष्मी राज सिंह और खुर्जा से मिनाक्षी सिंह विधायक चुनी गईं। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी मूलत सिकंद्राबाद बुलंदशहर के रहने वाले है, इस सीट से विधायक भी रह चुके हैं। उनका मजबूत गढ़ तीनों विधानसभा सीट पर है। भाजपा प्रत्याशी को खुर्जा, सिकंद्राबाद और जेवर विधानसभा पर इस बार बढ़त बनाना आसान नहीं लग रहा है। सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर दादरी विधानसभा के क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस सीट पर गुर्जर मतदाता का अच्छा खासा दबदबा है।

# दौसा के बिगास मतदान केंद्र पर लोगों ने किया मतदान का बहिष्कार

**दौसा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर भारी संख्या में लोग अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन इस बीच यहां दौसा सीट के बिगास मतदान केंद्र पर लोगों ने मतदान का विरोध किया। लोगों ने वोट करने से मना कर दिया है। बता दें कि वोटिंग की शुरुआत सुबह 7 बजे हुई, जिसके बाद थोड़े बहुत लोग मतदान करने पहुंचे, लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि लोगों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया।



दरअसल, लोगों का कहना है कि हिंगोटिया पंचायत से अलग होने के बाद उनका थाना क्षेत्र भी बदल गया, उनकी तहसील भी बदल गई, जिसके चलते उन्हें खुद के और अपने बच्चों के कागजात बनवाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बिगास गांव पहले हिंगोटिया पंचायत में आता था, लेकिन नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत ठिकरिया में जोड़ने के चलते यहां के ग्रामीण मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं, इनका कहना तो यहां तक है कि जब तक इन्हें वापस हिंगोटिया ग्राम पंचायत में नहीं जोड़ दिया जाता, तब तक मतदान का बहिष्कार रहेगा। उधर, जिला प्रशासन की ओर से लगातार ग्रामीणों से वोट करने की अपील की जा रही है, लेकिन उन पर इस अपील का कोई असर पड़ता हुआ नजर नहीं आ रहा है। आलम यह है कि मतदान केंद्र सुने पड़े हुए हैं। ग्रामीण इस बात पर अड़े हुए हैं कि वो किसी भी कीमत पर वोट नहीं करेंगे।

### टिहरी के लंबगांव में ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार

उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटों पर लोग बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, टिहरी से चुनाव बहिष्कार की खबर सामने आई है। टिहरी के नगर पंचायत लंबगांव के वार्ड नंबर तीन और चार में ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। यहां 12 बजे तक सिर्फ एक वोट पड़ा। यहां के ग्रामीण सड़क समेत कई अन्य विकास कार्य नहीं होने से आक्रोशित नजर आए। ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार किया है। चुनाव बहिष्कार की सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम वहां पहुंची और ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। लेकिन, ग्रामीणों ने प्रशासन की नहीं सुनी। अभी भी प्रशासन के लोग ग्रामीणों को मनाने में जुटे हुए हैं। लेकिन, ग्रामीण प्रशासन की बात मानने को तैयार नही हैं।

# बिहार में विदाई से पहले दुल्हन ने किया मतदान

**शेखपुरा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में पहले चरण के तहत शुक्रवार को चार लोकसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। जमुई लोकसभा क्षेत्र में भी मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस बीच, जमुई के शेखपुरा विधानसभा में लोकतंत्र के लिए एक सुखद तस्वीर सामने आई है। विदा होने के पहले एक नई नवेली दुल्हन लाल सुर्ख जोड़े में अपने पति के साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया। दरअसल, शेखपुरा नगर परिषद क्षेत्र के चक दीवान मोहल्ला निवासी सुष्मिता कुमारी का विवाह देर रात प्रदीप कुमार के साथ संपन्न हुआ। सुष्मिता की शुक्रवार सुबह विदाई होनी थी, लेकिन इन्होंने विदाई से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने का फैसला किया। इसके बाद सुष्मिता अपने पति प्रदीप कुमार के साथ शेखपुरा विधानसभा के मतदान केंद्र 68 पर पहुंची और मताधिकार का प्रयोग किया। मतदानकर्मियों और अन्य मतदाताओं ने भी नव दंपति का केंद्र पर स्वागत किया। सुष्मिता ने कहा कि देश और प्रदेश के लिए एक अच्छी सरकार जरूरी है और इसके लिए मतदान करना आवश्यक है।



# चुनाव प्रक्रिया को ज्यादा कुशल, पारदर्शी बनाने के लिए मांगे गए सुझाव

**चंडीगढ़,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। लोक सभा मतदान 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया को और ज्यादा कुशल, पारदर्शी बनाने और मतदाताओं को जागरूक करने और उनके कीमती सुझाव लेने के लिए अपनी किस्म की पहलकदमी के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने शुक्रवार को 'टॉक टू योर सी. ई. ओ. पंजाब' विषय के अंतर्गत फेसबुक लाइव सेशन के दौरान पंजाब के लोगों के साथ बातचीत की।




इस सत्र के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटरों के अलग-अलग सवालों के जवाब दिए और 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनको वोटिंग प्रक्रिया में सक्रियता से हिस्सा लेने की अपील करते हुए चुनाव आचार संहिता के किसी भी तरह का उल्लंघन सम्बन्धी आयोग को रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोक सभा मतदान के दौरान पंजाब की मत प्रतिशतता 65.96 फीसद रही थी और अब लोक सभा मतदान 2024 के दौरान यह लक्ष्य 70 फीसद निश्चित किया गया है।

सिबिन सी ने यह भी बताया कि नौजवान मतदाता अपना मतदाता पंजीयन चार मई, 2024 तक करा सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर को अब तक चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी 1600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही आयोग को सी-विजल एप पर 1059 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 733 सही पायी गयीं और निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 100 मिनटों के अंदर-अंदर 689 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। पंजाब में मतदान के दौरान गर्मी से राहत सम्बन्धी पूछे एक सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसकी तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है और मतदाताओं को अत्यधिक गर्मी से राहत देने के लिये पोलिंग स्टेशनों में मीठे जल (छबील) का प्रबंध किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि वोटरों को गर्मी से राहत देने के लिये हर पोलिंग स्टेशन पर वाटर कूलर, पंखे, बैठने का प्रबंध और शैड होंगे। यदि वोट डालने के लिए पंक्ति में 10 से अधिक लोग लगे होंगे तो बैठने के लिए कुर्सी की सुविधा प्रदान की जाएगी। सिबिन सी ने आगे बताया कि बच्चों के लिए विशेष क्रेच रूम, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग कतारों और हर मतदान केन्द्र पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ ही पोलिंग स्टाफ को मेडिकल किटें भी प्रदान की जाएंगी।

सिबिन सी ने कहा कि हथियार जमा करवाना हर किसी के लिए लाज़िमी नहीं है और लोग अपने सम्बन्धित जिले के उप आयुक्त को हथियार रखने का कारण बता कर इसकी छूट प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य में सरहदी इलाकों और पहचान किये गये संवेदनशील पोलिंग केन्दों की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब पुलिस के इलावा अर्ध सैनिक बलों की 25 कंपनियां राज्य में तैनात की गई हैं, जिनकी संख्या ज़रूरत अनुसार बढ़ायी जा सकती है।

# झारखंड की चार सीटों पर आमने-सामने का मुकाबला

**रांची,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की 14 में से चार लोकसभा सीटों -- खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ चुनावी प्रक्रिया का आगाज हो गया। यहां 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि इन चारों सीटों पर कुल 63 लाख 99 हजार 582 लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। इन चार सीटों में खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम अनुसूचित जनजाति और पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। खास बात यह कि अनुसूचित जनजाति के आरक्षित तीनों सीटों -खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम में महिला वोटरों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है।




देश में लोकसभा के चौथे और झारखंड में पहले चरण की इन चारों सीटों पर होने वाली वोटिंग के जरिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। अब तक जो सियासी परिस्थितियां बनी हैं, उसके मुताबिक इन चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया

**■ खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम अनुसूचित जनजाति, पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित**

**■ तीनों सीटों-खूंटी, लोहरदगा व सिंहभूम में महिला मतों की तादाद पुरुषों से ज्यादा**

गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच आमने-सामने का मुकाबला दिख रहा है। खूंटी सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का मुकाबला कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से होगा। वर्ष 2019 के चुनाव में भी इस सीट पर इन्हीं दोनों के बीच दंगल हुआ था। अर्जुन मुंडा ने मात्र डेढ़ हजार मतों के फासले से कालीचरण को शिकस्त दी थी। सिंहभूम सीट पर दो दिग्गज महिला लीडर- भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला है। झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस सीट पर पिछली बार कांग्रेस के कैंडिडेट के तौर पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा की प्रत्याशी हैं। जोबा मांझी बिहार और झारखंड सरकार में चार बार मंत्री रह चुकी हैं। वह सिंहभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं।

लोहरदगा सीट पर भाजपा ने राज्यसभा के सांसद रहे समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है, जबकि उनके मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है। पलामू सीट पर भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी बीडी राम को लगातार तीसरी बार मैदान में उतारा है।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 3.16 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.90 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 2.46 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.39 प्रतिशत |
| मारुति | 2.20 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.20 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.04 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.93 प्रतिशत |
| एलटी | 0.89 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## वित्त वर्ष 2024 में एंड्रोमेडा का ऋण वितरण 23 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां।) ऋण वितरण नेटवर्क एंड्रोमेडा सेल्स एंड डिस्ट्रीब्युशन प्राइवेट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वितरण 23 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 75,397 करोड़ रुपए रहा, जिसमें आवास ऋण सेगमेंट के शानदार प्रदर्शन का मुख्य योगदान रहा। वित्त वर्ष 2023 में ऋण वितरण 61074 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (को सीईओ) राउल कपूर ने जानकारी देते हुए कहा कि जिस तरह से कारोबार में वृद्धि जारी है उसके मद्देनजर चालू वित्त वर्ष में कंपनी का ऋण वितरण एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आवास ऋण सेगमेंट वित्त वर्ष 2023 के 27,798 करोड़ के मुकाबले 22 प्रतिशत से अधिक बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में लगभग 33,918 करोड़ रुपए रहा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में संपत्ति पर ऋण वितरण लगभग 24,776 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 22,456 करोड़ के मुकाबले 10.33 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ व्यापार ऋण सेगमेंट में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, और वित्त वर्ष 2023 के 5,255 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर 6,927 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा व्यक्तिगत ऋण और अन्य लोन सेगमेंट में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।




- वित्त वर्ष 2023 में 61074 करोड़ रुपए रहा था ऋण वितरण
- भारत के सबसे बड़े ऋण वितरण फर्म के तौर पर उभरी एंड्रोमेडा

**जिस तरह से कारोबार में वृद्धि जारी है उसके मद्देनजर चालू वित्त वर्ष में ऋण वितरण एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचने की उम्मीद है : राउल कपूर**

वर्ष 1991 में सिटी बैंक के डीएसए (डायरेक्ट सेल्स एसोसिएट) के तौर पर स्थापित हुई एंड्रोमेडा भारत के सबसे बड़े ऋण वितरण फर्म के तौर पर उभरी है। कंपनी के विस्तृत ऋण पोर्टफोलियो में गृह ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण, व्यापार ऋण और अन्य ऋण उत्पाद शामिल हैं। ऋणों के अतिरिक्त एंड्रोमेडा (अपनी समूह कंपनियों के माध्यम से) बीमा और म्युक्चुअल फण्ड वितरण भी करती है। इन कार्यों के जरिए कंपनी का उद्देश्य अपने एजेंटों, कर्मचारियों और ग्राहकों को सभी वित्तीय सेवा उत्पाद एक ही जगह पर उपलब्ध कराना है।

कपूर के अनुसार ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी के बावजूद आवास ऋण की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य है। साथ ही डिजिटलीकरण, पहले से तेज स्वीकृति, आसान उपलब्धता और लचीलेपन से व्यक्तिगत ऋण की मांग जबरदस्त वृद्धि आई है। उन्होंने कहा कि एंड्रोमेडा के ऋण पोर्टफोलियो में वित्त वर्ष 2018-19 से वित्त वर्ष 2023-24 के बीच पांच गुने की जबरदस्त वृद्धि देखी गई है और 15,333 करोड़ रुपए की तुलना में 75,397 करोड़ रुपए हो गया है। एक महत्वपूर्ण वृद्धि वित्तीय वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही के दौरान अफोर्डेबल हाउसिंग सेगमेंट में दर्ज हुई, साथ ही वेतनभोगी कर्मचारियों द्वारा बड़ी रकम के व्यक्तिगत ऋण की मांग में भी ऐसी ही वृद्धि देखी गई।

## गर्मी में रिकॉर्ड 9,111 अतिरिक्त फेरे लगाएगी भारतीय रेल

### यात्रियों की सहूलियत के मद्देनजर लिया गया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल ( देशबन्धु)। गर्मियों के मौसम में यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा के लिए भारतीय रेलवे 9,111 फेरों का संचालन करेगी। इसके चलते आम लोगों को काफी सहूलियत होगी।




पिछले साल गर्मियों में जहां कुल 6,369 फेरे थे, वहीं इस बार इसमें 2,742 फेरों की वृद्धि की गई है। भारतीय रेलवे के मुताबिक समस्त जोनल रेल द्वारा देशभर में गर्मियों के मौसम में तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। आंकड़ों के मुताबिक मध्य रेलवे में 488, पूर्वी रेलवे में 254, पूर्व मध्य रेलवे में 1,003, पूर्वी तट रेलवे में 102, उत्तर मध्य रेलवे में 142, पूर्वोत्तर रेलवे में 244, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे में 88, उत्तर रेलवे में 778, उत्तर पश्चिम रेलवे में 1,623, दक्षिण मध्य रेलवे में 1,012, दक्षिण पूर्व रेलवे में 276, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 12, दक्षिण पश्चिम रेलवे में 810, दक्षिणी रेलवे में 239, पश्चिम मध्य रेलवे में 162, पश्चिमी रेलवे में 1878 फेरे लगेंगे। इन सबको मिलाकर कुल 9,111 फेरे लगाए जाएंगे। इसके साथ-साथ भारतीय रेलवे ने गर्मियों के मौसम में जोनल रेल को रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीड़भाड़ को नियंत्रित करने व निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं।

## सिप्ला पर लगाया 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना

**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया। यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था।




## 23 को खुलेगा जेएनके इंडिया का आईपीओ

### कंपनी घरेलू व विदेशी दोनों बाजारों में देती है सर्विस

**अहमदाबाद,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। जेएनके इंडिया लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 23 अप्रैल को खुलेगा। कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा है कि कंपनी का आईपीओ निवेश के लिए 23 अप्रैल मंगलवार को खुलेगा और 25 अप्रैल गुरुवार को बंद होगा। इनिशियल पब्लिक ऑफर के लिए दो रुपए फेस वैल्यू वाले प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 395 से 415 रुपए तय किया है। निवेशक न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं।

इस इश्यू में 300 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू और प्रमोटर शेयरहोल्डर और व्यक्तिगत शेयरहोल्डर से 8,421,052 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। जेएनके इंडिया लिमिटेड प्रोसेस-फायर्ड हीटर, रिफॉर्मर्स और क्रैकिंग फर्नेस (हीटिंग इक्विपमेंट) के प्रोडक्शन का बिज़नेस करती है, जो तेल और गैस रिफाइनरियों जैसे प्रोसेस इंडस्ट्री में जरूरी होता है।



कंपनी के पास थर्मल डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इनस्टॉल और हीटिंग प्रोडक्ट को चालू करने की क्षमता है और कंपनी घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में सर्विस देती है।

### जनवरी-मार्च तिमाही में विप्रो का मुनाफा आठ फीसदी घटा

**बेंगलुरु।** वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में आईटी सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी विप्रो का शुद्ध मुनाफा 7.80 प्रतिशत घटकर 2,834.6 करोड़ रुपए रह गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 3,074.5 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में कंपनी का राजस्व 4.18 प्रतिशत गिरकर 22,208.3 करोड़ रुपए हो गया। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 23,190.3 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया था। कंपनी का आईटी सेवा क्षेत्र का राजस्व 265.74 करोड़ डॉलर रहा।


## गिरावट से उबरकर तेजी के साथ बाजार बंद

**मुंबई,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत नौ समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर आज तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,088.33 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 151.15 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147.00 अंक पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। इससे बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत गिरकर 40,004.52 अंक और स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत फिसलकर 45,433.79 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3903 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2073 में गिरावट जबकि 1717 में तेजी रही वहीं 113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों में लिवाली जबकि 19 में बिकवाली हुई जबकि एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समहों में तेजी का रुख़ रहा। इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 0.31, एफएमसीजी 0.45, वित्तीय सेवाएं 0.83, ऑटो 0.29, बैंकिंग 1.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.78, धातु 0.85 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत मजबूत रहे।




इजराइल के ईरान पर मिसाइल हमला करने के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका में विश्व बाज़ार गिर गया। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.61, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 2.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.99, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.63 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.29 प्रतिशत टूट गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 489 अंक की भारी गिरावट के साथ 71,999.65 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद 71,816.46 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत आगे बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 73,210.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 72,488.99 अंक के मुकाबले 0.83 मजबूत होकर 73,088.33 अंक हो गया। इसी तरह निफ़्टी 134 अंक उछलकर 21,861.50 अंक पार खुला और सत्र के दौरान 21,777.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 3.16, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.90, एचडीएफ़सी बैंक 2.46, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.39, मारुति 2.20, विप्रो 1.92, भारती एयरटेल 1.74, आईटीसी 1.40, टाटा स्टील 1.31, टेक महिंद्रा 1.18, आईसीआईआई बैंक 1.04, एसबीआई 0.81, पावरग्रिड 0.54, एक्सिस बैंक 0.52 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एचसीएल टेक 1.20, नेस्ले इंडिया 1.04, टीसीएस 0.93, एलटी 0.89, टाटा मोटर्स 0.84, इंफ़ोसिस 0.63, एशियन पेंट 0.22 और एनटीपीसी के शेयर 0.14 प्रतिशत कमजोर रहे।

- सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,088.33 अंक पर
- निफ़्टी 0.69 प्रतिशत उछलकर 22,147.00 अंक पर बंद

## इंफोसिस ने जर्मनी की कंपनी इन-टेक का किया अधिग्रहण

**बेंगलुरु,**18 अप्रैल (एजेंसियां)। अगली पीढ़ी की डिजिटल सेवाओं और परामर्श के क्षेत्र में वैश्विक में अग्रणी भारतीय कंपनी इंफोसिस ने जर्मनी की वाहन उद्योग पर केंद्रित इंजीनियरिंग आर-एंड-डी कंपनी इन-टेक के अधिग्रहण की घोषणा की है।

इंफोसिस की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों कंपनियों के बीच इसके लिए एक निश्चित समझौता हो गया है। बयान में कहा गया है कि यह रणनीतिक निवेश इंफोसिस की इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को और मजबूत करने वाला है और इससे वैश्विक ग्राहकों के लिए उनकी डिजिटल इंजीनियरिंग योजनाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन-टेक ऐसे सबसे तेजी से बढ़ते इंजीनियरिंग व अनुसंधान एवं विकास ( आर एंड डी) सेवा प्रदाताओं में से एक है जो ऑटोमोटिव, रेल परिवहन और स्मार्ट उद्योग क्षेत्रों में डिजिटलीकरण को आकार दे रहे हैं। इन-टेक ई-मोबिलिटी, कनेक्टेड और ऑटोनॉमस ड्राइविंग, ईवी, ऑफ-रोड वाहन और रेलरोड के लिए तकनीकी समाधान विकसित करती है। इन-टेक पेशकशों में सिस्टम डिज़ाइन व विशिष्ट सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर सिस्टम का सत्यापन, इन्फोटेनमेंट और अनुभव सत्यापन शामिल हैं।




**दोनों कंपनियों के बीच हो गया समझौता**

### सार संक्षेप

### नारायण मूर्ति के पोते को मिला 4.2 करोड़ का डिविडेंड

**नई दिल्ली।** इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के 5 महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति और अमीर हो गए हैं। एकाग्र रोहन मूर्ति को 4.2 करोड़ का डिविडेंड मिला है। भारत की टेक कंपनी इंफोसिस ने फाइनल और स्पेशल डिविडेंड की घोषणा की है। इंफोसिस के बोर्ड ने 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 20 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के फाइनल डिविडेंड और 8 रुपए प्रति स्टॉक के स्पेशल डिविडेंड की सिफारिश की है। डिविडेंड का भुगतान 1 जुलाई को किया जाएगा। पिछले महीने एक नियामक फाइलिंग के अनुसार, नारायण मूर्ति ने अपने पोते को 240 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर गिफ्ट किए थे। एकाग्र मूर्ति को आईटी प्रमुख में 15 लाख शेयर या 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली। 28 रुपए के कुल डिविडेंड के साथ, एकाग्र मूर्ति को अब 4.2 करोड़ रुपए और मिलेंगे। 77 वर्षीय इंफोसिस के संस्थापक ने ऑफ-मार्केट लेनदेन में अपने पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को शेयर गिफ्ट में दिए थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 643.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त कमी होने से 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले लगातार सात सप्ताह की बढ़त गंवाते हुए 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.5 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 564.7 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 9.3 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.5 करोड़ डॉलर कम होकर 4.6 अरब डॉलर रह गया।

### लागत में कटौती के लिए गूगल फिर करने लगी छंटनी

**नई दिल्ली।** लागत में कटौती के लिए तकनीक दिग्गज गूगल नए सिरे से छंटनियां कर रही है। कंपनी अपने वित्त विभाग में परिचालन को अनुकूल करने के लिए ऐसा कर रही है। मगर सूत्रों ने बताया कि मौजूदा छंटनी कंपनी की निरंतर पुनर्गठन कवायद का हिस्सा है और इसका भारत के कर्मचारियों पर न के बराबर असर होगा। सूत्र ने कहा कि यह प्रक्रिया चल रही है और यह गूगल के आंतरिक पुनर्गठन का एक हिस्सा है। इसका शायद ही कोई असर हो। रॉयटर्स की एक खबर के मुताबिक गूगल के एक प्रवक्ता ने बताया कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं हुई।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 19 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट गिरकर 4055 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की गिरावट के साथ 43.93 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## 'नेस्ले' की बढ़ेगी परेशानी, एनसीपीसीआर हुआ सख्त

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। एफएमसीजी कंपनी नेस्ले पर अपने बेबी फूड्स प्रोडक्ट्स में अधिक मात्रा में चीनी मिलाए जाने की रिपोर्ट के बाद अब मुसीबत बढ़ रही है।

दरअसल, जो रिपोर्ट नेस्ले के उत्पाद को लेकर सामने आई है, उसके अनुसार भारत सहित एशिया और अफ्रीका के देशों में बिकने वाले बच्चों के दूध और सेरेलेक जैसे फूड प्रोडक्ट्स में कंपनी अतिरिक्त शक्कर और शहद मिलाती है। इससे पहले भारत सरकार ने हेल्थ ड्रिंक्स के नाम पर बेवरेज बेचने को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया। सरकार ने अपने एक्शन में बताया था कि बाजार में अब बॉर्नविटा जैसे तमाम ड्रिंक्स ई-कॉमर्स साइट पर हेल्थ ड्रिंक्स के नाम से नहीं बेचे जा सकेंगे। हेल्थ ड्रिंक्स को लेकर उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को एक एडवाइजरी जारी की और कहा कि बॉर्नविटा और दूसरे बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक कैटेगरी में ना रखा जाए।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने अब नेस्ले को लेकर जो रिपोर्ट आई है उस पर एफएसएसएआई के सीईओ जी कमला वर्धन रॉ को पत्र लिखा है।




- अब ड्रिंक्स ई-कॉमर्स साइट पर हेल्थ ड्रिंक्स के नाम से नहीं बेचे जा सकेंगे
- उद्योग मंत्रालय ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को जारी की एडवाइजरी

बता दें कि एनसीपीसीआर ने सीपीसीआर अधिनियम, 2005 की धारा के तहत निर्मित शिशु खाद्य उत्पादों में पाई जाने वाली चीनी सामग्री के बारे में मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। इसमें नेस्ले पर आई रिपोर्ट के अनुसार इस कंपनी द्वारा निर्मित बेबी उत्पादों में अतिरिक्त शर्करा हो सकती है, जो संभावित रूप से शिशुओं और छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है।

ऐसे में शिशुओं की सुरक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं के लिए, यह आवश्यक है कि शिशु आहार पोषण गुणवत्ता और सुरक्षा के सख्त मानकों को पूरा करे। ऐसे में इन चिंताओं को ध्यान में रखकर एनसीपीसीआर ने खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण भारत सरकार से शिशु आहार उत्पादों में चीनी की व्यापक समीक्षा करने को कहा है और इस पर आयोग से जानकारी प्रदान करने की भी मांग की है।

पत्र में लिखा गया है कि यह जांचने का अनुरोध किया जाता है कि उल्लिखित कंपनी के उत्पाद प्रमाणित हैं या नहीं, इसके साथ ही एफएसएसएआई के प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही आयोग को शिशु खाद्य उत्पादों के लिए मानक दिशा-निर्देश प्रदान करने को भी कहा गया है।

# खेल जगत

## 22026 तक जर्मनी के मुख्य कोच बने रहेंगे जूलियन नगेल्समैन

**बर्लिन।** जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नगेल्समैन ने यूएसए, कनाडा और मैक्सिको में फीफा विश्व कप 2026 के समापन तक राष्ट्रीय टीम के कोच बने रहने के लिए अपने कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ा लिया है। जर्मन फुटबॉल एसोसिएशन ने यह जानकारी दी। नगेल्समैन को सितंबर 2023 में हांसी फ्लिक के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। 36 वर्षीय का पिछला अनुबंध यूरो 2024 के बाद समाप्त होने वाला था, जिसकी मेजबानी जर्मनी 14 जून से करने वाला है। जूलियन नगेल्समैन ने कहा कि मैंने यह निर्णय अपने दिल से लिया। राष्ट्रीय टीम को प्रशिक्षित करने और देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ काम करने में सक्षम होना एक बड़ा सम्मान है।



# हैदराबाद के विजय रथ को रोक चौथी जीत के मकसद से उतरेगी दिल्ली

## खलील, इशांत, मुकेश व कुलदीप यादव लेंगे हैदराबाद के बल्लेबाजों का इम्तिहान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (देशबन्धु)। भयंकर कार हादसे से उबर फिट हो करीब डेढ़ बरस बाद अपने जीवट से क्रिकेट मैदान

■ दिल्ली को जीतना है तो ऋषभ, स्टब्ज, पृथ्वी व फ्रेजर को खेलनी होंगी बड़ी पारियां

■ हेड, अभिषेक, क्लासेन व मरक्रम से दिल्ली को चौकस रहने की जरूरत



पर कामयाब वापसी करने वाले ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स अपने छह में अब लगातार तीन कुल चार मैच जीतने वाली ट्रेविज हेड व अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी से सज्जित सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के विजयरथ को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 क्रिकेट में शनिवार को रोक आठ मैचों में लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत के साथ अपनी स्थिति मजबूत करने के मकसद से उतरेगी। कप्तान ऋषभ पंत ने गजब के जज्बे से मैच दर मैच बेहतर प्रदर्शन कर दो अर्द्धशतक जड़ और बतौर विकेटकीपर जिस फुर्ती से खासतौर पर कैच लपकने के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव की गेंदों पर स्टंप किया उससे दिल्ली कैपिटल्स को मौजूदा आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगी है। आईपीएल के तुरंत बाद वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज जगह पाने के त्रिकोणीय संघर्ष में केएल राहुल व संजू सैमसन के रूप में मौजूदा त्रिकोणीय संघर्ष में ऋषभ पंत मैच को अपने दम पलटने की कूवत के कारण सबसे आगे चल रहे हैं। ऋषभ पंत मौजूदा संस्करण के बाकी मैचों में भी खासतौर पर बल्ले से दमदार प्रदर्शन कर अपनी दावेदारी मजबूत करने का कोई मौका कतई गंवाना नहीं चाहेंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद की ताकत उसके लिए एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज ट्रेविज हेड(5 मैच, कुल 235 रन) और लगातार सधा प्रदर्शन करने वाले तीन अर्द्धशतक जड़ चुके बेहतरीन फिनिशर विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन (253 रन), अपने नए विस्फोटक अवतार में नजर आ रहे एक-एक अर्द्धशतक जड़ चुके अभिषेक शर्मा (कुल 211 रन) और एडन मरक्रम (कुल 159 रन) के साथ अब्दुल समद जैसे फिनिशर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मौजूदा सीजन में अपने पहले मैच में उतरने से पहले सबसे अच्छी बात यह है कि उसके बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद(दस विकेट), अनुभवी इशांत शर्मा (छह विकेट), ऑनरिक नोकिया (छह विकेट) के चोट के बाद फिट होकर वापसी करने अब तक चार चार मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(छह विकेट) के साथ अक्षर पटेल (पांच विकेट) रंग में आ गए हैं और ये सभी सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों का कड़ा इम्तिहान लेंगे।

## हम कोटला को अपने लिए किला बनाना चाहते हैं : पोंटिंग

**नई दिल्ली।** अपनी दो शानदार जीतों के साथ, उत्साही जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की हैट्रिक पूरी करने के इरादे से शनिवार को उतरेगी। सीज़न में पहली बार दिल्ली में घरेलू मैच खेलने के बारे में बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि हम वास्तव में वापस आने के लिए उत्साहित हैं। यह घरेलू मैदान है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह एक किला बन जाए। जब विपक्षी टीमें यहां आती हैं तो हम यहां आने के लिए उत्साहित होते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम कल अपने घरेलू अभियान की अच्छी शुरुआत कर सकेंगे। पिच के बारे में बात करते हुए उन्होंने आगे कहा, डब्ल्यूपीएल के पीछे, हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हमारे पास कुछ घास हो और विकेट संभावित रूप से पिछले कुछ वर्षों में हमारे लिए थोड़ा बेहतर खेल सकें।

# जब गेंद हरकत कर रही होती है, तो उसका पूरा फायदा उठाना चाहता हूं : बुमराह



**मुल्लांपुर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के एक रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को 9 रन से हरा दिया, जिसके बाद मुंबई के तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उनका लक्ष्य हमेशा गेंद से अपना प्रभाव छोड़ना रहा है। जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ओवर में रिली रोसौव और सैम करन को आउट किया। साथ ही शशांक सिंह को आउट करके अपने चार ओवर को 3-21 के दमदार स्पैल के साथ खत्म किया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बुमराह, अब आईपीएल 2024 में सात मैचों में 13 विकेट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

बुमराह ने यह भी स्वीकार किया कि ऐसे प्रारूप में गेंदबाज बनना थोड़ा मुश्किल है, जहां पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में अधिक झुका हुआ है लेकिन उन्हें लगता है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खुद का समर्थन करना आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की कुंजी है। गुरुवार की पंजाब के खिलाफ 9 रन की जीत का मतलब यह भी है कि पांच बार की चैंपियन एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

# ग्रेटर नोएडा खेल महोत्सव के प्रथम संस्करण का रंगारंग शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। द मंथन स्कूल, ग्रेटर नोएडा में ग्रेटर नोएडा खेल महोत्सव के प्रथम संस्करण की रंगारंग शुरुआत खेलो इंडिया के निदेशक अरुण कुमार गुप्ता, द्रोणाचार्य अवार्डी डॉ. अजय बंसल, मेजर जनरल दिलावर सिंह की उपस्थिति में हुई। मुख्य अतिथि खेलों इंडिया के निदेशक अरुण गुप्ता ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में एक व्यक्ति जीतता है और बाकी सब सीखते है, इस तरह के आयोजन से जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का मौक़ा दिखाने का अवसर मिलता है। आज देश खेलों के क्षेत्र में एक लम्बी छलांग लगाने के लिए तैयार है और उस सबकी नींव इसी तरह के आयोजनों से बनती है। द्रोणाचार्य अवार्डी (हॉकी) डॉ. ए.के. बंसल और मेजर जनरल दिलावर सिंह ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहन और समर्थन के अपने शब्दों से प्रेरित किया। इस अवसर पर मंथन स्कूल की प्रिंसिपल पूनम कुमार मेंदीरत्ता, मंथन स्कूल की सीओओ पूजा खुराना और पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने समावेशिता और सौहार्द का माहौल स्थापित करते हुए सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

# एक-दूसरे को नॉकआउट करने उतरेंगे चेन्नइयन एफसी और एफसी गोवा



इंडियन सुपर लीग

**फतोर्दा, गोवा,** 19 अप्रैल (एजेंसियां) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 के प्लेऑफ का रोमांच चरम पर होगा, जब एफसी गोवा शनिवार शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) फतोर्दा स्टेडियम में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए कमर कस चुकी हैं, क्योंकि विजेता सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

**हालिया फॉर्म :** गौर्स ने अपने 22 मैचों में 45 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर रहकर लीग चरण को समाप्त किया। गौर्स अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार जीतकर इस मैच में उतर रहे हैं। आईएसएल में रविवार को दोनों के बीच पिछले मुकाबले में एफसी गोवा ने चेन्नइयन एफसी को 4-1 से हराया था। दूसरी ओर, एफसी गोवा के खिलाफ झटका लगने के बावजूद, चेन्नइयन एफसी ने पूरे सीजन में जोरदार प्रदर्शन करके प्लेऑफ में जगह बनाई। चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं और विरोधियों के लिए कड़ी चुनौती पेश करने के लिए तैयार हैं।

**क्या है दांव पर?**

**एफसी गोवा :** एफसी गोवा ने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ पिछले छह मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और उनमें से चार जीत में उसने क्लीन शीट बरकरार रखी है। गौर्स ने मरीना मचान्स के खिलाफ अपने पिछले 14 मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। चेन्नइयन एफसी के खिलाफ उनके 52 गोल आईएसएल में किसी भी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा गोल हैं। उन्होंने दोनों के बीच पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था और सभी आगामी मैच में ऐसे प्रदर्शन के साथ आतिशबाजी की उम्मीद कर रहे होंगे।


**चेन्नइयन एफसी :** गौर्स के खिलाफ पिछला मैच हारने से पहले, चेन्नइयन एफसी ने आईएसएल में अपने तीन आखिरी मुकाबलों में से प्रत्येक में दो या अधिक गोल किए थे। मरीना मचान्स एफसी गोवा के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित रहते हैं।

# आकांक्षा विश्व चैम्पियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग स्क्वैश के क्वार्टर फाइनल में हारीं




**कुआलालंपुर,** 19 अप्रैल (एजेंसियां) भारत की आकांक्षा सालुंखे कुआलालंपुर में विश्व चैम्पियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग स्क्वैश स्पर्धा के महिला क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की सहवीत्रा कुमार से हार गईं। विश्व नंबर 71 आकांक्षा, 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन, मैदान में अकेली भारतीय हैं और उन्हें दूसरी वरीयता दी गई है। लेकिन महिला वर्ग में 5,050 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता में निचली रैंकिंग वाली सहवीत्रा ने उन्हें परेशान किया, जिन्होंने 34 मिनट में 11-6, 11-5, 11-8 से जीत दर्ज की। इससे पहले गुरुवार को आकांक्षा ने विश्व चैम्पियनशिप एशियाई क्वालीफाइंग स्क्वैश स्पर्धा के महिलाओं के पहले दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से हराया था। क्वालीफायर के पुरुष और महिला विजेता अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में स्थान अर्जित करेंगे।

# स्पेनिश पैरा बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सुकांत कदम



**विक्टोरिया,** (स्पेन), 19 अप्रैल (एजेंसियां)। शीर्ष पैरा शटलर सुकांत कदम स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका सामना हमवतन अभिजीत सखूजा से होगा। सुकांत ने जर्मनी के निल्स बोइनिंग पर आसान जीत के साथ टूर्नामेंट की मजबूत शुरुआत की। यह मैच, जिसमें पूरी तरह से भारतीय का दबदबा था, केवल 26 मिनट तक चला और स्कोर 21-11, 21-15 रहा। ग्रुप सी के दूसरे मैच में सुकांत ने फ्रांस के पियरे डेलसोल को 23 मिनट में सीधे गेमों में 21-10, 21-9 से हराकर राउंड 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। प्री-क्वार्टर फाइनल में सुकांत का डेनमार्क के मैड्स वोइगट एरिक्सन के साथ कड़ा मुकाबला था। पहला गेम डेन खिलाड़ी के पक्ष में गया। भारतीय शटलर ने आखिरी 2 गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी और 19-21,21-13, 21-14 से मुकाबला जीत लिया।

# सेल ने ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट भी जीता



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल, (एजेंसियां) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 15 से 18 अप्रैल तक भोपाल में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट - 2024 जीतने का गौरव हासिल किया है। इससे पहले हाल ही में ऑल इण्डिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा भुवनेश्वर में आयोजित आल इण्डिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम को हराकर सेल चैंपियन बनकर उभरा था। सेल ने ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में ऑयल इंडिया को 3-0 से हराकर, इस टूर्नामेंट में चैंपियन का खिताब हासिल किया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ पब्लिक सेक्टर यानि सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल और नाल्को ने भाग लिया। सेल द्वारा लगातार जीती गई ट्रॉफियां, खेल और एथलेटिक प्रतिभाओं को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने के प्रति कंपनी के निरंतर समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। कंपनी देश की उभरती खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर कई खेल अकादमियों को चलाती और उनका संचालन करती है।

# सिराज को तैयारी और खेल के समय के संबंध में अपना क्षेत्र ढूंढने की जरूरत है : जहीर





**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (एजेंसियां) आईपीएल 2024 में, मोहम्मद सिराज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए विकेटों में नहीं रहे हैं और भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में वापस आने के लिए तैयारी और खेल के समय की शर्तों के संबंध में यह उनके लिए अपना जोन ढूंढने की जरूरत है। आईपीएल 2023 में सिराज ने 14 मैचों में 19.73 की औसत और 7.5 की इकोनॉमी रेट से 19 विकेट लिए, जिसमें पावर-प्ले में दस विकेट आए। लेकिन मौजूदा टूर्नामेंट में सिराज उन ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच पाए हैं, उन्होंने छह पारियों में 57.25 की औसत और

■ आईपीएल 2023 में सिराज ने 14 मैचों में 19.73 की औसत और 7.5 की इकोनॉमी रेट से 19 विकेट लिए

10.40 की इकोनॉमी रेट से चार विकेट लिए हैं। उनकी पावर-प्ले संख्या में भी गिरावट आई है और वह 12.3 की इकॉनमी रेट से केवल एक विकेट ले पाए हैं। सिराज को इस हफ्ते की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के मैच से भी बाहर कर दिया गया था, लेकिन जहीर को लगता है कि सिराज को वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह के साथ साझेदारी करनी होगी। सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जो बहुत अच्छा कर रहा है और यह अभी प्रारूप की मांग है कि कभी-कभी, किसी को भी परेशानी हो सकती है। यह टीमों के गेम न जीतने का नतीजा भी हो सकता है और बात सिर्फ इतनी है कि इसकी निराशा आप तक पहुंच रही है, जिससे आप प्रक्रियाओं से दूर जा रहे हैं। लेकिन उसके लिए, यह जितना संभव हो उतना सरल होगा अगर उसे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में वापस आने की जरूरत है। उसे विकेटों के बारे में सोचना होगा, उन स्टंप्स पर आक्रमण करना होगा, जितनी तेज़ हो सके गेंदबाजी करनी होगी, शुरुआती स्विंग की तलाश करनी होगी - यह सब जो हमने देखा है वह उसकी सफलता के फॉर्मूले का हिस्सा है। आईपीएल 2024 के स्ट्रीमिंग पार्टनर जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ जहीर ने चुनिंदा वर्चुअल इंटरेक्शन में कहा कि उनके लिए, यह तैयारी, खेल के समय और तुरंत वहां पहुंचने के संबंध में उस क्षेत्र को फिर से ढूंढने के बारे में है। मुझे अभी भी लगता है कि उसे टी20 विश्व कप का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि शमी उपलब्ध नहीं है, यह एक निश्चित संसाधन का उपयोग करने के बारे में हो जाता है और

# मेघा प्रदीप ने एशियाई नौकायन चैंपिययनशिप में जीता कांस्य पदक



एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024

**टोक्यो,** 19 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की मेघा प्रदीप ने एशियाई कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप 2024 में महिलाओं की सी1 500 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जापान के टोक्यों में आयोजित चैंपियनशिप में मेघा प्रदीप ने 2:28.027 का समय लेकर तीसरा स्थान पर रही। वियतनाम की डीप थू हुआंग (02:18.178) और कजाकिस्तान की उलियाना किसेलेवा (02:26.645) ने क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। अन्य स्पर्धा में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम पुरुषों के सी2 - 500 मीटर फाइनल में छठे स्थान पर रहे और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा प्राप्त करने से चूक गए। अर्जुन और सुनील ने नौकायन स्पर्धा में 1:49.237 समय में पूरी की। वह इस स्पर्धा को जीतने वाले कजाकिस्तान के सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव से 5.024 सेकंड पीछे रहे। सर्गेई येमल्यानोव और तिमुर खैदारोव ने 1:44.213 समय में स्पर्धा जीती। महिलाओं की के2 500 मीटर स्पर्धा में पार्वती गीता और सोनिया देवी फिरेम्बम ने 2:04.807 का समय के साथ आठवें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा को चीन की शिमेंग यू और यूल चेन की जोड़ी ने जीता। पुरुषों की के2 500 मीटर ओलंपिक वर्ग स्पर्धा में रिम्सन मैरेम्बम और हर्षवर्धन सिंह शक्तावत सेमीफाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। भारत की नेहा देवी लीचोनबाम और कावेरी ने महिलाओं के सी2 500मीटर फाइनल में प्रतिस्पर्धा की लेकिन अयोग्य घोषित कर दिया गईं। नाओचा सिंह लैटनजाम ने पुरुषों की के1 200 मीटर गैर-ओलंपिक श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की, लेकिन फाइनल में जगह नहीं बना सके। भारतीय दल के वरिंदर सिंह (पुरुषों की के1 1000 मीटर) और ज्ञानेश्वर सिंह फिलम (पुरुषों की सी1 1000 मीटर) स्पर्धा में शनिवार को अपनी स्पर्धा करेंगे। फाइनल रविवार को खेला है। प्रोहित बरोई और पार्वती गीता शनिवार को गैर-ओलंपिक मिश्रित के2 500 मीटर फाइनल में हिस्सा लेंगे।

## सार संक्षेप

### 22026 तक जर्मनी के मुख्य कोच बने रहेंगे जूलियन नगेल्समैन

**बर्लिन।** जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नगेल्समैन ने यूएसए, कनाडा और मैक्सिको में फीफा विश्व कप 2026 के समापन तक राष्ट्रीय टीम के कोच बने रहने के लिए अपने कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ा लिया है। जर्मन फुटबॉल एसोसिएशन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नगेल्समैन को सितंबर 2023 में हांसी फ्लिक के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। 36 वर्षीय का पिछला अनुबंध यूरो 2024 के बाद समाप्त होने वाला था, जिसकी मेजबानी जर्मनी 14 जून से करने वाला है। जूलियन नगेल्समैन ने कहा कि मैंने यह निर्णय अपने दिल से लिया। राष्ट्रीय टीम को प्रशिक्षित करने और देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ काम करने में सक्षम होना एक बड़ा सम्मान है। सफल, जोशीले प्रदर्शन के साथ, हमारे पास पूरे देश को प्रेरित करने का मौका है।

### 12 भारतीय निशानेबाज ओलंपिक कोटे के लिए दोहा में करेंगे स्पर्धा

**दोहा।** भारत के 12 निशानेबाज शुक्रवार से शुरु हुई आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक को कोटा हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में टोक्यो ओलंपियन मैराज अहमद खान और अंगदवीर सिंह बाजवा, जो पूर्व एशियाई चैंपियन भी हैं, शीराज शेख के साथ पुरुषों की स्कीट में भारत की चुनौती का सामना करेंगे। महिलाओं की स्पर्धा में गनेमत सेखों पर सबकी निगाहें होंगी। अनुभवी विवान कपूर, ज़ोरावर सिंह संधू और पृथ्वीराज टोंडिमन पुरुषों के ट्रैप में तीनों ओर से एक मजबूत चुनौती पेश करेंगे। मनीषा कीर और श्रेयसी सिंह से महिलाओं स्पर्धा में भारत को उम्मीद है। इस स्पर्धा में भारत प्रत्येक वर्ग में तीन निशानेबाज उतारेगा।

### पिस्टल निशानेबाज ईशा, भावेश ने ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन शीर्ष स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** यहां ओलंपिक चयन ट्रायल 1 और 2 राइफल/पिस्टल के पहले दिन की समाप्ति पर ईशा सिंह ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत ने पुरुषों के 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल ओएसटी टी1 क्वालीफिकेशन में अपने सटीक और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं, जो दूसरे स्थान पर रहीं। मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं जबकि अभिदन्या पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के आरएफपी टी2 में, भावेश (580) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।